09 जून, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 229

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


एनडीए की मजबूती के लिए मेरी पार्टी बिहार की 243 सीटों पर लड़ेगी : चिराग पासवान



## पाकिस्तान को भारी पड़ने लगी भारत की नकल

# पाकिस्तान की भारी फजीहत

- अमेरिका ने पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल को घेरा
- डॉ शकील अफरीदी को रिहा करने की मांग रखी

एजेंसी

**वाशिंगटन।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को विदेश भेज कर अपना पक्ष रखा था। इसकी नकल करते हुए पाकिस्तान ने भी अपनी टीम को विदेश में भेजा है, लेकिन अब विदेश में इस दल की फजीहत हो रही है। बिलावल भुट्टो के नेतृत्व में अमेरिका पहुंचे इस दल को तीखे सवालों का सामना करना पड़ा। एक अमेरिकी सांसद ने पाकिस्तानी टीम से लादेन को मारने में अमेरिका की मदद करने वाले डॉक्टर शकील अफरीदी को जेल से रिहा करने के लिए सरकार पर दवाब बनाने के लिए कहा है। वहीं वाशिंगटन में मौजूद शशि थरूर ने भी अमेरिकी सांसद के इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

सोशल मीडिया पर अपनी बात रखते हुए अमेरिकी सांसद शेरमैन ने कहा, मैंने पाकिस्तानी दल से आग्रह किया है कि वह अपनी सरकार पर डॉक्टर शकील अफरीदी को रिहा करने का दबाव बनाये, क्योंकि पाकिस्तानी सरकार ने शकील को इस आरोप में जेल में बंद करके रखा है कि उसने संयुक्त राज्य अमेरिका को लादेन का ठिकाना बताया था। डॉक्टर अफरीदी को रिहा करना 9/11 के पीड़ितों को एक बड़ी श्रृद्धांजलि होगी।

**थरूर ने भी जम कर लगायी लताड़ :** अमेरिका सांसद के इस पोस्ट को रिट्वीट करते हुए भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले शशि थरूर ने भी पाकिस्तान को जम कर लताड़ लगायी।

उन्होंने लिखा, सांसद शैरमैन ने एक स्वागत योग्य जानकारी याद दिलायी है। पाकिस्तान वह देश है, जिसने न केवल आतंकवादी मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन को छिपा रखा था, बल्कि इस मुद्दे पर अमेरिकियों की मदद करने वाले एक बहादुर डॉक्टर को भी गिरफ्तार किया और उसे अभी तक जेल में डाल रखा है। पाकिस्तान में आपको आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए तो इनाम दिया जाता है, लेकिन अगर आप उसके खिलाफ हैं, तो आपको सजा दी जाती है।

**कौन हैं डॉक्टर शकील :** बता दें कि डॉक्टर शकील अफरीदी एक पाकिस्तानी डॉक्टर हैं, जिन्होंने अलकायदा प्रमुख कुख्यात ओसामा बिन लादेन की जानकारी अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआइए को दी थी। इसके बाद अमेरिकी सेना ने खुफिया मिशन चलाकर लादेन को मौत के घाट उतार दिया था।

## पाक के नूर खान एयरबेस पर अमेरिका का नियंत्रण!

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में एक नया सुरक्षा विवाद खड़ा हो गया है। देश के प्रसिद्ध सुरक्षा विश्लेषक इम्तियाज गुल ने यह सनसनीखेज दावा किया कि रावलपिंडी स्थित नूर खान एयरबेस पर अमेरिका का नियंत्रण है। यह दावा ऐसे समय सामने आया है, जब हाल ही में भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत इसी एयरबेस को निशाना बनाया गया था। गुल का कहना है कि रणनीतिक रूप से अत्यंत संवेदनशील इस एयरबेस पर अमेरिकी विमानों की नियमित मौजूदगी देखी गयी है और पाकिस्तान के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को भी इस बेस में हस्तक्षेप की इजाजत नहीं है। यह स्थिति पाकिस्तान की संप्रभुता, पारदर्शिता और सैन्य स्वायत्तता को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े करती है।

इम्तियाज गुल द्वारा साझा किये गये एक वायरल वीडियो में दावा किया गया है कि नूर खान एयरबेस अब पाकिस्तान के नहीं, बल्कि अमेरिका के नियंत्रण में है। उनका आरोप है कि यह स्थिति किसी अघोषित समझौते का नतीजा है, और न तो संसद और न ही जनता को इस बारे में कोई जानकारी है। उनका यह बयान भारत के हालिया सैन्य जवाबी कार्रवाई के बाद सामने आया, जिसने इस दावे को और अधिक राजनीतिक रूप से विस्फोटक बना दिया है। यह एयरबेस पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय और रणनीतिक योजना डिवीजन (एसपीडी) के बेहद करीब है। इसके अलावा परमाणु हथियारों की कमान संभालने वाले डिवीजन से इसकी निकटता इसे और संवेदनशील बनाती है।

### आजाद सिपाही ने 15 मई को ही बता दिया था




आजाद सिपाही ने 15 मई के अंक में अपने लोकप्रिय स्तंभ 'विशेष' में 'पाकिस्तान का डर्टी बम खोल रहा किराना हिल्स के डर्टी सीक्रेट्स!' शीर्षक से एक विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित की थी। विशेष संवाददाता राकेश सिंह द्वारा लिखी गयी इस रिपोर्ट में बताया गया था कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान कैसे भारत के ब्रह्मोस मिसाइल ने रावलपिंडी के पास स्थित नूर खान एयरबेस को तबाह कर दिया था। यह एयरबेस वास्तव में उसी किराना हिल्स में है, जहां पाकिस्तान के परमाणु हथियार रखे हुए हैं। यह पूरा इलाका वास्तव में अमेरिका के नियंत्रण में है।

### भारत के एयरबेस पर हमले के पाक के दावे की खुली पोल

नयी दिल्ली। आदमपुर एयरबेस पर हमला करने और वहां खड़े सुखोई विमान को नुकसान पहुंचाने के पाकिस्तानी दावे की पोल खुल गयी है। इसके साथ ही उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मुंह दिखाने लायक नहीं बचे हैं। जियो पॉलिटिकल एक्सपर्ट डेमियन साइमन ने एक्स पर तस्वीरों के साथ पाक के दावे का फैक्ट चेक किया है। उन्होंने लिखा, रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि पाकिस्तान ने पंजाब के आदमपुर एयरबेस पर हमला किया और सुखोई विमान को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने पाकिस्तान ने संघर्ष से दो महीने पहले मार्च 2025 में ली गयी एक सैटेलाइट तस्वीर शेयर की है, जिसमें मिग-29 का रखरखाव चल रहा था और इंजन टेस्ट पैड के पास दिखाई देने वाली काली कालिख आम बात है। यह कोई संघर्ष में हुआ नुकसान नहीं है। इस तरह डेमियन ने भी साफ कर दिया है कि भारत के आदमपुर एयरबेस बिल्कुल सही सलामत है और पाकिस्तान का दावा गलत है।

# रांची में कोयला कारोबारी की गोली लगने से मौत

### आत्महत्या या हादसा, जांच में जुटी है पुलिस


मनीष धानुका



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के कोतवाली थाना क्षेत्र के गाड़ीखाना में रहने वाले कोयला कारोबारी मनीष धानुका की गोली लगने से मौत हो गयी है। पुलिस जांच में जुटी है। मनीष धानुका ने आत्महत्या की है या यह हादसा है, पुलिस जांच कर रही है। बताया जाता है कि धानुका का शव उनके घर के एक कमरे से बरामद किया गया है। शव के पास से हथियार भी बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि धानुका ने अपने लाइसेंसी हथियार से खुद को गोली मारी है। घटनास्थल और कमरे से बरामद हथियार की एफएसएल जांच भी करायी जा रही है। मामले की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, कोतवाली थानेदार आदिकांत महतो मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। जांच के बाद ही पूरी जानकारी दी जा सकेगी। कोयला कारोबारी की गोली लगने से मौत की खबर सुन कर काफी संख्या में आसपास के लोग और व्यवसायी मौके पर पहुंचे।

# जमशेदपुर में डूबे दो बीटेक छात्रों के शव निकाले गये

- गोताखोरो की मदद से बाहर निकाले गये शव
- बागबेड़ा के बड़ौदा घाट में डूबे थे दोनों छात्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना अंतर्गत बड़ौदा घाट में शनिवार की शाम नहाने के दौरान डूबे दो दोस्तों के शव रविवार सुबह बरामद कर लिया गया। इसके बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया। तीनों आरवीएस कॉलेज के बीटेक फाइनल ईयर के छात्र थे। घटना के संबंध में बताया जाता कि शनिवार को तीन दोस्त शुभम कुमार, शशांक और पार्थ कुमार बड़ौदा नदी घाट पर नहाने के लिए पहुंचे थे। गहरे पानी में जाने के कारण शुभम और शशांक डूब गये, जबकि पार्थ को स्थानीय लोगों की सतर्कता से समय रहते बचा लिया गया। सूचना मिलते ही बागबेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और एनडीआरएफ की टीम को तलाशी अभियान के लिए बुलाया गया। शनिवार शाम से ही तलाशी अभियान जारी रहा, जो रविवार सुबह उस समय सफल हुआ, जब स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों शवों को बाहर निकाला गया।

# अगले साल तमिलनाडु-पश्चिम बंगाल में एनडीए की सरकार होगी: अमित शाह



आजाद सिपाही संवाददाता

**मदुरै।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि अगले साल तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव में जनता द्रमुक को हरायेगी। उन्होंने कहा कि साल 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और अन्नाद्रमुक मिलकर एनडीए सरकार बनायेंगे। शाह ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह सम्मेलन द्रमुक सरकार को सत्ता से हटाने और बदलाव की शुरुआत का संकेत है। तमिलनाडु की जनता अब बदलाव चाहती है और भाजपा इसके लिए तैयार है।

अमित शाह ने कहा, एमके स्टालिन कहते हैं कि अमित शाह द्रमुक को हरा नहीं सकते। वह सही कह रहे हैं। मैं नहीं, बल्कि तमिलनाडु की जनता आपको हरायेगी। शाह ने आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों की तैयारी की समीक्षा भी की और राज्य के नेताओं के साथ रणनीति पर चर्चा की।

## राहुल गांधी के आरोपों पर दो टूक

# जवाब चाहिए, तो सीधे पत्र भेजें: चुनाव आयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों को लेकर राहुल गांधी के लेख पर चुनाव आयोग से स्पष्टीकरण मांगे जाने के एक दिन बाद आयोग से जुड़े सूत्रों ने रविवार को कहा कि यह संवैधानिक निकाय तभी जवाब देगा, जब विपक्ष के नेता सीधे उसे पत्र भेजेंगे।

सूत्रों के मुताबिक, अपने संपर्क अभियान के तहत चुनाव आयोग ने सभी छह राष्ट्रीय दलों से अलग-अलग बातचीत के लिए उन्हें आमंत्रित किया था, जबकि अन्य पांच दलों ने आयोग के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन कांग्रेस ने 15 मई की बैठक रद्द कर दी।

**सीसीटीवी फुटेज मांगे जाने पर दिया जवाब :** राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र के मतदान केंद्रों की शाम की सीसीटीवी फुटेज मांगे जाने संबंधी एक सवाल के जवाब में सूत्रों ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, चुनाव याचिका दायर होने पर मतदान केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज की जांच सक्षम उच्च न्यायालय ही कर सकता है। आयोग के एक अधिकारी ने कहा, चुनाव की शुचिता के साथ-साथ मतदाताओं की गोपनीयता की रक्षा के लिए चुनाव आयोग ऐसा करता है।

# क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया की सगाई

- नेताओं, क्रिकेटरों और अन्य विशिष्ट हस्तियों ने दर्ज करायी उपस्थिति



आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पांच सितारा होटल सेंट्रम में टीम इंडिया के युवा क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की सगाई हो गयी। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में रिंकू और प्रिया ने एक दूसरे को अंगूठी पहनायी और नये रिश्ते की शुरुआत की। इस दौरान प्रिया भावुक हो गयीं। हालांकि दोनों बेहद खुश नजर आये। कार्यक्रम में राजनीति और खेल जगत की कई दिग्गज हस्तियां शामिल हुईं। कार्यक्रम में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, बीसीसीआइ के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, सांसद डिंपल यादव, सांसद जया बच्चन, सांसद रामगोपाल यादव और वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव सहित कई अन्य नेता शामिल हुए। क्रिकेटर पीयूष चावला, प्रवीण कुमार और भुवनेश्वर कुमार भी समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे और रिंकू और प्रिया को बधाई दी। समारोह के लिए होटल के 15 कमरे बुक थे। इसमें पांच कमरे रिंकू सिंह के परिवार और दोस्तों के लिए थे। समारोह में तीन सौ खास मेहमानों को न्योता था। इस दौरान सुरक्षा के भी खास इंतजाम थे। समारोह में प्रिया सरोज ने गुलाबी रंग का लहंगा पहन रखा था, जबकि क्रिकेटर रिंकू सिंह ने सिल्वर कलर का डिजाइनर कुर्ता और पायजामा पहना हुआ था। सगाई समारोह कार्यक्रम पंडित उमेश त्रिवेदी ने कराया।

## न्यूज रील्स

### मणिपुर में फिर बवाल, कई इलाकों में हिंसा, इंटरनेट बंद

इंफाल। सीबीआइ ने रविवार को मणिपुर के इंफाल एयरपोर्ट से मैतेई संगठन अरंबाई तेंगगोल (एटी) के एक कार्यकर्ता कनन सिंह को गिरफ्तार किया। उस पर 2023 के मणिपुर जातीय हिंसा से जुड़े कई आपराधिक मामलों में शामिल होने का आरोप है। इस गिरफ्तारी के बाद कनन सिंह को तुरंत गुवाहाटी ले जाया गया, जहां उसे कोर्ट में पेश किया गया और पुलिस रिमांड पर भेजा गया। कनन सिंह की गिरफ्तारी की खबर फैलते ही इंफाल शहर में तनाव फैल गया। प्रशासन ने इंफाल वेस्ट, इंफाल इस्ट, थौबल, बिष्णुपुर और ककचिंग जिलों में धारा 144 लागू कर दी। इसके साथ ही इंटरनेट, मोबाइल डेटा, वीएसएटी और वीपीएन सेवाएं भी अस्थायी रूप से बंद कर दी गयीं। प्रदर्शनकारियों ने क्वाकैथेल और उरीपोक इलाकों में टायर और पुराना फर्नीचर जलाकर सड़कें जाम कीं। कई जगहों पर सुरक्षा बलों के साथ उनकी झड़पें भी हुईं। इंफाल इस्ट के खुरई लामलोंग इलाके में एक भीड़ ने एक बस को आग के हवाले कर दिया। बता दें कि मई 2023 से मणिपुर में मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच हुई जातीय हिंसा में अब तक 260 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गये हैं। वहीं राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के नौ फरवरी 2024 को इस्तीफा देने के बाद केंद्र सरकार ने 13 फरवरी 2024 को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया था।

### एक सप्ताह के दौरे पर गये जयशंकर

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर सात दिन के विदेश दौरे पर रवाना हो गये हैं। वह 14 जून तक बेल्जियम, फ्रांस और यूरोपीय संघ की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान विदेश मंत्री फ्रांस में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। साथ ही बेल्जियम में विदेश मंत्री अपने समकक्ष से बात करने के साथ ही प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात करेंगे।


FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक पटाखा गली, श्रीराम नगर गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?..................इसलिए ! मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
8th To 10th
CBSE | ICSE | JAC
11th To 12th
CBSE | ICSE | JAC
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD
OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 09 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार चुनाव के लिए कांग्रेस ने बदली अपनी रणनीति

## ■ दलितों-अति पिछड़ों को साधने के लिए राहुल गये दशरथ मांझी के घर

## ■ परंपरागत मुस्लिम-यादव समीकरण से अलग हट जाने का दिया संकेत

## ■ कांग्रेस की नयी रणनीति से खुद को असहज महसूस कर रहे हैं तेजस्वी

**बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों में जुटी कांग्रेस ने इस बार अपनी रणनीति में बड़ा बदलाव किया है। पार्टी ने अब परंपरागत मुस्लिम-यादव समीकरण से अलग दलित, अति पिछड़े और महिलाओं को केंद्र में रखकर चुनावी मैदान में उतरने की योजना बनायी है। राहुल गांधी का गया जिले में 'माउंटेन मैन' के नाम से प्रसिद्ध दशरथ मांझी के घर जाना इसी दिशा में बड़ा राजनीतिक संदेश माना जा रहा है। बिहार में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए राहुल गांधी कांग्रेस को नयी ताकत देने में जुटे हैं। उनकी लगातार सक्रियता न सिर्फ संगठन को मजबूत करने की कोशिश है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि कांग्रेस राज्य में अपना जनाधार फिर से खड़ा करना चाहती है। जानकारों का मानना है कि राहुल गांधी की बढ़ती सक्रियता राजद पर ज्यादा सीटों के लिए दबाव बनाने की रणनीति भी हो सकती है। फिलहाल कांग्रेस ने 'आधी आबादी, पूरा हक' जैसे नारे के साथ बिहार में नयी सियासी जमीन तैयार करने की पहल कर दी है। बिहार में कांग्रेस की इस अति-सक्रियता से राजद के भी कान खड़े हो गये हैं। तेजस्वी यादव भी खुद को असहज महसूस कर रहे हैं और कांग्रेस नेताओं के साथ उनकी दूरी लगातार बढ़ती जा रही है। बिहार में वैसे भी दलित-ओबीसी-पिछड़े परंपरागत रूप से राजद के साथ रहे हैं और यदि कांग्रेस इसमें सेंध लगाती है, तो इसका नुकसान तेजस्वी को हो सकता है। इसलिए कहा जा रहा है कि बिहार के लिए कांग्रेस की रणनीति उसके लिए तो नहीं, इंडी अलायंस की सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकती है। क्या है कांग्रेस की पूरी रणनीति और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दो दिन पहले बिहार के दौरे पर आये थे। यह उनका छह महीने में पांचवा दौरा था। उन्होंने गया और नालंदा में लोगों से संवाद किया। राहुल गांधी दशरथ मांझी मेमोरियल विजिट करने के बाद 'माउंटेन मैन' दशरथ मांझी के परिवार से मिले। इसके बाद नालंदा के राजगीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में दलित प्रबुद्ध लोगों के साथ संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित किया। राहुल बिहार आकर लगातार दलित और पिछड़ों को साधने की कोशिश में जुटे हुए हैं।

### राहुल गांधी की पांचवीं बिहार यात्रा

राहुल गांधी साल 2025 में पांच बार बिहार का दौरा कर चुके हैं। 18 जनवरी को पटना के बापू सभागार में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में शामिल होने के लिए बिहार आये थे। दूसरी बार वह पांच फरवरी को बिहार आये। इस मौके पर उन्होंने स्वर्गीय जगलाल चौधरी के जयंती समारोह में शिकरत की। तीसरी बार सात अप्रैल को वह संविधान सुरक्षा सम्मेलन में शामिल होने के लिए पटना पहुंचे थे। चौथी बार 15 मई को 'शिक्षा न्याय यात्रा' में शामिल होने और ज्योति राव फुले और सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर आधारित 'फुले' फिल्म देखने के लिए पटना आये। फिर छह जून को पांचवीं बार बिहार आये और नालंदा और गया में लोगों से मिले।

### दलित और ओबीसी को साध रहे हैं राहुल

बिहार में कांग्रेस की नजर दलित, अतिपिछड़े और मुस्लिम वोट बैंक पर है। राहुल इसी टारगेट को हासिल करने की कवायद में जुटे हैं। पहले भूमिहार जाति से आने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री अखिलेश प्रसाद सिंह को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाया गया। फिर दलित बैकग्राउंड से आने वाले रविदास समुदाय के राजेश राम को प्रदेश की कमान सौंपी गयी। राजेश राम बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू के साथ मिलकर जमीन पर कांग्रेस की पैठ मजबूत करने में जुट गये हैं।

### प्रियंका गांधी के दौरे की तैयारी

कांग्रेस इस बार महिला वोटरों को लेकर भी बेहद सक्रिय दिख रही है। पार्टी ने 'महिलाएं बदलेंगी बिहार का भविष्य' नाम से नया अभियान शुरू किया है। इसका थीम है 'आधी आबादी, पूरा हक'। इसके तहत कांग्रेस ने हर महिला को ढाई हजार रुपये प्रति माह की आर्थिक मदद देने का वादा किया है। पार्टी का मानना है कि आर्थिक सशक्तीकरण के जरिये महिलाओं का समर्थन हासिल किया जा सकता है। महिला मतदाताओं को साधने के लिए कांग्रेस अपनी महिला विंग को भी एक्टिव कर चुकी है। राज्य में महिला कांग्रेस अपनी सक्रियता बढ़ा रही है। साथ ही प्रियंका गांधी के संभावित बिहार दौरे की तैयारी भी चल रही है, जो महिला वोटरों के बीच कांग्रेस की पकड़ मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम हो सकता है।



### क्या है रणनीति

दरअसल कांग्रेस यह समझ रही है कि उसके सहयोगी दल राजद की पकड़ मुस्लिम और यादव वर्ग पर तो मजबूत है, लेकिन महिलाओं में भरोसे की कमी अब भी बनी हुई है। लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल के दौरान महिला सुरक्षा को लेकर जो चिंताएं रहीं, उसका असर आज भी दिखता है। यही वजह है कि कांग्रेस ने खुद को इस वर्ग के बीच मजबूत करने का फैसला किया है। जहां एक ओर राजद मुस्लिम और यादव वोट बैंक को साधने में लगा है, वहीं कांग्रेस दलित, अति पिछड़े और महिलाओं के बीच अपनी जगह बनाना चाहती है। इससे गठबंधन के भीतर एक 'संपूरक समीकरण' बन सकेगा और किसी एक वर्ग पर पूरी निर्भरता नहीं रहेगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर कांग्रेस का यह दांव सफल रहा, तो वह न सिर्फ अपनी स्वतंत्र पहचान बना पायेगी, बल्कि गठबंधन में अपनी उपयोगिता और मोल-भाव की ताकत भी बढ़ा पायेगी।

### बिहार में दलित 17 फीसदी, अति पिछड़ा की आबादी 36%

साल 2023 में हुए बिहार जातीय सर्वे के मुताबिक बिहार में दलित आबादी 17 फीसदी है, जबकि अति पिछड़ों की संख्या 36 फीसदी है। नीतीश उम्र की ढलान पर हैं। ऐसे में कांग्रेस इसे सुनहरा मौका मानकर दलितों और अति पछड़ों को अपने पाले में करने में जुटी हुई है।

### ओबीसी कांग्रेस को छोड़कर चले गये

गुजरात के अहमदाबाद में हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में भी राहुल ने पार्टी का ध्यान ओबीसी वर्ग की तरफ दिलाया था। तब उन्होंने कहा था कि हम दलित, मुस्लिम और ब्राह्मण में उलझे रहे और इस बीच ओबीसी हमारे साथ से दूर हो गया।

### मंडल की आंच ने किया कांग्रेस को बिहार की सत्ता से दूर

आजादी के बाद से लेकर साल 1990 तक बिहार में कांग्रेस ने लंबे समय तक राज किया। 1952 से 2025 तक बिहार में कुल 23 मुख्यमंत्री बने। इनमें 18 कांग्रेस के रहे। मंडल आयोग की आंच ने बिहार में कांग्रेस को सत्ता से दूर कर दिया। साल 1990 में बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पूर्व सीएम जगन्नाथ मिश्रा के नेतृत्व में उतरी। 324 सीटों वाली बिहार विधानसभा में कांग्रेस के खाते में महज 71 सीटें आयीं। उस चुनाव में कांग्रेस ऐसा हारी कि आज तक दोबारा सत्ता में नहीं आ सकी। कांग्रेस बीते तीन दशक से बिहार में सत्ता का वनवास झेल रही है।

### राजद खेमे में असहजता

कांग्रेस की बिहार में सक्रियता का कुछ नकारात्मक असर भी हो रहा है। इंडी अलायंस की कमान संभाल रहे राजद नेता तेजस्वी यादव कांग्रेस की बदलती रणनीति से खुद को असहज महसूस कर रहे हैं। राजद का मानना है कि कांग्रेस को उसके पीछे रह कर बिहार में इंडी अलायंस की सफलता के लिए काम करना चाहिए, लेकिन वह इसके विपरीत काम कर रही है। बताया जा रहा है कि इसको लेकर बहुत जल्द तेजस्वी यादव की राहुल गांधी से बातचीत होनेवाली है।

# एनडीए की मजबूती के लिए मेरी पार्टी बिहार की 243 सीटों पर लड़ेगी: चिराग पासवान

आजाद सिपाही संवाददाता

**भोजपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इस सिलसिले में केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और यह लड़ाई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को मजबूत करने के उद्देश्य से लड़ी जाएगी। भोजपुर जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही।



### 243 सीटों पर लड़ने का ऐलान, एनडीए की जीत को बताया लक्ष्य

चिराग पासवान ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी किसी भी तरह से एनडीए से अलग नहीं है, बल्कि उनका लक्ष्य गठबंधन को और अधिक मजबूती देना है। उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी और मैं बिहार की 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे ताकि एनडीए को मजबूती मिले और हम एकजुट होकर विजय की ओर बढ़ें। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी दोहराया कि लोजपा (रामविलास) हमेशा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास रखती है।

### भारत रत्न को लेकर भी किया सरकार का बचाव

सभा के दौरान चिराग पासवान ने एनडीए सरकार द्वारा सामाजिक न्याय के पुरोधा कपूर्री ठाकुर को ह्यभारत रत्न दिए जाने को एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति ने जीवनभर पिछड़ों, वंचितों और गरीबों के अधिकार के लिए संघर्ष किया, उसे सम्मान देने का काम हमारी सरकार ने किया है। यह फैसला हमारे सामाजिक समरसता के संकल्प का प्रमाण है।

केंद्रीय मंत्री एवं एलजेपीआर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने भोजपुर के आरा में लंबे समय के बाद एक बड़ी सभा को संबोधित किया। इस दौरान चिराग ने विधानसभा चुनाव लड़ने की अटकलों पर भी विराम लगाते हुए कह दिया कि बिहार से नहीं, बल्कि बिहार के लिए विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। इस सभा में हजारों की संख्या में भोजपुर समेत कई जिलों से

### जंगलराज को लेकर कांग्रेस पर भी साधा निशाना

**भोजपुर की सभा में चिराग पासवान ने तथाकथित 'जंगलराज' पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब हम 'जंगलराज' की बात करते हैं, तो लोग इसे केवल राजद से जोड़कर देखते हैं। लेकिन सच यह है कि इसके लिए कांग्रेस भी बराबर की जिम्मेदार है। बिहार के उस दौर में दोनों दल सत्ता में साझेदार रहे और राज्य को अराजकता की ओर धकेला।**

कार्यकर्ता और समर्थक आरा पहुंचे थे।

जानकारी के मुताबिक, एलजेपीआर द्वारा विधानसभा चुनाव की तैयारी की घोषणा अनौपचारिक रूप से कर दी गई है। नवसंकल्प महासभा के नाम चिराग पासवान ने सभा को संबोधित किया। आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में यह कार्यक्रम हुआ। जहां चिराग पासवान शामिल हुए उनके साथ पार्टी के सभी पांच सासंद, प्रदेश अध्यक्ष, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि चिराग पासवान की सभा में भोजपुर, कैमूर, रोहतास, बक्सर और पटना के अलावा कई जिलों से लगभग 20 से 30 हजार लोग शामिल हुए।

मंच पर आते ही चिराग पासवान ने माइक थाम लिया और कांग्रेस-राजद की सरकार की नाकामी से अपने भाषण की शुरूआत की। साथ ही चिराग पासवान ने बिहार विधानसभा चुनाव को ले कर भी बड़ी घोषणा कर दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि काफी लोग प्रश्न कर रहे थे कि चिराग विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे या नहीं? इसका जवाब मैं दे दूं कि विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, लेकिन बिहार से नहीं बल्कि बिहार के लोगों के लिए और बिहार के लिए चुनाव लड़ेंगे।

### संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली में उपेंद्र कुशवाहा ने कहा

# मीडिया एनडीए की सीटें बांटना छोड़े, हमारा काम हम कर लेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में पहुंचे राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने क्लब मैदान में आयोजित संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली को संबोधित किया। भीड़ को देखकर उपेंद्र कुशवाहा गदगद हो गये और कहा कि यह बदलाव का संकेत है। राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि जिन मुद्दों को लेकर हम चल रहे हैं, उनके रास्ते में जितनी बाधाएं आती हैं, मुझे उतना ही आनंद आता है। हम परिसीमन को लेकर लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसमें दक्षिण के कुछ नेताओं द्वारा विरोध किया जा रहा है। अब मुझे जिस तरह से शाहाबाद और मुजफ्फरपुर में मिल रहा है, उससे इनडायरेक्ट समर्थन बढ़ने लगा है। बिहार में केवल राष्ट्रीय लोक मोर्चा ही यह काम कर रही है। जनगणना हर दस वर्ष में होगी, जिसमें लोकसभा और विधानसभा की सीटों की संख्या निर्धारित होगी। वर्ष 1951, 1961, 1971 में जनगणना हुई थी, लेकिन 2009 में सीटें नहीं बढ़ी थीं। 1976 में आपातकाल के दौरान संशोधन कर परिसीमन पर रोक



लगा दी गयी थी। 2001 में यह रोक 25 वर्ष तक लागू रही। यह समय सीमा 2026 में समाप्त होने वाली है। दक्षिण के नेता इसे रोकने में लगे हुए हैं। यदि इसमें रुकावट आयी, तो हम और भी पिछड़ जायेंगे। मुझे अपने बिहार के संविधान के अधिकार से वंचित करने का षडयंत्र किया जा रहा है।

**सीटों को लेकर पल्ला झाड़ते हुए कहा- मुद्दे से भटकाने की साजिश है :** उपेंद्र कुशवाहा ने बिहार में लोक मोर्चा को मिल रही सीटों को लेकर कहा कि किसी को कुछ भी पता नहीं होता है। ध्यान को भटकाने के लिए यह सब साजिश के तहत किया जा रहा है, ताकि जनता महत्वपूर्ण मुद्दों से भटक जाये। मीडिया में चल रही सीटों को लेकर चर्चा पर उन्होंने कहा कि आपको यह अधिकार किसने दिया? जो काम है, वह आप कीजिए। राजनीतिक दल का काम वही करे। हम जो भी सवाल उठाते हैं, उसे लेकर हम सभी गठबंधन के लोगों के साथ चर्चा करेंगे।

**उपेंद्र कुशवाहा पद के लिए नहीं, जनता के लिए लड़ते हैं :** उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि जो लोग पद के लिए राजनीति करते हैं, उन्हें यह मुबारक हो। हम तो परिवर्तन के लिए राजनीति करते हैं और जनता के लिए लड़ते रहेंगे, चाहे परिणाम कुछ भी हो। मुझे क्या मिलेगा, यह मैं भी नहीं जानता। क्या गांधी कभी रणनीति में गये थे? लेकिन वह उच्च शिखर पर रहे हैं। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इन लोगों का नाम सम्मान के लिए लिया जाना चाहिए। जनता के सवालों को लेकर संघर्ष करना ज्यादा जरूरी है। जेपी भी इनमें रहे हैं। हम जनता के मुद्दों को लेकर लड़ना ज्यादा जरूरी मानते हैं। सीट मेरे लिए कोई मायने नहीं रखती।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.6 °C | 22.9 °C |
| सूर्यास्त (आज) | : | 18.34 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.02 बजे |



### बिजनेस क्रिएशन ऑफ इंडिया टाइटेनियम की बैठक

# कारोबार-पर्यावरण संरक्षण पर जोर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बिजनेस क्रिएशन ऑफ इंडिया (बीसीआइ) टाइटेनियम की बैठक रविवार को स्थानीय होटल में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीसीआइ टाइटेनियम के अध्यक्ष हिमानी गुप्ता ने कहा कि हमें अपने व्यापार के साथ एक आपसी संबंध को आगे बढ़ाना है। एक-दूसरे के सहयोग से ही अपने कारोबार को तेज गति प्रदान कर पायेंगे। बीसीआइ टाइटेनियम के सदस्यों ने एक-दूसरे का सहयोग करते हुए एक माह में लाखों रुपये का कारोबार किया। यह एक अच्छी शुरुआत है। जल्द ही बीसीआइ टाइटेनियम की बैठक कर नये सदस्यों को जोड़ा जायेगा।

मेंटर किशोर मंत्री ने कहा कि बीसीआइ टाइटेनियम से अच्छे लोग जुड़ रहे हैं और उम्मीद है कि इस संस्था से जुड़ने वाले लोग अपना व्यापार और कारोबार एक दूसरे के सहयोग से आगे बढ़ायेंगे। आप सभी का कारोबार सातवें आसमान पर देखना चाहते है। ऑनलाइन बिजनेस को 'ना' करें। ऑफलाइन बिजनेस को 'हां' करें। आज लोग ऑनलाइन बिजनेस करके ठगी का शिकार हो रहे हैं। बीसीआइ ऑफलाइन बिजनेस करके बिजनेस में पारिवारिक वातावरण बना रहा है। किशोर मंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सदस्यों से घर से हरियाली की शुरुआत करने का आह्वान करते हुए उनके बीच पौधों का वितरण किया।

बैठक में पांच नये सदस्य बने। वहीं, कई नये विजस्टर्स पहली बार बैठक में शामिल हुए। उन्होंने बैठक के बाद अपने अनुभव को साझा किया और जल्द ही बीसीआइ से जुड़ने की बात कही। बीसीआइ प्लेटिनम के निदेशक धीरज ग्रोवर ने कहा कि बीसीआइ टाइटेनियम की बैठक में व्यापार और कारोबार को आगे कैसे बढ़ाना है, उसपर चर्चा की गयी। साथ ही सदस्य एक दूसरे का सहयोग कैसे करेंगे, इसकी रूपरेखा तय की गयी। इस अवसर पर निदेशक शिव कुमार सिंह, बीसीआइ टाइटेनियम की उपाध्यक्ष डॉ शिप्रा साह, सचिव अनुज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संतोष सोनी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### कार्तिक उरांव फ्लाइओवर पर स्टंट करने वाले युवक की हुई पहचान

# बाइक जब्त, खुद को हंटर बताने वाला युवक फरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कार्तिक उरांव फ्लाईओवर पर बाइक से स्टंट करने वाले युवक की पहचान पुलिस ने कर ली गयी है। खुद को हंटर बताने वाला युवक, पुलिस के भय से फरार हो गया, जिसके बाद पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है।

दरअसल कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर बाइक बरामद कर लिया है, लेकिन युवक फरार होने में कामयाब रहा। बाइक को जब्त कर सदर थाने में रखा गया है। जानकारी के अनुसार बाइक चलाने वाले का नाम हंटर उर्फ राइडर उर्फ कासिफ है। कासिफ ने बाइक को दूसरे के घर में छिपाकर रखा था।



कई तरह के विवाद और हंगामा के बाद आखिरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसी सप्ताह सिरम टोली फ्लाईओवर का उद्घाटन किया, जिससे लोगों को जाम से राहत तो मिली, लेकिन रात के समय फ्लाईओवर पर स्टंटबाज युवकों ने अपना बसेरा बना लिया।

हैरतअंगेज स्टंट करके खुलेआम युवक कानून का मजाक बना रहे थे। यही नहीं स्टंट करने वालों का दुस्साहस इतना बढ़ गया कि उन्होंने स्टंट करने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर डाला, लेकिन यही पर स्टंटबाज गलती कर गये। मामले को लेकर झारखंड सरकार के परिवहन मंत्री दीपक बरुआ ने तुरंत ट्रैफिक एसपी रांची को निर्देश दिया कि स्टंट करने वाले युवकों को चिन्हित कर इन्हें परिवहन का नियम बतायें और अभिलंब कार्रवाई करें।

कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने कहा कि स्टंट करने वाले युवक की बाइक, शनिवार रात को जब्त कर ली गयी, जबकि युवक की तलाश जारी है। फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार और स्टंट करने वाले बाइक को रांची के खिजुरटोला, बूटी सदर थाना क्षेत्र से बरामद किया गया है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** राजकीय कार्य में अधिकारियों से मतभेद होंगे, व्यर्थ की परेशानी होगी क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी।
- **वृष** रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी, परिवार में सुख-शांति का मांगलिक कार्य होंगे।
- **मिथुन** जमीन-जायदाद संबंधी काम होगा।विद्यार्थियों के लिए समय उत्साहवर्धक रहेगा।
- **कर्क** मानसिक चिंता बढ़ेगी। दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी, आर्थिक हानि तथा सुख शांति की हानि हो सकती है।
- **सिंह** बिना कारण आप किसी प्रकार की जोखिम से परहेज रखें। कठिन परिश्रम एवं बुद्धि-चतुरता से संकल्पित काम पूरे होंगे।
- **कन्या** किसी विशिष्ट व्यक्ति से मुलाकात होगी। अधिकांश समय आमोद-प्रमोद से व्यतीत होगा।
- **तुला** तुला-अपनी कर्तव्यनिष्ठा और वाकपटुता से असंभव सा कार्य भी प्रतिपादित कर सकते हैं।
- **वृश्चिक** चिर परिचितों से भेंट और लाभ, भौतिक सुख-सुविधा मिलेगी। प्रेम प्रसंगों में सफलता।
- **धनु** नौकरी में पदोन्नति होने का संभावना बन रहा है, धार्मिक कार्य में रूचि बढ़ेगी।
- **मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है। घर में किसी मांगलिक उत्सव का आयोजन होगा।
- **कुंभ** मानसिक परेशानी दूर होगी, संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी।कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण।
- **मीन** गृह-भूमि-वाहन का सुख, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी। बुद्धि-चतुराई से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा।

### राष्ट्र सेविका समिति झारखंड प्रांत का 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

# भारत माता हमारी प्राणशक्ति हैं : चित्रा ताई जोशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्र सेविका समिति, झारखंड प्रांत द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची में आयोजित 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह रविवार को संध्या 4:30 बजे हुआ। शिविर को अखिल भारतीय स्तर की वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सुनीता हल्देकर, चित्रा ताई जोशी और नीता बा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। क्षेत्र संपर्क प्रमुख पदमा देवी का निरंतर सान्निध्य सेविकाओं को प्राप्त हुआ। समापन समारोह की मुख्य वक्ता अखिल भारतीय सह कार्यवाहिका चित्रा ताई जोशी ने कहा कि भारत माता हमारी प्राणशक्ति हैं। हमारी भौतिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं की पूर्ति वह स्वयं करती हैं। हमें अपने जीवन का प्रत्येक क्षण और प्रत्येक कर्म भारत माता के चरणों में समर्पित कर देना चाहिए। उन्होंने आगे महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर उन्हें याद कर उन्होंने कहा की अहिल्याबाई भारतीय इतिहास की वह पुण्यश्लोक रानी थीं, जिन्होंने सेवा, धर्मनिष्ठा और न्यायप्रिय शासन का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने देश के कई पवित्र तीर्थों – काशी विश्वनाथ, प्रयागराज, रामेश्वरम, सोमनाथ और मथुरा – का जीर्णोद्धार कर राष्ट्र की सांस्कृतिक आत्मा को पुनर्जीवित किया। उन्होंने नारी सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का जो मार्ग प्रशस्त किया, वह आज की पीढ़ी के लिए भी अत्यंत प्रेरणास्पद है।



समारोह की मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक निर्मल कौर जी ने सेविकाओं के अनुशासन, ऊर्जस्विता और सेवाभाव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर राष्ट्र को कर्तव्यनिष्ठ, चरित्रवान और राष्ट्रभक्त नागरिक प्रदान करते हैं।

शिविर में देशभक्ति, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, स्वदेशी उत्पादों का उपयोग और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विचार-विमर्श एवं अभ्यास हुआ। मुख्य शिक्षिका का दायित्व मनु श्री ने निभाया। 6 जून को नगर में आयोजित पथ संचलन में सेविकाओं ने पूर्ण गणवेश में नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा के रूप में निकाली गयी, जिसे जनसामान्य ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यह संचलन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर दुर्गा मंदिर, बस स्टैंड होते हुए पुनः परिसर में समापन तक भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

समापन समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से 2000 से अधिक लोग उपस्थित थे, जिनमें शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों, महिला संगठनों एवं आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही।

राष्ट्र सेविका समिति की उषा सिंह (प्रांत संचालिका), शारदा गुप्ता (प्रांत कार्यवाहिका), डॉ त्रिपुला दास (प्रांत सह कार्यवाहिका), निर्मला सिंह (प्रांत संपर्क प्रमुख), पूनम सिंह, डॉ जिज्ञासा ओझा, शालिनी सचदेवजी, रीता सिंह, सुमन सिन्हा, गनिता झा, कुसुमलता सिंह, जय श्री कुजूर, सुधा प्रजापति, अपर्णा सिंह की उपस्थिति रहीं। पूरे वर्ग में वर्गाधिकारी के रूप में जामवंती मिश्रा (प्रांत बौद्धिक प्रमुख) उपस्थित रहीं।

इस वर्ग की सर्व व्यवस्था प्रमुख मृदुल चौरसिया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के केंद्रीय ग्राम विकास आयाम के सदस्य सिद्धनाथ सिंह, प्रांत संघचालक सच्चिदानंद अग्रवाल एवं सह प्रांत संघचालक अशोक श्रीवास्तव, प्रांत के सामाजिक सद्भाव के संयोजक विजय घोष, सेवा भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष गुरुशरण, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के मंत्री अखिलेश मिश्र, बीजेपी के गणेश मिश्र, आशा लकड़ा, आरती कुजूर, सत्यनारायण कंठ, स्निग्ध, सुनील, रांची विभाग कार्यवाह , अचल, भारतीय मजदूर संघ, इत्यादि बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं।

इस शिविर में झारखंड के 20 जिलों से पधारीं 225 सेविका बहनों ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य युवतियों में अनुशासन, शारीरिक सुदृढ़ता, राष्ट्रभक्ति एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना था। प्रतिदिन सेविकाओं ने योग, व्यायाम, बौद्धिक चर्चा, गीत, सेवा कार्य आदि में भाग लिया। इस आवासीय शिविर में सेविकाओं के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक पक्षों का व्यापक प्रशिक्षण दिया गया।

# पेसा कानून लागू होने के बाद सदानों पर अत्याचार कल्पना से परे होगा : राजेंद्र

> **55% ओबीसी और 10% दलितों की बड़ी जिम्मेदारी**
>
> **डिप्टी मेयर का चुनाव जनता करे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में कुछ लोग पेसा कानून को लागू करवाने की मांग कर रहे हैं, जबकि आदिवासियों की जमीन की अवैध खरीद-बिक्री, अवैध खनन, स्थानीय नीति और नियोजन नीति को लेकर को मुद्दा बनाना चाहिए था। पेसा कानून लागू होने के बाद मूलवासी सदानों के साथ ऐसा भेदभाव होगा, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उक्त बातें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने रविवार को ग्रैंड ऑकेजन बैंक्वेट हॉल रांची में मूलवासी सदान मोर्चा द्वारा आयोजित बैठक में कही।



राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान समुदाय आदिवासियों को मिलने वाले अधिकारों के खिलाफ हम सदान कभी नहीं रहा हैं, लेकिन राज्य के सबसे पुराने वाशिंद सदान हैं, जिनकी आबादी 65% है। 65% आबादी में सबसे ज्यादा आबादी 55% ओबीसी और 10% दलितों की है, ऐसे में जो ओबीसी और दलितों के अधिकारों कि बात करते हैं, उन्हें इस पर विचार करना चाहिए। श्री प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों ने अलग राज्य के लिए शहादत दी थी। हमें क्या मालूम था कि राज्य बनने के बाद मूलवासी सदानों को उनके साथ इतना बड़ा धोखा होगा और सारे राजनीतिक अधिकार और सामाजिक समरसता छीन लिये जायेंगे। कहा कि डिप्टी मेयर का चुनाव सीधे जनता करे जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी।

प्रोफेसर अरविंद प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों में ओबीसी और दलितों की सबसे बड़ी आबादी है, ऐसे में अधिकारों को बचाने की जिम्मेदारी भी इन दोनों समुदाय में सबसे ज्यादा है। डॉ योगेश प्रजापति ने कहा कि सदानों के विकास के लिए राज्य में कोई नीति नहीं बनायी गयी।

डॉ संजय सारंगी ने कहा सदानों को पार्टी की बात छोड़, अपने अधिकार के लिए आगे आना होगा। बैठक में विशाल सिंह, मुरारी गुप्ता, विशाल साहू, मोहित कुमार, मुकेश सिंह, अमित साहू, राजू पासवान, अंकित राम, राज वर्मा, अर्पित राम, सहदेव साहू और आलोक राज आदि उपस्थित थे।

### भाजपा ने मंत्री राधाकृष्ण किशोर के लिखे पत्र पर सीएम की चुप्पी पर उठाये सवाल

# सरकार ने मान लिया कि अनुसूचित जाति और आदिम जनजाति की स्थिति बदतर है : प्रतुल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने मंत्री राधा कृष्ण किशोर के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखकर पत्र पर 72 घंटे के बाद भी चुप्पी पर सवाल उठाया है। प्रतुल ने कहा कि मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में जो अनुसूचित जाति के लोग हैं उनकी स्थिति आदिम जनजाति से भी बदतर है। प्रतुल ने कहा इस स्वीकारोक्ति से दो चीजें स्पष्ट हो गयी। एक की अनुसूचित जाति की स्थिति मौजूदा सरकार अपने साढे 5 वर्षों के कार्यकाल में ठीक नहीं कर पायी। दूसरा कुछ ऐसी ही स्थिति इन्होंने आदिम जनजाति की भी बना कर रख दी है।



प्रतुल ने कहा कि हेमंत सरकार अपने आप को आदिवासी मूलवासी और दबे कुचले लोग की सरकार होने का दावा करती है, लेकिन अब इन्हीं की सरकार के मंत्री इनको शीशा दिखा रहे हैं। बता रहे हैं कि अनुसूचित जाति और आदिम जनजाति की स्थिति इस सरकार में बहुत खराब है। भाजपा सरकार ने 2018 के अंत में अनुसूचित जाति आयोग का गठन किया था। उसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के कारण कम समय मिला, लेकिन हेमंत सरकार ने पिछले साढे 5 वर्षों से सत्ता में रहने के बावजूद इस आयोग का गठन नहीं किया। यह इस जाति समूह के प्रति हेमंत सरकार की नकारात्मक सोच दिखाता है। कमोबेश यही स्थिति अनुसूचित जाति और आदिम जनजाति की भी है। मंत्री जी के पत्र से ये स्पष्ट है कि आदिम जनजाति एक पैमाना बन गया है पिछड़ेपन का। कहा कि भाजपा की सरकार में शुरू की गयी डाकिया योजना और पहाड़िया बटालियन से अच्छी शुरुआत हुई थी, लेकिन इस सरकार ने आदिम जनजाति के उत्थान के लिए कोई कार्य नहीं किया। प्रतुल ने कहा हेमंत सरकार के कार्यकाल में अनुसूचित जनजाति भी उपेक्षा की शिकार हो रही है।

प्रतुल ने कहा कि अगर पुराना नैतिकता का दौर होता तो अपने कैबिनेट के मंत्री द्वारा इतने संगीन आरोप लगाने पर मुख्यमंत्री इस्तीफा दे देते थे या ऐसे आरोप लगाने वाले मंत्री का इस्तीफा ले लेते थे, लेकिन यह सरकार मुद्दों को दबा कर तब तक बैठती है जब तक वह मुद्दा ठंडा नहीं हो जाता। मंत्री के पत्र पर सरकार की चुप्पी प्रदेश में अनुसूचित जाति और आदिम जनजाति की बदहाल स्थिति पर मौन सहमति है।

### भाजपा के आरोप पर झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने किया पलटवार

# झारखंड में अनुसूचित जाति और जनजाति के मुद्दे पर भाजपा का आरोप बेबुनियाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाह देव द्वारा लगाए गए आरोपों को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने सिरे से खारिज करते हुए इसे घोर राजनीतिक खोखलापन करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को अनुसूचित जाति और आदिम जनजातियों की याद सिर्फ तब आती है, जब वह विपक्ष में होती है। सत्ता में रहते हुए उन्होंने इन वर्गों के लिए क्या किया, यह पूरे राज्य को पता है।



विनोद पांडेय ने कहा कि हेमंत सरकार आदिवासी, मूलवासी, दलित और पिछड़े वर्गों के हितों की सच्ची हितैषी है। सरकार की योजनाएं - जैसे मरांग गोमके छात्रवृत्ति, सिदो-कान्हू कृषि समृद्धि योजना, और फेलोशिप स्कीम - इन वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम हैं। भाजपा का यह आरोप कि अनुसूचित जाति आयोग का गठन नहीं हुआ, सरासर भ्रामक है। सरकार इस दिशा में गंभीरता से काम कर रही है और जल्द ही आयोग का पुनर्गठन होगा।

मंत्री राधा कृष्ण किशोर के पत्र को लेकर उठाये गये सवालों पर पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र में हर मंत्री को राय रखने का अधिकार है, यही खासियत है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की। वह एक तरफा नहीं बल्कि पूरी संवेदनशीलता के साथ सभी की बातों को सुनने और राय लेने में यकीन रखते हैं। ये भाजपा की तानाशाह सरकार नहीं। भाजपा के किसी मंत्री को पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखने की आजादी है क्या? या किसी भाजपा मंत्री ने पीएम मोदी को पत्र लिखा है क्या? लेकिन भाजपा इसे मुद्दा बना कर आदिवासी और दलित समाज को गुमराह करने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा को नैतिकता की बात करने से पहले यह बताना चाहिए कि उसने अपने शासनकाल में कितने आदिवासी युवाओं को नौकरी दी और उनके लिए विशेष योजनाएं क्यों ठप कर दी थीं।

विनोद पांडेय ने साफ कहा कि भाजपा आदिवासी-दलित हितैषी होने का नाटक कर रही है, जबकि उसकी असली नीति इन वर्गों को हाशिए पर धकेलने की रही है। झामुमो सरकार विकास और सामाजिक न्याय के रास्ते पर पूरी प्रतिबद्धता से चल रही है। और यही भाजपा को खल रहा है।

# नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म, 8 गिरफ्तार, 2 फरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोड्डा ।** जिले के सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। 10 युवकों ने घटना को अंजाम दिया। वहीं मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी आशीष कुमार यादव से मिली जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय लड़की 6 जून को अपनी फुआ के घर शादी समारोह में गयी थी। रात के वक्त जब लड़की शौच के लिए खेत की तरफ गयी, तभी एक युवक ने अंधेरे का फायदा उठा कर मुंह कपड़े से बांध कर लड़की को खेत की तरफ ले गया, जहां 10 युवकों ने बारी-बारी से लड़की के साथ दुष्कर्म किया।

लड़की बदहवास हालत में अगली सुबह घर लौटी और परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक अगले दिन गांव में पंचायत बुलायी गयी और मामले को दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन पीड़िता के घरवाले तैयार नहीं थे। 8 जून को पीड़िता के परिवार वालों ने सुंदरपहाड़ी थाने में 10 आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी। इसके बाद पुलिस हरकत में आयी और आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

सुंदरपहाड़ी थाना प्रभारी आशीष कुमार यादव के अनुसार, पुलिस ने अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपी सिंदरी के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जायेगा। शेष दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा गया है।

ज्ञात हो कि एक पखवाड़े में सामूहिक दुष्कर्म की यह दूसरी वारदात है। चंद दिनों पहले ललमटिया थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। इधर, पूरे मामले पर एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि घटना की सूचना मिलने का बाद पुलिस ने तत्परता दिखाई और आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।






# महिला यात्रियों को सुरक्षा देंगे जवान, ऑटो में अश्लील गाना बजाने पर की जायेगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में ऑटो चालक द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म की घटना के बाद ट्रैफिक पुलिस ऑटो चालकों को लेकर काफी गंभीर हो गयी है। रांची के ट्रैफिक एसपी ने ऑटो चालकों को लेकर कई निर्देश जारी किये हैं, ताकि ऑटो से सफर करने वाली महिलाओं की सुरक्षा को पुख्ता किया जा सके। रांची के रातू इलाके में एक ऑटो चालक द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म किये जाने के बाद रांची में ऑटो में सफर करने वाली महिलाओं की सुरक्षा को लेकर ट्रैफिक पुलिस भी हरकत में आ गयी है। ट्रैफिक एसपी ने महिला सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश जारी किये हैं।

ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने बताया कि हर ऑटो में चालक का नाम, मोबाइल नंबर और वाहन नंबर स्पष्ट रूप से अंकित करने के निर्देश जारी किये गये हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही महिला ऑटो यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऑटो में जीपीएस लगाने की योजना और चालक सत्यापन की प्रक्रिया में भी तेजी लायी जायेगी। ट्रैफिक एसपी ने कहा कि हमारा फोकस इस बात पर है कि महिलाएं ऑटो में सुरक्षित महसूस करें।

**महत्वपूर्ण रूट पर ट्रैफिक जवान करेंगे गश्त :** ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने बताया कि रात में ऑटो से सफर करने वाली महिलाओं के लिए भी प्लान एक्टिव की गयी है। इसके तहत बाइक पर सवार ट्रैफिक पुलिस के जवान एयरपोर्ट के साथ ही बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों के बाहर गश्त करेंगे। ट्रैफिक के जवान शाम सात बजे से रात 11 बजे तक बाइक पर गश्त करेंगे। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस के जवान कैब के साथ ही ऑटो और ई-रिक्शा से सफर करने वाली महिलाओं पर नजर रखेंगे। अगर ऑटो, ई-रिक्शा के अलावा कैब से कोई अकेली महिला या युवती सफर करती नजर आती है, तो ट्रैफिक के जवान वाहन का नंबर नोट कर लेंगे। इतना ही नहीं, कुछ दूरी तक चालक की गतिविधि पर भी नजर रखेंगे। इस दौरान किसी तरह का संदेह होने पर पुलिस वाहन को रोककर चालक और महिला यात्री का फोन नंबर लेगी और महिला को भी उनका नंबर देगी, ताकि जरूरत पड़ने पर उससे संपर्क किया जा सके।

## आगे की सीट पर बैठाने पर रोक

ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने बताया कि कई बार शिकायत मिलती है कि ऑटो में अकेली महिला यात्री के बैठने पर ऑटो चालक अश्लील गाने बजाते हैं। इस संबंध में ऑटो चालकों को सख्त निर्देश जारी किये गये हैं। अगर ऑटो चालक या फिर कैब चालक महिला के अकेले बैठने पर अश्लील गाने बजाते हैं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। वहीं ट्रैफिक एसपी ने यह भी कहा कि कई बार यहां देखने को मिलता है कि ऑटो चालक महिला यात्रियों को अपने बगल वाली सीट पर बैठा लेते हैं. इसको लेकर भी ऑटो चालकों को साफ तौर पर निर्देश दिये गये हैं कि किसी भी हालत में महिला यात्रियों को आगे वाली सीट पर न बैठायें।

# जगदीश साहू के आकस्मिक निधन पर शोक

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव जगदीश साहू के आकस्मिक निधन पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि उनकी असामयिक मृत्यु से संगठन को अपूरणीय क्षति हुई है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा परिवार ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। जगदीश साहू बायपास रोड अरगोड़ा बली बगीचा के निवासी थे और अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र एवं दो पुत्री छोड़ गये हैं। उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, विद्याधर प्रसाद, दिलीप वर्मा, राम लखन साहू, रामावतार कश्यप, सुदीप साहू, अजय मेहता, जयराम ठाकुर और प्रमोद प्रसाद, सुग्रीव यादव सहित कई पदाधिकारी और सदस्य शामिल हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### ज्ञान और गीता सत्संग में मिल्क शेक बादाम शरबत का किया गया वितरण



रांची (आजाद सिपाही)। ज्ञान एवं गीता सत्संग में मिल्क शेक और बादाम के शरबत का वितरण शनिवार को किया गया। यह संस्था करीब 30 साल से चल रही है। यहां सत्संग, हीलिंग व बच्चों के लिए नि:शुल्क कैंप लगाते हैं। करीब 150 महिलाएं यहां रोज सुबह सत्संग के लिए आती हैं। शाम को भी यहां सत्संग होता है। इस कार्यक्रम में सरोज सारडा, पुष्पा चितलांगिया, शशि जालान, शारदा बियानी, उमा शाह एवं मंजू जालान का भी सहयोग रहा। यह जानकारी संचालिका सुमन साबू ने दी।

### हर वर्ग का विकास, यही है मोदी सरकार का प्रयास : दीपक प्रकाश



रांची (आजाद सिपाही)। मोदी सरकार निरंतर समाज के हर वर्ग के विकास के लिये प्रयासरत है। रविवार को दीपक प्रकाश वाल्मीकि समाज के लोगों से मिलें। यहां उनकी समस्याओं को समझने और विगत 11 वर्षों में दलितों के उत्थान के लिये किये गये कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान स्थानीय लोगों ने मोदी सरकार द्वारा दलित समुदाय के उत्थान के लिये किये गये कार्यों की सराहना की और एक स्वर में प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। यह अनुभव इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार के प्रयास समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहे हैं। इससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रहे हैं। मौके पर वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष भगत वाल्मीकि, जुगल कांगड़ा, रंजीत पवार, कमल शीर्षवाल, गोविंदा वाल्मीकि, राज प्रेम चांवरिया, दिमान वाल्मीकि सहित अन्य मौजूद थे।

### दो दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



रांची (आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की तैयारी के क्रम में राज्य योग केंद्र में दो दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका समापन रविवार को हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य योग केंद्र, आयुष निदेशालय, स्वास्थ्य विभाग और झारखंड राज्य युवा आयोग (पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना के साथ हुई। कार्यक्रम में कुमार गौरव, अध्यक्ष झारखंड राज्य युवा आयोग, विशाल अंबर तिर्की, सदस्य, सुनील टुडू सदस्य, वेद रत्न मोहन, सदस्य सचिव, प्रभारी पदाधिकारी तथा दोनों विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल के अलावा योग की विभिन्न विधाओं का अभ्यास राज्य योग केंद्र की योग प्रशिक्षिका डॉ अर्चना कुमारी के द्वारा कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो सौ से ज्यादा लोग शामिल हुए। उन्होंने योग की कई विधाओं का अभ्यास कर लाभ लिया। सभी अभ्यर्थियों ने आयोजक को धन्यवाद देते हुये आगे भी इस तरह का कार्यक्रम करने का आग्रह किया।

# एक्वा वर्ल्ड में बंगाल की कला और संस्कृति की झलक दिखी



**आमी कोलकतार रसगुल्ला, मंगल दीप ज्वेले, आमी देवदासी,एक बार नाचो मा गीतों पर नृत्यों की धूम रही**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड, मछली घर द्वारा रविवार को आयोजित कार्यक्रम बंगाल की समृद्ध कला और संस्कृति को समर्पित रहा। सारे कार्यक्रम बंगाल के थीम पर आयोजित किये गये। कार्यक्रम की शुरूआत में बंगाली गानों के मैशअप पर नृत्य पेश किया गया। इसके अतिरिक्त दीपांजलि सहित विभिन्न ग्रुपों ने कोलकतार रसगुल्ला, मंगल दीप ज्वेले, आमी देवदासी, एक बार नाचो मा, आदि गीतों पर नृत्यों की शानदार पेशकश किया। बच्चों और बड़ों ने पारंपरिक बंगाली परिधान पर रैंप वॉक भी किया। अतिथियों और निर्णायकों में विपुल नायक, सुरजीत घोष, पोंपा सेनगुप्ता, देवज्योति नाहा उपस्थित थे। सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों में पपिया, रितु, सौम्या, अनुष्का, कषिका, बुलबुली, संतोषी, रेशमा, अश्विनी, एंजेल लकड़ा, आरवी, कंचन, तनुश्री ,चंद्रा, पियूषा, भव्या, अकशिनी, आराध्या, निवा, तृषा, जानवी, शानविका, आदि प्रमुख थे।

रविवार को बंगाली संडे में बड़ी संख्या में बंगाल के पृष्ठभूमि से आये लोगों की भागीदारी रही। बंगाली व्यंजन का स्टॉल लगाया गया था, जहां माछेर झोल, शुक्तो, मिष्टी दोई, चोला डाल व्यंजन खाने वालों की भीड़ लगी रही। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाह देव, कार्यकारी निदेशक लोकेश कुमार, आनंद, साहिल,आदि उपस्थित थे। अब समर हॉलीडे कार्यक्रम श्रृंखला समापन की ओर है। 14 जून डांस प्रतियोगिता का ग्रांड फिनाले होगा और 15 जून को फादर्स डे के आयोजन के साथ समर हॉलीडे श्रृंखला की समाप्ति हो जायेगी।

# ग्लैम स्टूडियोज ने रांची में पहला सैलून लॉन्च किया

## झारखंड में प्रीमियम और किफायती ब्यूटी सर्विसेज की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारत का सबसे तेजी से बढ़ता सैलून ब्रांड ग्लैम स्टूडियोज ने रविवार को रांची में अशोक नगर में अपने पहले सैलून की शुरुआत की। सैलून का उद्घाटन हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने किया। गेस्ट ऑफ ऑनर प्रियांशु के साथ स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और सौंदर्य प्रेमी मौजूद रहे। लैम स्टूडियोज के देशभर में 350 से अधिक आउटलेट्स हैं। यह सैलून अशोक नगर, रांची में स्थित है और इसका उद्देश्य शहर में ग्रूमिंग अनुभव को एक नयी ऊंचाई पर ले जाना है। सैलून में महिलाओं और पुरुषों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है, जिनमें शामिल हैं – हेयरकट, हेयर कलरिंग, स्मूदनिंग, केराटिन ट्रीटमेंट, हेयर स्पा, एडवांस्ड स्किन केयर सर्विसेज, फेशियल, वैक्सिंग, थ्रेडिंग, मैनीक्योर, पेडीक्योर, पार्टी और ब्राइडल मेकअप।

रांची आउटलेट, ग्लैम स्टूडियोज की मूल सोच को आगे बढ़ाता है। प्रशिक्षित प्रोफेशनल स्टाफ, इंडस्ट्री-ग्रेड हाइजीन स्टैंडर्ड्स और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के साथ यह सैलून रांचीवासियों के लिए एक शानदार, लेकिन किफायती ब्यूटी डेस्टिनेशन बनने जा रहा है।

ग्लैम स्टूडियोज की सीओओ दरख्शां हुसैन ने कहा कि हम रांची में ग्लैम स्टूडियोज की शुरुआत करके बेहद उत्साहित हैं और एक ऐसे दर्शक वर्ग को सेवाएं देने के लिए तैयार हैं, जो गुणवत्ता और किफायत दोनों को महत्व देता है। झारखंड हमारे लिए एक अहम मार्केट है और हम यहां के प्रोफेशनल्स को सशक्त बनाने के साथ ही ग्राहकों को उच्च स्तर की सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

रांची सैलून के मालिक राहुल ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा मैं हमेशा से मानता रहा हूं कि रांची को भी उन्हीं ब्यूटी और वेलनेस सेवाओं का अनुभव मिलना चाहिए, जो मेट्रो शहरों में उपलब्ध हैं। ग्लैम स्टूडियोज ने मुझे इस विजन को साकार करने का एक बेहतरीन मंच दिया। हम केवल एक सैलून नहीं खोल रहे, बल्कि रांची में सेल्फ-केयर का एक नया मानक स्थापित कर रहे हैं। यह लॉन्च ग्लैम स्टूडियोज की उस यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसका लक्ष्य भारत के टियर-2 और टियर-3 शहरों में गुणवत्तापूर्ण ग्रूमिंग और वेलनेस सेवाओं को सुलभ बनाना है।

# डोर-टू-डोर कचरा उठाव की निगरानी को लेकर आरएफआइडी टैगिंग शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची की सफाई व्यवस्था को बेहतर और जवाबदेह बनाने के लिए रांची नगर निगम ने तकनीकी पहल की शुरुआत की है। नगर निगम ने शहर के ढाई लाख घरों में आरएफआइडी (रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन) टैग लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, ताकि घर-घर कचरा उठाव की प्रक्रिया की निगरानी और ट्रैकिंग संभव हो सके। लेकिन योजना लागू होने के बाद भी अब तक लगभग 1 लाख घरों में ही आरएफआइडी टैग लगाये जा सके हैं। नगर निगम के अनुसार इस योजना का उद्देश्य हर घर से नियमित रूप से कचरा उठाव को सुनिश्चित करना है। आरएफआइडी टैग की मदद से यह साफ तौर पर पता चलेगा कि कचरा उठाने वाली गाड़ी कब, कहां और किन घरों तक पहुंच रही है। इससे न केवल काम में पारदर्शिता आयेगी, बल्कि शिकायतों का निपटारा भी तेजी से हो सकेगा।

इस संबंध में नगर निगम की पदाधिकारी निहारिका तिर्की ने बताया कि यह योजना जोन 3 और 4 में चरणबद्ध तरीके से लागू की गयी है और अभी तक करीब एक लाख घरों में योजना के अंतर्गत काम शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि योजना को पूरे नगर निगम क्षेत्र में लागू किया जाना है, लेकिन फिलहाल कुछ वार्डों में ही यह सक्रिय रूप से चल रही है।

**लोगों से सहयोग की अपील :** नगर निगम ने शहरवासियों से योजना को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी घर में अभी तक टैग नहीं लगाया गया है या कचरा उठाने में कोई समस्या आ रही है, तो वे संबंधित वार्ड या नगर निगम कार्यालय में इसकी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

**निगम को प्राप्त हो रही शिकायतें:** निहारिका तिर्की ने कहा कि कई क्षेत्रों से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि कचरा समय पर नहीं उठाव हो रहा है या टैग नहीं लगाये गये हैं। निगम इन समस्याओं को गंभीरता से ले रहा है और एजेंसियों के साथ मिल कर समाधान की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना जनभागीदारी से सफल हो सकती है और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी इसकी कुंजी है।

## तकनीकी प्रणाली से जुड़ी पारदर्शिता

आरएफआइडी टैग हर घर को एक यूनिक कोड से जोड़ता है। कचरा उठाने वाली गाड़ियों में लगे सिस्टम के जरिए जैसे ही टैग स्कैन होगा, नगर निगम के कंट्रोल रूम में उसकी रियल टाइम जानकारी पहुंच जायेगी। इससे यह स्पष्ट हो जायेगा कि कचरा उठाव हुआ या नहीं। अगर कोई गाड़ी तय रूट पर नहीं जाती है, तो तुरंत उस पर कार्रवाई भी हो सकेगी।

## खामियों को दूर करने का दावा

हालांकि योजना की शुरुआत में कई स्तर पर दिक्कतें भी सामने आ रही हैं। कचरा उठाव एजेंसियों की लापरवाही, सीमित संख्या में टैगिंग और वाहन संख्या की कमी जैसी चुनौतियां हैं, लेकिन निगम का दावा है कि फीडबैक के आधार पर लगातार सुधार किया जा रहा है।

# पवित्र आत्मा के लिए अपना हृदय खुला रखें : आर्चबिशप



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची महाधर्मप्रांत के कैथोलिक कलीसिया के विश्वासियों ने रविवार को पेंतेकोस्ट का पर्व मनाया। यह पर्व प्रेरितों पर पवित्र आत्मा उतरने की घटना को इंगित करता है। इस अवसर पर रांची महाधर्मप्रांत के सामलौंग पल्ली में 82 बच्चे-बच्चियों ने दृढ़ीकरण संस्कार ग्रहण किया। रांची महाधर्मप्रांत के आर्चबिशप विंसेंट आइंद ने मिस्सा बलिदान अर्पित कर दृढ़ीकरण संस्कार की धर्मविधि संपन्न की। आर्चबिशप ने अपने उपदेश में कहा कि पवित्र आत्मा विभिन्नता में एकता लाती है। वह अपने सात वरदानों द्वारा प्रेम का वातावरण स्थापित करती है। उन्होंने पवित्र आत्मा के सातों वरदानों का मर्म समझाया। कहा कि इन वरदानों के लिए अपना हृदय खुला रखें। आर्चबिशप ने कहा कि दृढ़ीकरण संस्कार ग्रहण करने से ही ख्रीस्तीय जीवन की जिम्मेदारी समाप्त नहीं होती है, बल्कि जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उपदेश के बाद आर्चबिशप ने बच्चों के माथे पर पवित्र तेल लगाकर धर्मविधि पूरी की। इससे पूर्व सामलौंग पल्ली के विश्वासियों ने आदिवासी परंपरा-संस्कृति से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में सामलौंग के पल्ली पुरोहित फादर मैक्सीमुस टोप्पो, सहायक पल्ली पुरोहित फादर बनार्बास मिंज, फादर आनंद लकड़ा, आर्चबिशप के सचिव फादर असीम मिंज, धर्मबहनें एवं बड़ी संख्या में विश्वासी उपस्थित थे।

# अनुसूचित जाति आयोग के गठन की मांग हुई तेज

**समन्वय समिति ने दी आंदोलन की चेतावनी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** अनुसूचित जाति समन्वय समिति के तत्वावधान में शनिवार को राजधानी रांची में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। समिति के सदस्यों ने झारखंड सरकार के मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा अनुसूचित जाति समुदाय की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही सरकार से मांग की कि अनुसूचित जातियों से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाये।

प्रेस वार्ता में समिति के सदस्यों ने विशेष रूप से राज्य में अनुसूचित जाति आयोग के गठन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति समुदाय लंबे समय से सामाजिक और आर्थिक असमानता से जूझ रहा है। इसके समाधान के लिए एक सशक्त और स्वतंत्र आयोग का गठन जरूरी है, ताकि समुदाय की समस्याओं की निगरानी और नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो सके।

समिति के सदस्य संतोष रजक ने कहा कि हम अनुसूचित जाति आयोग के गठन की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने हमारी बात को सरकार तक पहुंचाया है, इसके लिए हम उनका धन्यवाद करते हैं, लेकिन अब हमें ठोस कार्रवाई चाहिए। यदि सरकार ने जल्द कदम नहीं उठाये, तो हम राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे। समिति ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार की योजनाएं सिर्फ कागजों पर सिमट कर रह गयी हैं। शिक्षा, रोजगार, आवास और सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में अनुसूचित जाति समुदाय को अब भी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

समिति ने घोषणा की है कि वे शीघ्र ही राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर अपनी मांगों को औपचारिक रूप से प्रस्तुत करेंगे। साथ ही चेतावनी दी कि अगर सरकार ने सकारात्मक पहल नहीं की, तो संघर्ष को और तेज किया जायेगा। प्रेस वार्ता में अन्य सदस्यों ने भी एकजुट होकर समुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही है।






# भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस आज

## झारखंड में धरती आबा से जुड़े पावन स्थलों की देखभाल और संवारने में जुटे हैं लोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** धरती आबा बिरसा मुंडा से जुड़े राज्य में कई ऐतिहासिक स्थल हैं। ये स्थल माटी पुत्र वीर बिरसा मुंडा के संघर्ष और शहादत की कहानी कहते हैं। इस धरोहरों की देखभाल और सजाने-संवारने में कई लोग जुटे हैं। रांची जेल हो या समाधि स्थल, डोंबारी बुरु, उलिहातू बिरसा से जुड़े इन पावन और आस्था के केंद्र में व्यवस्था बनाने में सैकड़ों लोग योगदान दे रहे हैं। इन ऐतिहासिक स्थल में काम करनेवालों में गर्व का भाव है। वे खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं, लेकिन इनकी आय बहुत कम है, जिससे घर चलाना मुश्किल होता है।

**भाग्यशाली हूं कि बिरसा से जुड़े पवित्र स्थल में काम कर रहा हूं :** अभिषेक कुमार जेल पार्क के क्षेत्र कार्य प्रभारी हैं। पिछले एक साल से यहां काम कर रहे हैं। वह कहते हैं कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं। यह झारखंड के साथ-साथ पूरे देश का एक महत्वपूर्ण स्थान है। लोगों को यहां घूमने आना चाहिए। यहां आदिवासी संस्कृति और बिरसा मुंडा के बारे में सीखने को मिलेगा। यहां बिरसा मुंडा के साथ-साथ देश के अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में भी आप जान सकते हैं।

**लेजर शो दिखाते हैं सुरजीत, काम से खुश हैं, लेकिन सैलरी कम :** सुरजीत कुमार जेल पार्क में पिछले तीन वर्षों से काम कर रहे हैं। वह लेजर शो दिखाने का काम करते हैं। सुरजीत बताते हैं कि मैं बिरसा मुंडा की डॉक्यूमेंट्री को लेजर लाइट के माध्यम से दिखाता हूं। इसके साथ-साथ अन्य संबंधित तकनीकी कार्य भी करना रहता है। यहां कई अधिकारी और नेता घूमने आते रहते हैं। काम अच्छा लगता है, लेकिन सैलरी कम है।

**यहां अधिकारी, नेता व अभिनेता आते रहते हैं :** सुमी उरांव बताती हैं कि यहां आदिवासी की पारंपरिक चीजें दिखायी जाती है। पुराने जेल में बिरसा मुंडा का भी इतिहास दिखाया जाता है। हम लोगों को काम करते हुए अच्छा लगता है। यहां अधिकारी, नेता एवं अभिनेता आते रहते हैं।

सुमी बताती है कि यहां हमें कम पैसा दिया जाता है, जबकि दिनभर काम में लगे रहते हैं। संचारिया बताती है कि जब से इस कारागार को खाली करा कर पार्क बनाया गया है, उस समय से काम कर रही हूं। यहां काम करते हुए गर्व महसूस होता है, परंतु पैसा ही कम दिया जाता है। शुरू में एक दिन की सैलरी 170 रुपये थी। उसके बाद 200 हुआ फिर 270 और अब 280 रुपये है। आज बाजार की मजदूरी तकरीबन 350 रुपये है। हमलोग का उतना भी हो जाये, तो अच्छा रहेगा।

# लॉरेंस गैंग से गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा अलग हुए

**सलमान के घर फायरिंग, बाबा सिद्दीकी-मूसेवाला की हत्या जैसी वारदातें साथ कर चुके हैं**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जालंधर।** देश और विदेश में अपना नेटवर्क चलाने वाले गैंगस्टर लॉरेंस का गैंग दो फाड़ हो गया है। कनाडा से लॉरेंस का गैंग संभाल रहा गैंगस्टर गोल्डी बराड़ अब रोहित गोदारा को साथ लेकर अलग हो गया है। इन गैंगस्टरों ने साथ मिलकर सलमान खान के घर पर फायरिंग, सिद्धू मूसेवाला की हत्या, बाबा सिद्दीकी का मर्डर जैसी चर्चित वारदातों को अंजाम दिया था।

लॉरेंस गैंग और पंजाब पुलिस से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, एक तरफ गुजरात की साबरमती जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस और उसका भाई अनमोल बिश्नोई हैं। वहीं, दूसरी तरह कनाडा में बैठा गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा हैं। हालांकि इसे लेकर दोनों ओर से कोई बयान नहीं आया है।

**बराड़-गोदारा ने लॉरेंस के इशारों पर कई देशों में करवाई वारदातें :** गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा वही गैंगस्टर हैं, जिन्होंने विदेश में रहते हुए लॉरेंस के इशारों पर पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, चंडीगढ़, दिल्ली सहित अन्य राज्यों में कई वारदातें करवाई हैं। इनमें हत्या, हत्या की कोशिश, फिरौती सहित अन्य कई मामले शामिल हैं। सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि बराड़ और गोदारा ने मिलकर कनाडा, अमेरिका, यूके, यूरोप में भी लॉरेंस के एंटी गैंग के गुर्गों की टारगेट किलिंग करवाई और खुद भी की। इसमें सबसे बड़ा नाम खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला का खास सुक्खा दुनिके है। हालांकि दोनों गैंगस्टर एक-दूसरे के खिलाफ कोई वारदात या फिर अन्य कोई गतिविधि नहीं कर रहे हैं, मगर दोनों गैंगस्टरों ने बिना लॉरेंस के वारदातें करवानी शुरू कर दी हैं।

### दोनों की विचारधारा बनी गैंग टूटने का कारण

लॉरेंस गैंग से जुड़े कुछ लोगों और पंजाब पुलिस के सूत्रों से पता चला है कि लॉरेंस के लिए काम कर रहे गैंगस्टर गोल्डी बराड़ का उससे अलग होने का सबसे बड़ा कारण दोनों की विचारधारा है। लॉरेंस भारत में एक हिंदू गैंगस्टर के तौर पर अपने आप को दशार्ता है। जबकि गोल्डी बराड़ के लिंक खालिस्तानी आतंकियों के साथ भी हैं। पंजाब पुलिस की जांच में कई बार सामने आ चुका है कि गोल्डी बराड़ खालिस्तानी आतंकियों के टच में है।

# अन्नपूर्णा महाप्रसाद में तीन हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**भजन-संध्या में मनमोहक भजनों में भक्तगण खूब झूमे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 210वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा महाप्रसाद डूंगरमल अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल ने अपनी पोती सान्वी एवं मेहल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर उनके परिवार के सौजन्य से आयोजित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगायी गयी। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित 3 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने कृष्ण दरबार में अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गयी। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, अंजनी अग्रवाल, संजय सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, मधु जाजोदिया, विशाल जालान, नंदकिशोर चौधरी, सुनील पोद्दार, अनिल अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, विष्णु सोनी, पवन कुमार पोद्दार, अजय राय,मनीष सोनी, महेश वर्मा, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहू, चंद्रदीप साहू, हरीश कुमार, अशोक ठाकुर, सुधीर कुमार, सत्यम कुमार, आशीष कुमार और सूरज कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं-पुरुष उपस्थित थे।

## आप्पू की पाठशाला की प्रथम वर्षगांठ का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। आपनजन बंगाली संगठन, (सिंहमोड़) रांची द्वारा संचालित आप्पू की पाठशाला का विशेष आयोजन रविवार को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक संपन्न हुआ। यह पाठशाला झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के मार्गदर्शन और संरक्षण में चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य बांग्ला भाषा का प्रचार-प्रसार करना और नयी पीढ़ी को मातृभाषा से जोड़ना है। इस पाठशाला के लिए विशेष इसलिए भी रहा, क्योंकि इसकी पहली वर्षगांठ पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष आरसी सरकार और सचिव जगत ज्योति रॉय ने अपने विचार साझा किये और इस प्रयास को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। बता दें कि आप्पू की पाठशाला हर रविवार को नियमित रूप से चलायी जाती है, जहां न सिर्फ बच्चों को बांग्ला पढ़ना और लिखना सिखाया जाता है, बल्कि उनके लिए निःशुल्क किताबें, कॉपियां, पेंसिल आदि शैक्षणिक सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती हैं। यह पहल पूर्णतः निःशुल्क है और इसमें कोई शुल्क नहीं लिया जाता। इस प्रयास से आसपास के इलाके के बच्चे, युवा और यहां तक कि बुजुर्ग भी बड़ी रुचि से जुड़ रहे हैं। लोगों में बांग्ला भाषा सीखने के प्रति उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। पाठशाला में कार्यरत शिक्षिकाएं भी पूरी निष्ठा के साथ निःशुल्क सेवा दे रही हैं, जो इस कार्य को और अधिक प्रभावशाली बना रही हैं। श्री राय ने बताया कि यह प्रयास न केवल भाषा को जीवित रखने की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक पहचान को भी सुदृढ़ करता है।

# देवघर से दिल्ली की इंडिगो की नाइट फ्लाइट 15 से तीन माह के लिए बंद

**दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-टू में काम होने के कारण तीन माह यात्रियों को होगी परेशानी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** रात में विमान से देवघर से दिल्ली जाने-आने वाले यात्रियों के लिए 15 जून से परेशानी बढ़ने वाली है। देवघर-दिल्ली के बीच उड़ान भरे वाली इंडिगो फ्लाइट की सेवा तीन माह के लिए बंद हो रही है। इंडिगो प्रबंधन के इस निर्णय के कारण अब 14 जून के बाद की फ्लाइट की बुकिंग भी बंद कर दी गई है। हालांकि देवघर एयरपोर्ट से देवघर-दिल्ली और दिल्ली-देवघर के बीच इंडिगो की दिन की फ्लाइट हर दिन यात्रियों के लिए उपलब्ध है। लेकिन रात की फ्लाइट तीन माह के लिए बंद होने जा रही है। देवघर एयरपोर्ट में इंडिगो के प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-टू में काम हो रहा है। नाइ फ्लाइट सेवा 15 जून से अगले तीन माह तक बाधित रहेगी।

### निशिकांत दुबे के प्रयास से शुरू हुई थी रात्रि सेवा

भाजपा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के प्रयासों से शुरू हुई विमान सेवाओं से जहां एक ओर देश-विदेश में रहने वाले श्रद्धालुओं के लिए बाबा वैद्यनाथ की पूजा-अर्चना करना आसान हो गया है, वहीं, रात्रिकालीन विमान सेवा की शुरूआत होने से दिल्ली से आने वाले भक्तों की उसी दिन वापसी भी संभव हो पा रही है। पर तकनीकी कारणों से लिए जा रहे निर्णय के आलोक में अब जून माह के मध्याह्न से आने वाले तीन माह तक दिल्ली से बाबा की पूजा कर श्रद्धालु उसी दिन वापस दिल्ली नहीं लौट पाएंगे।

### 16 अप्रैल से शुरू हुई थी नाइट फ्लाइट

देवघर एयरपोर्ट से 16 अप्रैल 2025 से ही रात्रि विमान सेवा की शुरूआत हुई है। इतना ही नहीं यह निर्णय यात्रियों के साथ इंडिगो प्रबंधन के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है। एयरपोर्ट शुरू होने वाले दिन से ही समय-समय पर विमान सेवाओं का विस्तार होता रहा है। पहले कोलकाता, दिल्ली, रांची, पटना और उसके बाद क्रमशः बंगलुरू, मुंबई के लिए देवघर एयरपोर्ट से इंडिगो की फ्लाइट दिन में उड़ान भरने के साथ लैंड करती थी। वहीं रांची और पटना के लिए फ्लाइट गत कुछ समय से बंद कर दी गयी है। फिर 16 अप्रैल से देवघर एयरपोर्ट से रात्रि विमान सेवा की शुरुआत कर गयी। दिल्ली से इंडिगो की सीधी फ्लाइट शाम 5.15 बजे उड़ान भर एक घंटे 55 मिनट बाद शाम 7.10 बजे देवघर एयरपोर्ट पर लैंड करती है। पुनः वही विमान देवघर से दिल्ली के लिए शाम 7.40 बजे उड़ान भर 9.30 बजे दिल्ली पहुंचती है।

# महेश नवमी महोत्सव का समापन समारोह

# बुजुर्ग सदस्य, बच्चे, युवा प्रतिभा का सम्मान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आठ दिवसीय महेश नवमी पर्व का समापन रविवार को संपन्न हुआ। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के सभागार में वरिष्ठ समाज जन सम्मान, ओजस्वी प्रतिभा पुरस्कार, विशेष प्रतिभा पुरस्कार और सांस्कृतिक कार्यक्रम साथ ही सामूहिक सहभोज के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में लव मैरिज - अरेंज मैरिज, एकल परिवार -संयुक्त परिवार, अंतरजातीय विवाह, लड़कियों की उच्च शिक्षा, वित्तीय स्वतंत्रता, उच्च करियर की चाह, देर से होने वाली शादी, बच्चें न पैदा करने की प्रवृत्ति आदि विषयों पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने सहमति बनायी कि सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों का ह्रास चिंता का विषय है। महिला वरिष्ठ सम्मान में मंजू बोड़ा, मंजू दरगड़, पुष्पा मारू, बीना साबू, कौशल्या सोमानी, परमेश्वरी देवी पचिशिया और पुरुष वरिष्ठ समाजजन सम्मान में उमाशंकर बियानी, हरि प्रसाद बियानी, कमल कुमार लाखोटिया, प्रभात महेश, कृष्ण कुमार साबू, गोपाल सोडाणी का सम्मान माहेश्वरी समाज के द्वारा स्मृति चिन्ह, श्रीफल, धार्मिक पुस्तक, शॉल और पुष्प देकर किया गया। मंच संचालन विजयश्री साबु ने की। ओजस्वी प्रतिभा पुरस्कार के लिए छात्रों को प्रतिभा पुरस्कार में स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। महोत्सव को सफल बनाने में मुख्य संयोजक सुरेश सारडा, अमित मालपानी, विनीता बिहानी, कविता मंत्री, आकाश चितलांगिया, अंकित काबरा की प्रमुख भूमिका रही।

## त्रयोदशी तिथि पर उमड़ा आस्था का सैलाब, देवघर में लाखों श्रद्धालुओं ने किये बाबा बैद्यनाथ के दर्शन



देवघर (आजाद सिपाही)। ज्येष्ठ माह की त्रयोदशी तिथि पर महादेव की नगरी देवघर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। रविवार अहले सुबह बाबा बैद्यनाथ मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। बाबा के दर्शन एवं जलार्पण के लिए श्रद्धालु उत्साह के साथ पंक्तिबद्ध नजर आए। वहीं, मंदिर प्रशासन और पुलिस-प्रशासन को भीड़ नियंत्रित करने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। बाबा मंदिर के वरिष्ठ पुरोहित जयदेव मिश्रा ने बताया कि त्रयोदशी की शुभ तिथि पर झारखंड ही नहीं, बल्कि बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और ओड़िशा जैसे आसपास के राज्यों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु देवघर पहुंचे। सभी श्रद्धालु बाबा पर जल चढ़ाकर अपने परिवार और समाज के कल्याण की कामना कर रहे हैं। कहा कि 'गर्मी की छुट्टियां और रविवार होने की वजह से आज की भीड़ अप्रत्याशित है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं।' मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए हैं, जिसमें पेयजल, चिकित्सा सेवा, ठहराव की व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। हालांकि, अत्यधिक भीड़ के कारण कई जगहों पर अव्यवस्था भी देखी गई, लेकिन सुरक्षा बलों की तत्परता ने हालात को नियंत्रित बनाए रखा। देवघर नगर निगम और जिला प्रशासन के अधिकारी लगातार भीड़ प्रबंधन और साफ-सफाई की निगरानी कर रहे हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# शादी में रिश्तेदार बनकर पहुंची पुलिस, चार साल से फरार दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पाटन/पलामू।** जिले के पाटन थाना क्षेत्र की पुलिस ने फिल्मी अंदाज में रिश्तेदार बनकर एक शादी समाहोर में शामिल हुए और चार साल से फरार चल रहे दुष्कर्म के एक आरोप को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान दिलीप महतो के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पुलिस टीम शनिवार की शाम आरोपी दिलीप महतो के साले की शादी में रिश्तेदार बनकर पहुंची थी। ढोल बजाए, मेहमानों से घुल-मिलकर रही और जैसे ही दिलीप महतो वहां पहुंचा, उसे दबोच लिया।

गौरतलब हो कि साल 2021 में पाटन थाना क्षेत्र की एक लड़की से दुष्कर्म हुआ था, तब आरोपी ने परिवार को धमका कर थाने जाने से रोका, पर पीड़िता ने किसी तरह जाकर शिकायत दर्ज करा दी। इसके बाद से ही दिलीप महतो फरार चल रहा था। इसी बीच पुलिस को दिलीप के आने की सूचना मिल गयी। इसके बाद पाटन थाना के प्रभारी लालजी के नेतृत्व में पुलिस ने शादी वाले घर में रिश्तेदार बनकर एंट्री ली। ढोल पीटा, रस्मों में शामिल हुए। फिर दिलीप जैसे ही समारोह में पहुंचा, टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# 2000 रुपये नहीं देने पर प्रसूता को बिना दवा और भोजन के दिनभर रखा अस्पताल में

**प्रसूता को घर पहुंचाने के लिए आये ममता वाहन को भी लौटा दिया स्वास्थ्यकर्मी ने**

**इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया और स्वास्थ्य व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार और संवेदनहीनता को उजागर कर दिया है**

**लोगों ने उपायुक्त से इस पूरे मामले की जांच और जिम्मेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**लावालौंग /चतरा।** सरकार भले ही गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का दावा करती है, लेकिन लावालौंग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आयी है। प्रसूता किरण देवी पिता केसर यादव से अस्पताल की स्वास्थ्यकर्मी मंजू देवी द्वारा प्रसव कराने के बदले दो हजार रुपये की खुलेआम मांग की। परिजनों के अनुसार, महिला का सफल प्रसव सुबह में ही हो गया था, लेकिन पैसे नहीं देने के कारण रात 9:30 बजे तक प्रसूता को स्वास्थ्य केंद्र से छुट्टी नहीं दी गयी। इस दौरान दिनभर महिला को ना तो दवा दी गयी और ना ही भोजन और पानी उपलब्ध कराया गया। साथ ही मंजू देवी ने प्रसूता को घर पहुंचाने के लिए आया ममता वाहन को भी खाली वापस भेज दिया। जिससे प्रसूता और उसके परिजनों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। जबकि सरकारी अस्पतालों में प्रसूता की निःशुल्क इलाज और साथ ही 'जननी सुरक्षा योजना' और 'ममता वाहन योजना' के तहत महिलाओं को हर संभव सुविधा प्रदान की जाती है। इस घटना ने स्वास्थ्य व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार और संवेदनहीनता को उजागर कर दिया है। इस घटना से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। स्थानीय लोगों ने उपायुक्त से इस पूरे मामले की जांच और जिम्मेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## डांसर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**छतरपुर/पलामू।** छत्तीसगढ़ की रहने वाली एक डांसर की छतरपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान प्रिया कुमारी के रूप में हुई है, जो मूल रूप से लखनपुर के नावापारा क्षेत्र की निवासी थी। जानकारी के अनुसार प्रिया कुमारी एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अपने साथियों के साथ छतरपुर आई थीं। शनिवार की रात वह शौच के लिए गयी थीं। लौटने के बाद उसने सिरदर्द की शिकायत की। हालत बिगड़ती चली गयी और उल्टियां होने लगीं। इस पर साथियों ने मकान मालिक को बुलाया गया। इसके बाद उसे दो इंजेक्शन भी लगाये, जिसके बाद उनकी तबीयत और बिगड़ गयी। स्थिति गंभीर होने पर छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## शपथ-पत्र

शपथ पत्र Series No. 23-24/SI 17946 दिनांक 04/03/2025 के अनुसार मैं, मो. शाहीद पिता-अरशद अयुब ग्राम काठीटांड, रातु, पोस्ट-रातु, थाना-रातु जिला-रांची, पिन कोड- 835222 (झारखण्ड) का स्थायी निवासी हूं। मैं शपथ पुवर्क निम्न व्यान करता हूं जो मेरे जानकारी में सही एवं सत्य है:-

1. यह कि मैं भारतीय नागरिक एवं उक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरा वास्तविक नाम मो. शाहीद है। एवं सही जन्म तिथि-10/01/2005 ई. है जो मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में दर्ज है।
3. यह कि मेरे नाम से आधार कार्ड संख्या-9319 6931 8042 निर्गत है। जिसने मेरा घारेलु एवं पुकारू नाम मो. राज दर्ज है। एवं जन्म वर्ष-2004 दर्ज है। जो गलत है।
4. यह कि मो. शाहीद एवं मो. राज दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है जो मैं ही हूं।
5. यह कि यह शपथ पत्र मैं आधार कार्ड में मो. राज के स्थान पर सही नाम-मो. शाहीद एवं जन्म वर्ष-2004 के स्थान पर सही जन्म तिथि-10/01/2005 सुधार करवाने हेतू बना रहा हूँ।
6. यह कि उपरोक्त समस्त बाते सत्य एवं सही है। गलत पाये जाने पर मैं जिम्मेवार होऊंगा।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 09 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# भारत-कनाडा में संबंध सुधारने का मौका

भारत और कनाडा के रिश्ते ऐतिहासिक तौर पर काफी अच्छे रहे हैं और कनाडा भारतीयों का पसंदीदा देश रहा है। विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक कनाडा में 28.75 लाख भारतीय रहते हैं और 2023 में कनाडा ने रिकार्ड 2.78 लाख भारतीय स्टूडेंट्स को स्टडी वीजा जारी किये थे। 18 जून, 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हुई हत्या के 2 महीने बाद 18 सितम्बर को कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा की संसद में खड़े होकर बिना प्रमाण के इस हत्या का आरोप भारत पर लगा दिया। इसके बाद से ही कनाडा और भारत के संबंधों में खटास आनी शुरू हो गयी। जस्टिन ट्रूडो के इस आरोप के बाद भारत ने कनाडियन नागरिकों के वीजा पर रोक लगा दी और कनाडा के दूतावास में कर्मचारियों की संख्या घटाने का आदेश दे दिया। इसके जवाब में कनाडा ने भी भारत के राजदूत संजय वर्मा सहित 6 अधिकारियों को कनाडा छोड़ने के आदेश दे दिए। भारत ने सख्त रुख अपनाते हुए अक्टूबर 2023 को भारत स्थित कनाडियन दूतावास के 41 कर्मियों को देश से निकालने के आदेश दे दिये। इससे भारत में कनाडा के चंडीगढ़, मुंबई, बेंगलुरू स्थित दूतावासों को बंद करना पड़ा और वीजा प्रोसेसिंग के लिए स्टाफ कम होने से भारतीयों को कनाडियन वीजा मिलने में देरी होने लगी। कनाडा में बसने वाले भारतीय नागरिक भी इस दौरान अपने घरों में खुशी या गम के माहौल में भारत नहीं आ पाये। दोनों देशों के बीच संबंधों में आई इस खटास का असर भारत से पढ़ाई के लिए कनाडा जाने वाले स्टूडेंट्स पर भी पड़ा। 2023 में कनाडा ने भारतीयों को 2.78 लाख वीजा जारी किए थे जो 2024 में कम हो कर 1.21 लाख रह गये, जबकि इस साल सिर्फ 96,015 स्टूडेंट्स को ही वीजा जारी किये गये हैं। कनाडा इस साल जी-7 का मेजबान देश है और मार्क कार्नी ने इस मौके का लाभ उठाते हुए, खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 15 से 17 जून तक कनाडा में होने वाली जी-7 सम्मिट में आने का न्योता दिया है। इस न्यौते के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ फोन पर बात करके अत्यंत खुशी हुई। मैंने उन्हें हाल ही में मिली चुनावी जीत पर बधाई दी और इस महीने में कनानस्किस (अल्बर्टा) में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए निमंत्रण हेतु धन्यवाद भी दिया। लिहाजा भारत को अब इस मौके का कनाडा के साथ संबंधों में सुधार के लिए इस्तेमाल करना चाहिए। कनाडा भारत का पुराना दोस्त रहा है और दोनों देशों के मध्य व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंधों का लंबा इतिहास भी रहा है।

**कनाडा इस साल जी-7 का मेजबान देश है और मार्क कार्नी ने इस मौके का लाभ उठाते हुए खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 15 से 17 जून तक कनाडा में होने वाली जी-7 सम्मिट में आने का न्योता दिया है।**

अभिमत आजाद सिपाही

**510 एकड़ में फैले इस देश की आबादी सन 2024 में 38,423 गिनी गई थी। यह दुनिया का सबसे अमीर देश है। सबसे अधिक ईसाई हैं और अन्य धर्मों में 280 मुस्लिम और 100 हिंदू भी यहां रहते हैं। हमारे देश के कई अमीर लोगों ने यहां अपना आशियाना बनाया हुआ है। हिंदुजा परिवार का एक सदस्य भी यहां रहता है। हालांकि पर्यटन यहां का प्रमुख आकर्षण है लेकिन व्यापार के लिए भी यह स्थान विशेष महत्व रखता है।**

# दुनिया के दूसरे सबसे छोटे और सबसे अमीर देश मोनाको की यात्रा

**पूरन चंद सरीन**



भूमध्यसागर के तट पर स्थित, प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर, पहाड़ियों के बीच और ऐतिहासिक राजघराने की धरोहर समेटे 2.08 किलोमीटर में बसा मोनाको दुनिया में वैटिकन के बाद दूसरा सबसे छोटा देश है। कान्स फिल्म समारोह की गहमागहमी के दौरान एक दिन की यात्रा पर यहां पहुंचे तो एक अलग ही संसार के दर्शन हुए। इसके बारे में जो सुना और पढ़ा था, उससे भी अधिक दिलचस्प यह क्षेत्र है।

**मोंटे कार्लो, फार्मूला वन रेस और कैसीनो :** कान्स से सवा घंटे की रेल यात्रा के दौरान फ्रांस के इस इलाके के प्राकृतिक सौंदर्य, समुद्र की लहरें और किनारों पर होटल, रेस्तरां, रिसॉर्ट तथा व्यावसायिक इमारतों को देखते हुए मोनाको मोंटे कार्लो पहुंचकर जब स्टेशन से बाहर निकलना हुआ तो समझ नहीं आया कि यहां की सैर कैसे करनी है। एक सहयात्री ने बस स्टेशन का रास्ता बताया, जहां से बस में बैठ कर पूरे क्षेत्र का नजारा देख सकते हैं।

दोमंजिला बस में ऊपर की सीट पर बैठते ही अद्भुत दृश्य दिखाई देने लगे। विशाल, भव्य और विलासिता के साधनों से भरपूर इमारतों की श्रृंखला शुरू हो गयी। एक स्टेडियम सामने दिखा, जो इस समय तो खाली था, लेकिन वहां लगी बेंचें और सड़क पर बने कारें खड़ी करने के स्थल, वर्कशॉप और उनमें दुनिया भर के प्रसिद्ध कार चालकों के चित्र देखकर अनुमान लगाना शुरू किया कि जब यहां कार दौड़ होती होगी, तो कैसा वातावरण होता होगा।

मोनाको में कारों का सबसे बड़ा डिस्ट्रिक्ट है और फार्मूला वन रेस देखने या उसमें भाग लेने के लिए दुनिया भर से सैलानी यहां आते हैं। रोमांचक कार दौड़ और सबसे महंगी गाड़ियों को फर्राटे भरते हुए देखने का शौक यहीं पूरा हो सकता है। ग्रैंड प्री मोटर रेसिंग से ही फार्मूला वन की नींव पड़ी है। यह दौड़ दुनिया में बहुत सी जगहों पर होती है, लेकिन जो रौनक मोनाको में देखने को मिलती है, उसका कोई मुकाबला नहीं। फिर यहां विशाल समुद्र के दर्शन हुए। अनंत सागर, झिलमिलाती नीली चादर और सूर्य की किरणों से चमकती जलराशि, मानो जैसे धीर गंभीर समुद्र अपने पास बुला रहा हो। यहां दो बंदरगाह हैं, जिनमें पर्यटकों के लिए नाव और छोटे-बड़े जहाज हैं। इनमें सैर करना केवल धन्ना सेठों के लिए ही संभव है। इनमें विलासिता के सभी साधन होते हैं। इसके बाद आता है कैसीनो, जिसके लिए यहां दुनिया भर के अमीर लोग आते हैं, वक्त बिताते हैं और जुआ खेलते हैं। बाहर से देखने पर इसकी भव्यता का अनुमान लग जाता है, अंदर जाकर देखने की सुविधा हरेक के लिए नहीं है इतना बड़ा कैसीनो कहीं और नहीं है, इसलिए यहां आकर इसे देखने का अलग ही अहसास होता है। इसके बाद राज महल, जिसके सामने तैनात सुरक्षा कर्मी अपने विशिष्ट अंदाज में स्वागत करते हैं। पैदल चलते हुए, पहाड़ीनुमा रास्तों से होते हुए और किनारे पर कॉरिडोर की तरह बनी सुरंग के बीच से एक विशाल महल में पहुंचते हैं, तो आश्चर्य होता है कि इस सुनसान जगह पर किस तरह किले जैसा निर्माण हुआ होगा। लिफ्ट, एलीवेटर से होते हुए म्यूजियम तक पहुंचना और वहां से पूरे इलाके का दृश्य देखना अद्भुत है। समुद्र के किनारे इतनी ऊंची दीवारें बनाना और उनमें सभी तरह की सुविधाएं देना वास्तुकला का उत्कृष्ट नमूना है। पहाड़ी जैसी दीवारें और उन पर बनी आकृतियां देखते ही बनती हैं।

**अमीरी का पैमाना :** 510 एकड़ में फैले इस देश की आबादी सन 2024 में 38,423 गिनी गई थी। यह दुनिया का सबसे अमीर देश है। सबसे अधिक ईसाई हैं और अन्य धर्मों में 280 मुस्लिम और 100 हिंदू भी यहां रहते हैं। हमारे देश के कई अमीर लोगों ने यहां अपना आशियाना बनाया हुआ है। हिंदुजा परिवार का एक सदस्य भी यहां रहता है। हालांकि पर्यटन यहां का प्रमुख आकर्षण है लेकिन व्यापार के लिए भी यह स्थान विशेष महत्व रखता है। मछलीपालन मुख्य व्यवसाय है लेकिन बैंकिंग तथा वित्तीय सेवाओं के लिए दुनिया भर से लोग यहां आते हैं। आमदनी पर कोई टैक्स न लगने से यह टैक्स स्वर्ग कहलाता है।

रियल एस्टेट का भी कारोबार है और विलासिता की वस्तुओं का लेन-देन करने की प्रमुख जगह है। सभी अमीर देशों ने यहां अपने कार्यालय खोले हुए हैं। करोड़पति और अरबपति ही यहां रह सकते हैं और व्यापार कर सकते हैं। काम करने के लिए सैकड़ों लोग प्रतिदिन फ्रांस और इटली से तेज गति से चलने वाली रेलगाड़ियों से यहां आते हैं और शाम को लौट जाते हैं। यहां एक दिन का रहने और खाने-पीने का खर्च लाखों का है। सड़कों पर एक से एक महंगी कारें दौड़ती दिखाई देंगी। पुलिस व्यवस्था बहुत अच्छी है, आने-जाने के साधन पर्याप्त हैं, बेरोजगारी का प्रश्न नहीं, चौराहों, गलियों और सड़कों पर यातायात व्यवस्था बहुत अच्छी है।

सामुद्रिक संग्रहालय यहां विशेष रूप से लोग देखने आते हैं। राजमहल के सामने यह स्थित है। यहां के निवासियों की औसत आयु 90 वर्ष है। साफ, स्वच्छ वातावरण, चारों ओर हरियाली और बहुमंजिला इमारतों में शानदार फ्लैट यहां की जीवनचर्या का मुख्य बिंदु है। लगभग 2 लाख अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति की कमाई है और विलासितापूर्ण जीवन जीने की पूरी सुविधा है। वैसे तो इसका अपना संविधान है लेकिन राजशाही का बोलबाला है। अपराध से अछूता है, फांसी की सजा 1962 में समाप्त कर दी गयी थी। महिलाओं के लिए सभी प्रकार की स्वतंत्रता है। मूलभूत अधिकारों की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट है। सुरक्षा की जिम्मेदारी के लिए फ्रांस के साथ समझौता है और वही इसके लिए आवश्यक प्रबंध करता है। 18वीं सदी में फ्रांसीसी क्रांति के समय इस पर फ्रांस का कब्जा हो गया था, लेकिन नेपोलियन की मृत्यु के बाद यह फिर से सार्डिन राजशाही के अंतर्गत आ गया और अब तक स्वतंत्र देश है। 19वीं सदी में मोंटे कार्लो कैसीनो बना और पेरिस के साथ रेल मार्ग स्थापित हुआ। यह देश मनी लॉड्रिंग के लिए भी चर्चित रहा है।

एक अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय है, जिसमें पढ़ने की फीस 13 से 26 लाख वार्षिक तक है। भव्य भवन और वास्तुकला का शानदार उदाहरण इस विश्वविद्यालय की इमारत है। 1986 में इसकी स्थापना हुई थी। अमीर देशों से यहां पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों की संख्या काफी है। फ्रेंच भाषा बोली जाती है और यूरो यहां की मान्य मुद्रा है। लोग स्वभाव से शांत, मिलनसार और अपने काम से काम रखने वाले हैं।

अल्बर्ट द्वितीय यहां के राजकुमार हैं, जिनकी आयु 67 वर्ष है और सन 2005 से सत्ता में हैं। राजकुमारी चार्लिन उनकी पत्नी हैं और उनके 4 बच्चे हैं, जिनमें से 2 अनैतिक हैं। इंग्लैंड की महारानी से लगभग दोगुना इनकी संपत्ति का मूल्य है। वे ही सरकार का गठन करते हैं जो उनके प्रति उत्तरदायी है। राष्ट्रीय परिषद है जो राजशाही तथा प्रजातांत्रिक व्यवस्था का संचालन करती है। प्राकृतिक सौंदर्य ने इसे एक दर्शनीय स्थल बना दिया है।

**510 एकड़ में फैले इस देश की आबादी सन 2024 में 38423 गिनी गयी थी।**

## कोल्हान की खबरें

# आदित्यपुर में ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान बीती रात आशियाना मोड़ के पास से 16 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोनू सोनकर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के पास से 3.42 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाइल जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार चेकिंग के दौरान आरोपी संदिग्ध अवस्था में गम्हरिया की ओर भागने लगा। जिसे खदेड़कर पकड़ा गया। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस का यह अभियान अपराध नियंत्रण के लिए आगे भी जारी रहेगा।

# राजनगर पुलिस ने 24 घंटे में चोरी हुआ हाइवा किया बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**राजनगर।** सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के हाइवा को महज 24 घंटे में बरामद कर लिया। रविवार को पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में विशाल सिंह और सुमन कुमार मंडल शामिल हैं। पुलिस के अनुसार हाइवा 6 जून की रात बड़ा बाना कैंप के पास से चोरी हुई थी। उड़ीसा के मयूरभंज जिले के सिदाडीह ग्राम निवासी व आरके कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत दीनबंधु हेंब्रम ने राजनगर थाना में मामला दर्ज कराई थी। सरायकेला एसपी मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर एसडीपीओ समीर सवैया और सरायकेला अंचल के इंस्पेक्टर नितिन कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर कारवाई की गई। टीम ने तकनीकी विश्लेषण और खुफिया सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को चोरी की गाड़ी के साथ गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने पुलिस के समक्ष चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। छापेमारी अभियान में राजनगर थाना प्रभारी चंचल कुमार, एसआई सुभाष चंद्र शर्मा और सशस्त्र बल के जवान भी शामिल रहे।

एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने पुलिस टीम के इस त्वरित और सफल ऑपरेशन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# रानीडीह कोकेटोला में हूल दिवस आयोजन को लेकर बैठक

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आगामी 30 जून को हूल दिवस के भव्य आयोजन को लेकर आज ग्राम रानीडीह कोकेटोला स्थित पंचायत भवन परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवक सुनील किस्कू ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक पूजा-अर्चना से की जाएगी। इसके बाद हो, संथाल और माझी बाबाओं को सम्मानित किया जाएगा, साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी धूमधाम से किया जाएगा। बैठक में झामुमो नेता बहादुर किस्कू, कारू हांसदा, ठकरा टुडू, सिंगराय हांसदा, अनिल पात्रो, दुखू टुडू, सूरज दास, होपेन हांसदा, डेविड दास, सूरज गोप, दामु बारी और केडी टुडू समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सभी उपस्थित लोगों ने सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

# आदित्यपुर स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर जन कल्याण मोर्चा का 12 जुलाई को सांकेतिक धरना



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के जन कल्याण मोर्चा ने आदित्यपुर-2 स्थित कार्यालय में बैठक का आयोजन किया। रविवार को बैठक में आदित्यपुर रेलवे स्टेशन के सौंदर्यकरण और ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर नाराजगी जताई। मोर्चा ने चेतावनी दी अगर एक माह में सभी ट्रेनों का ठहराव शुरू नहीं हुई तो 12 जुलाई को सांकेतिक धरना दिया जाएगा। मौके पर उन्होंने आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में 5 वर्षों से लंबित पेयजल योजना पर भी रोष व्यक्त की।बैठकबके दौरान मोर्चा ने सरकार से जिले में जल-आधारित नए उद्योगों को लाइसेंस न देने की मांग की।

# धतकीडीह ठक्कर बाबा मध्य विद्यालय में दो अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण का शिलान्यास



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** धतकीडीह स्थित ठक्कर बाबा मध्य विद्यालय में झारखंड सरकार की जिला योजना अनाबद्ध निधि से दो अतिरिक्त वर्ग कक्षों के लिए शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।रविवार को जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय के पहल पर शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक सचिव ब्रजेश सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू और सांसद विद्युत वरण महतो के प्रतिनिधि विकास शर्मा शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया गया इस अवसर पर विद्यालय परिवार और स्थानीय नागरिकों में खुशी का माहौल देखने को मिला। अतिरिक्त वर्ग कक्षों के निर्माण होने से छात्रों को बेहतर शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध होगी।

# एलजीबीटी समुदाय के लिए लीगल लिटरेसी वर्कशॉप आयोजित

**समानता, गरिमा और न्याय केवल शब्द नहीं यह हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार : कुणाल सारंगी**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर क्वीयर सर्कल की ओर से बिस्टुपुर के एक होटल में लीगल लिटरेसी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य एलजीबीटी समुदाय को कानूनी अधिकारों की जानकारी देना और सशक्त बनाना था। कार्यक्रम प्लान इंडिया,दा हम सफर ट्रस्ट और दा ग्लोबल फण्ड के सहयोग से आयोजित किया गया।मौके पर 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता कुनाल सारंगी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पा और ऋषिका के स्वागत भाषण से हुई।

झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता कुनाल सारंगी ने कहा कि समानता, गरिमा और न्याय केवल शब्द नहीं यह हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार हैं। ऐसे प्रयास एलजीबीटी समुदाय को न्याय के रास्ते पर मजबूती से खड़ा करते हैं। सौविक साहा ने एलजीबीटी समुदाय से जुड़े कानूनी परिदृश्य पर प्रकाश डाला। डालसा के प्रतिनिधियों और डॉन हंसर ने ट्रांसजेंडर अधिकार अधिनियम, 2019 और भारतीय न्याय संहिता पर जानकारी दी। नालसा निर्णय और धारा 377 जैसे ऐतिहासिक मामलों पर चर्चा के बाद प्रतिभागियों ने अपने कानूनी अनुभव साझा की और समाधान पर विचार किया। कार्यक्रम का समापन वे फॉरवर्ड सत्र, अनुभव साझा करने और समूह भोज के साथ हुआ।यह कार्यशाला एलजीबीटी समुदाय के लिए कानूनी सशक्तिकरण और समावेशिता की दिशा में एक प्रभावशाली कदम साबित हुई।

# कांग्रेस संगठन सृजन की बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यालय, तिलक पुस्तकालय बिष्टुपुर में जिला स्तरीय संगठन सृजन बैठक का आयोजन किया गया।रविवार को बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने की। उन्होंने सभी विभागीय अध्यक्षों को प्रखंड स्तर पर बैठक, नुक्कड़ सभा, जनसमस्याओं के समाधान हेतु मांग पत्र सौंपने, मजदूरों के बीच गेट मीटिंग, संगठन विस्तार और 12 जून तक कमिटी गठन का निर्देश दिया। बैठक में सेवादल, महिला कांग्रेस, अनुसूचित जाति, ओबीसी, आरटीआई, सोशल मीडिया समेत कई विभागों के पदाधिकारी एवं समन्वयक शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह आजाद व ब्रजेन्द्र तिवारी ने की।

# रांची एयरपोर्ट का नाम 'भगवान बिरसा मुंडा' करने की मांग पर अमरप्रीत सिंह काले ने सीएम के नाम लिखा पत्र

**रांची/ जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले ने रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट का नाम बदलकर ह्यभगवान बिरसा मुण्डा एयरपोर्टह्ण करने की मांग की।उन्होंने इस संबंध में सीएम हेमंत सोरेन को एक भावनात्मक पत्र भेजा।श्री काले ने कहा बिरसा मुण्डा को ह्यभगवानह्ण कहना झारखंड की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक भावना के प्रतीक है। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित कई नेता भी उन्हें ह्यभगवान बिरसा मुण्डाह्ण कहकर संबोधित करते हैं। श्री काले ने कहा यह मांग पत्र प्रधानमंत्री, राज्यपाल, नागरिक उड्डयन मंत्री सहित संबंधित अधिकारियों को भी भेजा गया है। काले ने उम्मीद जतायी कि सरकार जल्द इस पर संवेदनशील निर्णय लेगी।

## सहीजना फीडर में आज से एक सप्ताह तक बंद रहेगी बिजली

गढ़वा (आजाद सिपाही)। शहर के सहीजना फीडर में चिनिया मोड़ से लेकर नहर चौक तक 11000 बोल्ट लाइन शिफ्टिंग के लिए रेल पोल खड़ा करने हेतु सुबह 9:00 बजे से 11:00 तक एवं दोपहर में 2:00 से 4:00 तक लाइन बंद रहेगा। यह कार्य दिनांक 9 जून 2025 से लगातार एक सप्ताह तक जारी रहेगा। उपरोक्त जानकारी विद्युत विभाग के कनीय अभियंता ने दी।

## तीन युवक घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर खरौंधी मुख्य पथ पर बनसानी गांव के पास बीती रात्रि कुता को बचाने के दौरान बाईक अनियंत्रित होकर पलटने से उस पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को परिजनों के द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। घायलों में यूपी के रामगढ़ निवासी अजीज अंसारी पिता कमालुदीन अंसारी, कोण थाना के देवाटन निवासी अंसार अली पिता मेराज अली तथा जबीर अली पिता मेराज अली का नाम शामिल है।

### गढ़वा अंतरराज्यीय बस अड्डा पर फिर खूनी खेल की आहट

# दो बस एजेंटों में मारपीट, चमके हथियार, हवाई फायरिंग भी की गयी, एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला अंतर्राज्यीय बस अड्डा में शनिवार की देर रात दो बसों के एजेंटों में यात्रियों को बैठाने और बस के टाइम को लेकर मारपीट हो गयी। इस घटना में गोलू महिंद्रा बस के एजेंट गढ़वा निवासी सोनू केसरी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सोनू एजेंट के ईलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार सोनू को पिस्तौल के बट्ट (कुंदा) से सिर प्रहार किया गया एवं उसे मारने वाले ने दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग भी की। इससे बस स्टैंड में मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गयी। इस घटना को लेकर बस स्टैंड में फिर से



घायल सोनू केशरी।

गैंगवार शुरू होने की आहट से लोगों में दहशत है। हालांकि पुलिस ने हवाई फायरिंग की बात को अफवाह बताया है। इस घटना को लेकर घायल सोनू केसरी ने राजहंस बस के एजेंट सोनपुरा, गढ़वा निवासी रासीद खां एवं शहर के मदरसा रोड निवासी युसूफ मियां तथा चार-पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।


इस घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि राजहंस नामक यात्री बस का बस स्टैंड से खुलने का टाइम हो गया था। लेकिन उसके एजेंट यूसुफ मियां एवं रसीद खान बस में यात्रियों को बैठा रहे थे। जबकि राजहंस बस के बाद गोलू महिंद्रा बस का टाइम था।इसे देखकर गोलू महिंद्रा बस एजेंट सोनू केशरी ने राजहंस बस के एजेंटों को बस को स्टैंड से बढ़ाने एवं यात्रियों को नहीं बैठाने को कहा। इसे लेकर दोनों पक्षों में तीखी नोंकझोंक हुई। बताया गया कि इसके बाद एजेंट सोनू केशरी ने गोलू महिंद्रा बस में यात्रियों को बैठाने लगा। तब ही

यूसुफ मियां व रासीद खां के साथ चार-पांच अन्य लोग वहां आ धमके और पिस्तौल के कुंदा से सोनू केशरी के सिर पर प्रहार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया एवं सोनू की मोबाइल छिन लिया। इसके बाद हवाई फायरिंग कर वहां से निकल गए। इस संबंध में गढ़वा के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बृज कुमार ने बताया कि बस एजेंटों में टाइम एवं यात्रियों को बैठाने को लेकर मारपीट हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई शुरू कर दी है। बताते चलें कि इस बस अड्डा पर एजेंटी को लेकर आभितक कई हत्याएं हो चुकी है।

# केतार के दिव्यांग श्याम बिहारी का इंडियन व्हीलचेयर प्रीमियर लीग यूपी टीम में चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** झारखंड की ओर से इंडियन व्हीलचेयर प्रीमियर लीग 2025 सीजन 6 में इकलौता गढ़वा जिले के केतार बाजार निवासी श्याम बिहारी राम का चयन होने से जिले के सभी दिव्यांगों में हर्ष का माहौल है। बधाइयां देने वाले की ताता लगी हुई है। घर परिवार में भी खुशी का माहौल है।श्याम बिहारी राम गढ़वा जिला के केतार प्रखंड के केतार का स्थानीय निवासी है। इनका चयन इंडियन व्हीलचेयर प्रीमियर लीग 2025 सीजन 6 में उत्तर प्रदेश क्रिकेट टीम में हुआ है। सोमवार को उत्तर प्रदेश बनाम मुंबई के बीच बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल द्वारिका नयी दिल्ली के ग्राउंड पर खेला जायेगा। श्याम बिहारी राम ने



बताया कि इससे पूर्व 2022 में झारखंड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम में ऑलराउंडर खिलाड़ी के रूप में गढ़वा जिले से इकलौते खिलाड़ी के रूप में चयन हुआ था उसके बाद कई मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन के बाद झारखंड की ओर से इंडियन व्हीलचेयर प्रीमियर लीग 2025 सीजन 6 में उत्तर प्रदेश टीम से चयन हुआ है। दिव्यांग संघ के प्रखंड अध्यक्ष रविकांत चंद्रवंशी ने श्याम बिहारी राम का झारखंड राज्य से इकलौता क्रिकेट खिलाड़ी के रूप में उत्तर प्रदेश टीम में चयन होने पर शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य का कामना किया है।

वहीं बधाई देने वालों में समाजिक संगठन जागृत युवा सेना परिषद के संस्थापक मनीष कुमार गुप्ता, अध्यक्ष पंकज कुमार यादव, जेएलकेएम के जिला सचिव अभय कुमार पासवान, मृत्युंजय यादव, संजय बैठा, संतोष राम, दीपू कुमार गुप्ता, मिथलेश कुमार गुप्ता, सुदीप कुमार रवि सहित कई लोग के नाम शामिल है।

# भोलादामर की सड़क जर्जर: गड्ढों में तब्दील सड़क, राहगीरों को आवागमन में परेशानी

जितेंद्र यादव

**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रारो गांव के भोलादामर टोला से चिनुखैरा गांव तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत वर्ष 2020-21 में सड़क का निर्माण कराया गया था। लेकिन सड़क निर्माण के करीब दो वर्ष में ही सड़क के कई जगहों पर जानलेवा गड्ढे के व काफी जर्जर बन चुका है। जिससे सड़क पर चलने वाले राहगीरों को इन दिनों भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड में पहली बार सड़क को सीमेंट, छरी व केमिकल से निर्माण कराया गया था। सड़क के निर्माण के कुछ महीनों में खराब होना शुरू हो गया था। आज सड़क को बिल्कुल जर्जर हो जाने से वाहनों की आवागमन के दौरान काफी धूल उड़ता है। जिससे सड़क के अगल बगल रहने वाले ग्रामीणों को घरों में रहना मुश्किल हो गया है। स्थानीय ग्रामीण सूर्यनाथ सिंह,



पथलाही टोला से भोलादामर जाने वाली सड़क खंजर में तब्दील।

उमेश सिंह, अशोक राम, राजकुमार सिंह, निरंजन सिंह, दिलीप सिंह, तहसीलदार सिंह, विजय सिंह सहित अन्य लोगों ने बताया कि गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने को लेकर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। जिससे ग्रामीणों में काफी खुशी हुआ था कि अब हमलोग के गावों में भी कालीकरण सड़क का निर्माण होगा और सड़क की समस्या से निजात मिलेगी। लेकिन सड़क निर्माण के महज 6 माह बाद से सड़क के कई जगहों पर जर्जर व गड्ढा बनना शुरू हो गया था। आज सड़क की स्थिति यह है कि सड़क निर्माण में लगे छरी सड़क के किनारे जमा हो गया और सड़क जर्जर व खंजर में तब्दील हो गया है। सड़क का निर्माण केमिकल, सीमेंट व छरी से कराया गया था। उस समय इस तरह का सड़क निर्माण होते हम लोग पहली बार देखा था। आज सीमेंट व छरी से बनी सड़क काफी जर्जर व गड्ढे में तब्दील हो गया है। वहीं बताया कि हमलोग ने गांव में पहली बार केमिकल, सीमेंट व छरी से सड़क का निर्माण होते देख हमलोग काफी हैरान थे।



1. सड़क का निर्माण सीमेंट, छरी केमिकल से कराया गया था। इस तरह से सड़क का निर्माण होते देख हमलोग काफी हैरान थे। सड़क निर्माण के छह माह बाद से ही खराब होना शुरू हो गया था। आज सड़क बिल्कुल जर्जर बन चुका है।
- पप्पू यादव, ग्रामीण



2. गांव में सड़क निर्माण कार्य के समय ग्रामीणों में काफी हर्ष हुआ था कि प्रखंड के अति पिछड़ा गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन आज तक लोगों को सड़क की समस्या से निजात नहीं मिल सकी।
- प्रतिमा देवी, ग्रामीण



3. प्रखंड के भोलादामर गांव पहाड़ों से घिरा हुआ है। यहां के लोग किसी तरह पथरीली सड़क से आवागमन करते थे। ग्रामीणों के लगातार मांग के बाद सड़क निर्माण कार्य कराया गया था। लेकिन सड़क निर्माण के बाद भी सड़क की समस्या से लोगों को निजात नहीं मिल सकी। सड़क निर्माण के करीब दो वर्ष में ही सड़क के कई जगहों पर गड्ढे के साथ काफी जर्जर बन चुका है।
- तेजबहादुर सिंह, ग्रामीण

इस संबंध में संवेदक से बात किया था तो उस समय उन्होंने बताया कि इस सड़क को इसी तरह से निर्माण कराया जाना है और सड़क को पांच वर्षों तक देख रेख किया जाना है। लेकिन सड़क मरम्मत के नाम पर आज तक एक टोकरी मिट्टी तक नहीं पड़ा। जिससे सड़क में कई जगहों पर जानलेवा गड्ढा और जर्जर बनते चला गया।

# भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने विधायक सत्येंद्रनाथ को 12 सूत्री सुझाव पत्र सौंपा

विधायक ने सभी सुझावों पर अमल करने का दिया आश्वासन, कहा क्षेत्र के विकास के लिए हैं सकल्पित

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड भाजपा के प्रतिनिधि मंडल रविवार को विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन के नेतृत्व में मेदनी नगर स्थित गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के आवास पर पहुंचकर प्रखंड के मूलभूत समस्याओं के निदान के लिए फ्रेमिंग किया हुआ 12 सूत्री सुझाव पत्र उन्हें समर्पित कर ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक ने सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए संबंधित विभाग तथा अपने विधायक मद से कार्य को कराने का आश्वासन देते हुए कहा कि क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए संकल्पित हैं। सुझाव पत्र में पार्टी के आदर्शों का प्रतिमा स्थापित कराने, प्रखंड के लिए एक एंबुलेंस, टाउन हॉल जैसा



भवन, मेराल खोरीडिह, हासनदाग, देवगाना, बंका, पेसका में खेल मैदान/स्टेडियम का निर्माण कराने, सभी पंचायत में पैक्स अध्यक्ष का गठन कर गोदाम निर्माण कराने, प्रखंड स्तर पर दो अग्निशमन वाहन की व्यवस्था कराने, जिले के साथ-साथ प्रखंड मुख्यालय में भी किसानों के लिए कोल्ड स्टोरेज का निर्माण, सार्वजनिक/धार्मिक स्थलों पर हाई मास्क लाइट लगाने, हर पंचायत में एक सामुदायिक भवन का निर्माण कराने, प्रखंड मुख्यालय पर भव्य पुस्तकालय भवन, क्षेत्र के सभी नदियों की साफ सफाई एवं अधिक से अधिक पौधारोपण कराने, मेराल, डंडा, गढ़वा तथा डंडई का वर्ष 1915 का खतियान जिसका कोई रिकॉर्ड विभाग के पास अपडेट नहीं है, जिसके चलते काफी समस्या होता है इन प्रखंडों में मिनी सर्वे कराया जाए या हाल सर्वे खतियान को प्रकाशित कराया जाए जिससे क्षेत्र के जमीन से जुड़े मामले का आसानी से समाधान हो सके। प्रतिनिधि मंडल में भाजपा मेराल उत्तरी मंडल अध्यक्ष रूपू महतो, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार जायसवाल, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, धनंजय चौधरी, रोहित कुमार शामिल थे।

## कांडी में डिग्री कॉलेज में नामांकन शुरू




आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी ।** प्रखंड क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक राहत भरी खबर सामने आयी है। क्षेत्र स्थित एकमात्र डिग्री कॉलेज में सत्र 2025-2029 के लिए नामांकन की प्रक्रिया 06 जून 2025 से प्रारंभ कर दी गयी है। कॉलेज के प्रभारी बबन पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि जो भी विद्यार्थी इस नए सत्र में नामांकन लेना चाहते हैं, वे कॉलेज से संपर्क कर ऑनलाइन प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं। प्रभारी बबन पांडेय ने यह भी बताया कि अब छात्रों को डिग्री की पढ़ाई के लिए बाहर के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि उच्च शिक्षा की सुविधा अब कांडी में ही उपलब्ध हो चुकी है। इससे छात्रों और अभिभावकों को न सिर्फ आर्थिक राहत मिलेगी, बल्कि पढ़ाई का स्तर भी स्थानीय स्तर पर सशक्त होगा। कॉलेज प्रशासन ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों से नामांकन कराने की अपील की है, ताकि क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके।

# थाना बनाम आम जनता के बीच मैत्री क्रिकेट मैच, पुलिस टीम 3 रन से विजयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी ।** हाई स्कूल जमा दो उच्च विद्यालय कांडी के मैदान में रविवार को कांडी थाना और आम जनता के बीच मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। मैच की शुरूआत थाना प्रभारी अविनाश राज ने बाउंड्री लगाकर की और अपनी टीम को तेज शुरूआत दिलाई। थाना टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 90 रन बनाकर आम जनता को 91 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में जनता की टीम ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन 10 ओवर में 87 रन ही बना सकी। इस प्रकार कांडी थाना की टीम ने 3 रन से



रोमांचक जीत दर्ज की। मैच के समापन पर युवा संघर्ष सेना के केंद्रीय अध्यक्ष झूना सिंह ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मौके पर थाना प्रभारी अविनाश राज ने कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रशासन और जनता के बीच आपसी संबंध मजबूत होते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि एक सकारात्मक माहौल बने जिसमें दोनों पक्ष विश्वास और सहयोग के साथ आगे बढ़ें। मौके पर एसआई अरुण पासवान, चौकीदार दीपक कुमार सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# सैलून दुकान से दो हजार नकद समेत अन्य सामान की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्लस टू हाई स्कूल के गेट के समीप अवस्थित सैलून दुकान में अज्ञात चोरों ने शनिवार की रात सेंधमारी कर दुकान में रखे बैटरी, मिनी होम थियेटर, कीमती सेविंग क्रीम, ट्रिमर सहित बक्से में रखा हुआ नकद दो हजार रुपये की चोरी कर ली। चोरी की घटना की जानकारी उस समय हुई जब रविवार की सुबह सैलून मालिक संजय कुमार अपने दुकान का शटर खोला, तो समान गायब मिला और बक्सा टूटा हुआ था। दुकान के पिछले हिस्से में चोरों ने मिट्टी खोदकर सुरंग बनाया और दुकान में घुस कर चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद फिर से उस हिस्से में मिट्टी भर दी। संजय




ने घटना की जानकारी स्थानीय थाने को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद सैलून मालिक के लिखित आवेदन पर मामले की जांच में जुट गयी है। जानते चलें कि दो दिन पहले रात्रि में उसी जगह पर अज्ञात चोरों ने इंतियाज अंसारी के सब्जी दुकान से एक पेटी शिमला मिर्च, दो पेटी टमाटर की चोरी कर फरार हो गये थे, साथ ही मनु अंसारी के मुर्गी दुकान से 5 हजार रुपये मूल्य का मुर्गी चोरी कर ली गयी थी। बिगत दो दिनों से लगातार हो रही चोरी से व्यवसायियों में दहशत का माहौल कायम हो गया है।

### इस बार का 'कॉफी विद एसडीएम' दानरो संरक्षण के लिए समर्पित

# दानरो किनारे बसे गांवों के सक्रिय समाजसेवियों को एसडीएम ने कॉफी पर बुलाया

पनघटवा डैम से बेलचंपा तक लगभग ढाई दर्जन गांव बसे हैं दानरो तट पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा चलाए जा रहे सप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' हर बुधवार की तरह इस बार 11 जून को सुबह 11:00 बजे आयोजित किया जाना है।

इस सप्ताह एसडीएम ने दानरो नदी किनारे अवस्थित लगभग 30 गांव के लोगों से अनुरोध किया है कि प्रत्येक गांव से कम से कम एक दो पर्यावरण प्रेमी समाजसेवी इस कॉफी संवाद कार्यक्रम में जरूर आयें।



**दानरो नदी का पूरा प्रवाह क्षेत्र सदर अनुमंडल में है :** संजय कुमार ने कहा कि लगभग पूरी की पूरी दानरो नदी सदर अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत प्रवाहित होती है। डंडई प्रखंड की सीमा पर स्थित पनघटवा डैम से उद्गम के उपरांत डंडई, मेराल तथा गढ़वा सदर प्रखंड के कई गांवों से होते हुए बेलचंपा में कोयल नदी के साथ संगम स्थल तक इसका प्रवाह क्षेत्र है। इसलिए इस नदी के संरक्षण का दायित्व भी सदर अनुमंडल क्षेत्र के लोगों का बनता है।

**लगभग 30 गांव बसे हैं दानरो के तट पर :** संजय कुमार ने बताया कि दानरो नदी पनघटवा डैम से निकलकर बुल्का (बैरिया दामर), डंडई, झकरा (बैला झकरा), कदैलिया, कजरमारा, देवगाना, दतवनिया, कजरत, झोतर, खुटैलिया, तिसरटैटुका, बघौता, कोरवाडीह, नवाडीह, झलुवा, छतरपुर, कल्याणपुर, करमडीह, सहीजना, तेनार, भरटिया, गढ़ौता, मधेया, महुपी, फरटिया, खजूरी, बसाहा, बेलचंपा आदि गांव क्षेत्र से प्रवाहित होती है। अतः दानरो नदी के संरक्षण के लिए इन सभी गांव के लोगों का सामूहिक प्रयास जरूरी है। कुछ इसी उद्देश्य से इस सप्ताह के 'कॉफी विद एसडीएम' में इन गांवों के प्रबुद्ध लोगों को बुलाया गया है।

**'दानरो महोत्सव' के लिए बनेगी रूपरेखा :** संजय कुमार ने बताया कि इस बार के 'कॉफी विद एसडीएम' में न केवल आमंत्रित सदस्यों की निजी समस्याएं सुनी जाएगीं बल्कि दानरो संरक्षण को लेकर वर्ष भर के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम 'दानरो महोत्सव' को लेकर सामूहिक विमर्श किया जायेगा, ताकि एक बेहतर रूपरेखा बन सके।

उन्होंने उपरोक्त वर्णित गांवों के लोगों से अपील की कि वे उक्त कार्यक्रम में जरूर सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि यह भागीदारी पूर्णतया स्वैच्छिक है, इसलिए दानरो नदी हित में जो स्वेच्छा से इस अभियान में शामिल होना चाहें वे सादर आमंत्रित हैं।

# रक्तदान महादान है : डॉ पातंजली

शादी की 15वीं सालगिरह पर दंपत्ति ने किया रक्तदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 172 बटालियन गढ़वा के जवान पंकज कुमार चौबे और उनकी पत्नी ममता चौबे ने अपनी शादी के 15 वीं सालगिरह के अवसर पर ब्लड बैंक में रक्तदान किया। इस दौरान रक्तदाता पंकज कुमार चौबे ने कहा कि हमारे रक्तदान से किसी की जिंदगी बचती है तो इससे खुशी की बात और क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को अपने जन्म दिन, शादी की वर्षगांठ अथवा अन्य शुभ अवसरों पर रक्तदान करना चाहिए। यह मेरा 40 वां रक्तदान है जबकि ममता चौबे ने पांचवीं बार रक्तदान किये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि रक्त की कमी से अंतिम सांस गिन रहे मरीज को रक्त मिलना मेरे जीवन के लिए बहुत बड़ी




उपलब्धि होगी।

मौके पर उपस्थित आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर पातंजली केसरी ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्त बनाने की कोई मशीन नहीं होती है। इसे मानव द्वारा रक्तदान कर ही पूर्ति किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान के बारे में यह भी भ्रांतियां लोगों में रहती है कि रक्तदान के बाद शरीर कमजोर हो जाता है। रक्तदान से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं होती है। कुछ दिनों में खुद ब खुद शरीर रिकवरी कर लेता है। रक्तदान से शरीर स्वस्थ रहता है। डॉक्टर केसरी ने अन्य लोगों से भी इस तरह के शुभ अवसर पर रक्तदान के लिए आह्वान किया ताकि किसी भी मरीज की मौत रक्त की कमी के कारण न हो ।

मौके पर डॉ जेपी ठाकुर, रूपदेव सिंह, संतोष कुमार सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

### कोयलांचल के हेंदेगीर गांव में शिव मंडा पूजा का आयोजन, उमड़ी लोगों की भीड़

# झारखंड की लोक संस्कृति ही हमारी असली पहचान : रोशनलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के पताल पंचायत के हेंदेगीर गांव में श्री श्री शिव मंडा पूजा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशनलाल चौधरी मौजूद थे। पूजा समिति के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया गया, जिसके बाद विधायक रोशन लाल चौधरी ने दीप प्रज्जवलित कर मंडा पूजा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक ने आयोजन कार्यकर्ताओं को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि झारखंड की लोक संस्कृति ही हमारी असली पहचान। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों के समय से चलते आ रहे हैं पर्व त्योहार और पूजा को आज


हेंदेगीर गांव में आयोजित मंडा पूजा का उद्घाटन करते विधायक रोशनलाल चौधरी।

भी हमारे युवा पीढ़ी उत्साह के साथ आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने मंडा पूजा के अवसर पर क्षेत्र की सुख शांति और खुशहाली की कामना की।

मंडा पूजा के अवसर पर आयोजन समिति के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। इस अवसर पर रामगढ़ के पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष मनोज राम, पताल पंचायत की मुखिया नेहा लकड़ा, पंचायत समिति सदस्य नीतू मुंडा, उप मुखिया अजय मुंडा, आजसू नेता रवि शंकर जायसवाल, बिनोद गंझु, मुकेश मुंडा, जागेश्वर गंझु, भाजपा नेता सोमा मुंडा, विकास जायसवाल, सुदामा केसरी सहित समिति के अध्यक्ष महादेव गंझु, सचिव राजू ठाकुर, कोषाध्यक्ष दिनेश गंझु, उपसचिव कुलदीप सिंह, पूरन मुंडा, बिसुन मुंडा, कुलेश्वर गोप, शिबू मुंडा, संजय ठाकुर, शिवशंकर मुंडा, निर्मल कच्छप, रुपलाल मुंडा, अरबिंद मुंडा, शिबू गंझु, अविनाश मुंडा, अजय मुंडा, जोगेंद्र गिरी सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## हेंदेगीर में आयोजित मंडा पूजा कार्यक्रम में शामिल हुईं पूर्व विधायक अंबा प्रसाद


मंडा पूजा में शामिल पूर्व विधायक अंबा प्रसाद।

पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के पताल पंचायत के अंतर्गत आने वाले हेंदेगीर गांव में आयोजित शिव मंडा पूजा कार्यक्रम कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय सचिव और पश्चिम बंगाल की चुनाव प्रभारी एवं बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुई। इस दौरान पूजा समिति के सदस्यों ने फूलों का गुलदस्ता देकर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद का स्वागत किया, जबकि अंग वस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने इस तरह के आयोजन की जमकर प्रशंसा की, साथ ही हर संभव मदद करने का भी भरोसा दिया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्या से भी अवगत हुए। इस अवसर पर मंडा पूजा के अध्यक्ष महादेव गंझु,सचिव राजू ठाकुर, कोषाध्यक्ष दिनेश गंझु,उपसचिव कुलदीप सिंह,पूरन मुंडा सहित कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र साव, पताल पंचायत अध्यक्ष फुलेश्वर महतो, संजय ठाकुर, दिनेश गंझु, निर्मल कच्छप सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता स्थानीय ग्रामीण और समिति के लोग मौजूद थे।

# रैयत विस्थापित मोर्चा का अंचल कार्यालय के समक्ष धरना कल



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक रविवार को बमोर्चा कार्यालय डकरा में हुई। बैठक एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 10 जून को अंचल कार्यालय खलारी में रैयतों की समस्या को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को सफल बनाने पर चर्चा की गयी। साथ ही धरना कार्यक्रम की सफलता को लेकर समीक्षा की गयी। साथ ही विभिन्न गांव से हजारों रैयत विस्थापित की धरना में शत प्रतिशत भागीदारी को लेकर सभी को जिम्मेवारी सौंपी गयी। बिगन सिंह भोगता ने खलारी प्रखंड के सभी रैयत विस्थापितों से अपील कर कहा कि जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए भारी से भारी संख्या में पहुंच कर धरना प्रदर्शन को सफल बनाएं, ताकि रैयत विस्थापित को जमीन संबंधित कार्यों के लिए कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े। इसके लिए जोरदार तरीके से धरना को सफल बनाना होगा।

बैठक में मुख्य रूप से जगरनाथ महतो, जालिम सिंह, रामलखन गंझू, विनय खलखो, अमृत भोगता, दामोदर गंझू, आजाद अंसारी, सलामत अंसारी, सुशील उरांव, छोटू अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# रेलवे का तार चोरी करने वाले तीन लोग गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना अंतर्गत केडीएच रेलवे साइडिंग में हुई चोरी में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। खलारी इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो ने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा 12 मई को ओएचई तार की चोरी कर ली गयी थी, जिसके संबंध में खलारी थाना कांड संख्या-30/25 मामला दर्ज किया गया था। जिसका अनुसंधान पुलिस अवर निरीक्षक रवि कुमार सोनी कर रहे थे। कांड के अनुसंधान के क्रम में इस कांड में संलिप्त तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें रांची चान्हो पंडरी निवासी ईबरार अंसारी, पिपरवार थाना क्षेत्र के कोईलरा निवासी छोटू ठाकुर उर्फ जरल तथा लुकईया निवासी सचिन उरांव शामिल है। जिनको छोटा छोटा काटा ओएचई तांबा तार जिसका वजन करीब 80 किलोग्राम है। साथ ही इनके निशानदेही पर अन्य जगह से चोरी किया गया, रेलवे का तांबा तार करीब 80 किलो बरामद किया गया है, गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पुलिस ने रेलवे तांबा तार 80 किलो और रेलवे कॉपर तार 80 किलो बरामद किया है। छापामारी टीम में पुलिस निरीक्षक जयदीप टोप्पो, पुलिस अवर निरीक्षक कपिलदेव यादव, रवि कुमार सोनी, मुकेश कुमार सहित पुलिस जवान शामिल थे।

### बुंडू में चल रहे शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में शामिल हुए सांसद मनीष जायसवाल, कहा

# धार्मिक आयोजन से समाज में बढ़ती है एकता और सद्भावना

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के अंतर्गत बुंडु गांव में आयोजित पांच दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पूजा-अर्चना कर ग्रामीणों को संबोधित किया। सांसद के साथ हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह और बड़कागांव विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू भी उपस्थित रहीं। सांसद जायसवाल ने मंदिर निमार्ता अशोक साव से भेंट कर मंदिर निर्माण के बारे में जानकारी ली और पूजा अनुष्ठान में भाग लिया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ते हैं, संस्कृति को जीवंत



बनाते हैं और लोगों में आपसी सौहार्द व सद्भावना की भावना को प्रबल करते हैं। यह आयोजन एकता और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। उन्होंने यज्ञ समिति और ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा भविष्य में भी इस तरह के आयोजन को प्रोत्साहित करने का आश्वासन दिया। इसके बाद यज्ञ समिति से भी औपचारिक मुलाकात की, जिसमें अध्यक्ष मदन साव, सचिव गणेश बंसल और कोषाध्यक्ष उमेश यादव के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पिपरवार मंडल सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल, बुंडु पंचायत मुखिया तुलसी तुरी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र साहू, मोहन महतो, शिव शंकर प्रसाद साहू, जागेश्वर साहू, रंजीत यादव, दीपक साहू, उपेंद्र यादव, नरेश साहू, शिवम राज, जय सागर साहू, रामेश्वर साहू, काशीनाथ महतो, गणेश महतो, हीरा महतो, चिंतामणि महतो, मणिलाल महतो, चतुर्भुज, नकुल, राजेश, नागेश्वर, विक्की, अरुण, राजू सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# पिलीद में तीन दिवसीय हरि नाम संकीर्तन का समापन



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पिलीद गांव में प्रति साल की तरह इस वर्ष भी त्रिदिवसीय राधा गोविंद हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ अनुष्ठान में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस महायज्ञ अनुष्ठान में बंगाल के वीर ग्राम पुरुलिया से वासुदेव गोस्वामी, झालदा कालीमाटी के ब्रजकिशोर गोस्वामी, सोड़ो ईचागढ़ के भीम दास गोस्वामी, चुनीडीह ईचागढ़ के गोपाल दास, पिलीद ईचागढ़ के रेंगटु दास गोस्वामी और पंचानन पातर ने भाग लिया था। मंदिर के पुजारी सदानंद दास गोस्वामी एवं उमाचरण दास गोस्वामी थे। इस महायज्ञ अनुष्ठान के आयोजन कर्ता में दिलीप कुमार दास, महेश्वर गोप, मधुसुदन पुरान, गंगाधर पुरान, भुतनाथ सिंह मुंडा, अनिल गोप, विक्रम सिंह मुंडा, मदन पुरान, उमाकांत दास, श्यामापद दास, सोहराई, दिलेश्वर, नारायण, रवि दास, अमूल्य, और जानकी भंडार में व्यवस्थापक राज, गौरव, घोलटू, राजकुमार, नागेश्वर, सौरव, गोपाल, प्रकाश दास आदि लोग पुन्य की भागीदारी रहे।

## सड़क दुर्घटना में मासूम की मौत, कई घायल

गोला (आजाद सिपाही)। रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग के गोला हुप्पू डीवीसी के समीप रविवार शाम को कार की चपेट में आकर बाइक सवार एक सात वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गयी। बताया गया कि बोकारो की ओर से रामगढ़ की ओर जा रही ओडी कार नंबर जेएच 05 एआर 9999 रामगढ़ से गोला की ओर आ रही बाइक सवार युवक को अपने चपेट में लेते हुए भागने का प्रयास किया, लेकिन स्थानीय लोगों ने कार को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं बाइक पर सवार घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने सात वर्षीय बच्ची को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि गोला थाना क्षेत्र के महलीडीह गांव निवासी इंद्रजीत मुंडा का छोटा भाई अपने बड़े भाई इंद्रजीत का ससुराल बोकारो जिले के गोपो गांव गया हुआ था। वहां से अपने बड़े भाई के दोनों बच्चियों व भाई की सास को हिरो स्पलेंडर बाइक पर लेकर अपने घर महलीडीह लौट रहा था। इस दौरान उक्त स्थल पर घटना घटी। जिससे बाइक पर सवार बाइक चालक अमित मुंडा 20 वर्ष, मनन कुमारी 5 वर्ष व इंद्रजीत की नानी संजु देवी 45 वर्ष घायल हो गये। वहीं सनम कुमारी 07 वर्ष की मौत हो गयी।

# आरवीएम नेता महेंद्र गंझू को मातृशोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती गांव निवासी सह रैयत विस्थापित मोर्चा अशोक परियोजना नेता महेंद्र गंझु की माता 80 वर्षीय झानो देवी का शनिवार 7 जून की रात्रि निधन हो गया। बताया गया कि वह पिछले कुछ दिनों से बीमार थी। उनके निधन की खबर सुनकर पिपरवार और खलारी कोयलांचल क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन पर रैयत विस्थापित मोर्चा सहित स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों ने शोक प्रकट किया है। साथ ही मृत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की है। शोक प्रकट करने वालों में रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा, उपाध्यक्ष इकबाल हुसेन, मोहम्मद जुलफान, अर्जुन गझु, परमेश्वर गंझु, रामचंद्र उरांव,जेपी महाराज, इंद्रजीत उरांव, मोहम्मद ताज, सुखी गंझु, सकील अंसारी,बिजय महतो, इदरीस अंसारी, श्रवण महतो, अमर महतो, लियाकत अंसारी सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

# तरबूज उत्पादक किसानों की मददगार बनी एफपीसी, तीन सौ टन तरबूज की मार्केटिंग

> सिजेंटा फाउंडेशन इंडिया नामक संस्था ने कृषि उद्यमी फार्मर प्रौड्यूर कंपनी लि. के माध्यम से लगभग दो सौ किसानों के तीन सौ टन तरबूज की मार्केटिंग की है

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तरबूज उत्पादन के हब के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले खूंटी जिले में इस बार भी तरबूज का बंपर उत्पादन हुआ है। इसके बावजूद किसानों को उनके उत्पादों



को बाजार नहीं मिल रहा था। ऐसे समय में सिजेंटा फांउडेशन इंडिया नामक संस्था तरबूज किसानों की मददगार बन कर समाने आई है। संस्था द्वारा संचालित एफपीसी ने अब तक खूंटी छोटानागपुर कृषि उद्यमी फार्मर प्रौड्यूर कंपनी लि के माध्यम से लगभग दो सौ किसानों के तीन सौ टन तरबूज की मार्केटिंग की है।

एफपीसी के प्रयास से ही बिहार, बंगाल,ओ सहित अन्य जगहों के लोग भी खूंटी के रसीले तरबूजों का आनंद ले रहे हैं। एफपीसी के संचालक रंजीत कुमार ने कहा कि कंपनी किसानों को धान, टमाटकर सहित अन्य कृषि उत्पादों को बढ़ावा देंने के लिए उन्हें प्रशिक्षण दे रही है और बीज उपलब्ध करा रही हैं।

### श्रावणी मेले को लेकर बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति की बैठक

# श्रद्धालुओं को हरसंभव सुविधा मिलेगी : अध्यक्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबन्ध समिति की कार्यकारिणी समिति की रविवार को धाम परिसर में हुई बैठक में आसन्न श्रावणी मेले की व्यवस्था और भक्तों को सुविधा मुहैया कराने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में मेला और पूजा व्यवस्था, साज सज्जा, लाइट, टेंट, साफ-सफाई सहित कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव ने बताया कि दो माह बाद श्रावण माह आनेवाला है। श्रावण माह में बाबा आम्रेश्वर धाम में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए लाखों कांवरियों की भीड़ उमड़ती है। न सिर्फ झारखंड, बल्कि ओड़िशा, बंगाल, बिहार, के भक्त यहां पूजा-अर्चना करने आते हैं। अध्यक्ष ने कहा कि इस बार भी भक्तों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। बैठक में श्रृंगार पूजा, रुद्राभिषेक, लाइटिंग व्यवस्था, फल सज्जा व सजावट, अखंड कीर्तन, स्नानागार, आदि की व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई। महामंत्री मनोज कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश मांझी, उपाध्यक्ष महेंद्र कश्यप, संतोष पोद्दार, श्रीपालचंद जैन, जगदीश नाग, हरिपदो महतो, मिथिलेश ठाकुर, जगदीश नाग, उपेंद्र कश्यप, प्रेमचंद महतो, दुर्गा महतो, केसरी कश्यप, कैलाश भगत, कृष्णानंद तिवारी, हीरालाल साहू, नरेंद्र, प्रहलाद, महेंद्र भगत, आनंद वर्मा आदि उपस्थित थे।

### भाजपा ने आयोजित किया संकल्प से सिद्धि तक विषय पर कार्यशाला

# मोदी के 11 साल का कार्यकाल देश का अमृत काल है: कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक कोंचे मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से 2025 तक के 11 साल के शासन काल को विकसित भारत का अमृतकाल है। उन्होंने कहा विश्व के बड़े राजनीतिक दल होने के नाते भाजपा की जिम्मेदारी भी बड़ी है। हमने संकल्प लिया है कि भारत को समृद्ध बनाने का। पूर्व विधायक रविवार को भाजपा के जिला कार्यालय में संकल्प से सिद्धी तक विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कोचे मुंडा ने कहा कि नरेंद्र मोदी के बल और कुटनीतिज्ञ से आज भारत जापान को पछाड़ कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मोदी सरकार ने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया। गरीबों को इससे आगे बढ़ने में मदद मिली।




महिलाओं के सम्मान में गैस दिया, शौचालय दिया, किसानों को सम्मान राशि दी, सेना को हथियार दिये और कहा कि गोली का हिसाब नहीं लिया जाएगा। पहलगाम घटना के बाद सेना का शौर्य हम सब ने देखा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमला के बाद भारत ने जो 22 मिनट का कार्यवाही की है उसे पाकिस्तान जीवन में कभी भूल नहीं पायेगा।

उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र में चौपाल लगाना है और मोदी सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धि पर चर्चा करनी और मां के नाम एक पेड़ लगाना है। मुख्य वक्ता झारखंड प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी ने संकल्प लिया था कश्मीर से धारा 370 हटायेंगे, राम मंदिर निर्माण करायेंगे, महिलाओं को सम्मान दिलायेंगे 14 करोड़ इज्जत घर शौचालय निर्माण करा कर दिया, ये है संकल्प से सिद्धी तक। मोदी सरकार ने जो संकल्प लिया, उसे पूरा किया। धारा 370 को हटाने की मांग करते हुए हमने संगठन के पथ प्रदर्शक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान भी दिया है। संकल्प से सिद्धी यह वंचितों की सेवा, महिलाओं को सशक्त बनाने, युवाओं को अवसर देने और किसानों को सम्मान दिलाने से जुड़ी 11 वर्षों की गाथा है। यह एक नये की भारत कहानी है। देश की जनता ने विकसित भारत, स्वाभिमान भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए मोदी सरकार के संकल्प को पूरा किया है।

कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री संजय साहू और धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री निखिल कंडुलना ने किया। कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष कृपा सिंधु बेहरा, बिनोद नाग, गंदौरी गुड़िया, भागीरथ राय, जिला मंत्री गोपाल स्वर्णकार, जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत, जिला मीडिया सह प्रभारी महावीर राम, मंडल अध्यक्ष परशुराम दास, सीताराम नाग, मदन मोहन गोप, कलिंदर राम, पुरेंद्र मांझी, जिला मोर्चा अध्यक्ष श्याम सोनी, रोहित साहू, कंचन सिंह, सुबोध कुमार, रंदाय नाग, रीता देवी, मीना देवी, सुधीर सिंह, सुखराम मुंडा, राजू साहू, कैलाश कांशी, कृष्णा सिंह, डोमन सिंह सम्बल मुंडा, राजेश महतो, संयोजक आदर्श अंशुल आदि उपस्थित थे।

## मोदी सरकार ने देश की कलंकित धारा 370 को खत्म किया : काशीनाथ महतो

पूर्व जिला अध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कहा कि सभी कार्यकर्ता रोज एक घंटा संगठन को दें। मोदी सरकार ने देश के कलंक धारा 370 को खत्म कर जम्मू-कश्मीर को विकास की धारा में जोड़ा। तीन तलाक हटाया, किसानों को छह हजार रुपये की सम्मान राशि देने का काम कर रहे हैं।

**योजनाओं की सौगात :** चान्हो में आंगनबाड़ी केंद्र और एक सड़क निर्माण कार्य का कृषि मंत्री ने किया शिलान्यास

# ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को ऊंची शिक्षा पाने में उनके परिजनों की भूमिका महत्वपूर्ण: शिल्पी नेहा तिर्की

## कहा- ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे मोबाइल से दूरी बनायें और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करें

**कहा- सड़क हमेशा से ही विकास का पैमाना होता है, सड़के अच्छी होंगी, तभी सरकार की योजनाओं को भी रफ्तार दिया जा सकता है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मांडर।** राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रविवार को क्षेत्र की जनता को योजनाओं की सौगात देते हुए चान्हो प्रखंड में चार आंगनबाड़ी केंद्र और एक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। बतातें चलें कि चान्हो के नुन्हू, मसमानो, रकाडीह और ओपा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराया जाना है। जबकि चटवल में अखरा से लेकर सरहुल अम्बा तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य की आधारशिला मंत्री ने रखी। अपने संबोधन में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विकास निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। इसमें जन प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। चाहे वो विधायक-सांसद या मंत्री से लेकर पंचायत के प्रतिनिधि ही क्यों ना हो। शिल्पी तिर्की ने कहा कि आज उसी जिम्मेवारी का निर्वाहन करने के लिए यहां पहुंची हैं। गांव के लोगों से किए वायदे के अनुरूप आज आंगनबाड़ी केंद्र का शिलान्यास हो गया। आंगनबाड़ी केंद्र का उद्देश्य बच्चों का पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक विकास करना है। गांव के बच्चें पढ़ेंगे, तभी आगे बढ़ेंगे। इसी सोच को गांव के हर एक परिवार को समझना होगा। बच्चों की शिक्षा में उनके परिजनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्हें अपने बच्चों की शिक्षा को जारी रखने के लिए तत्परता दिखानी होगी। कई बार यह देखा गया है कि गांव के बच्चें 8वीं या 10वीं की शिक्षा लेकर विभिन्न कारणों से आगे की पढ़ाई नहीं कप पाते और छोड़ देते है। उच्च शिक्षा या सरकारी नौकरी तक वो नहीं पहुंचा पाते। इस सोच को बदलने की जरूरत है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गांव के युवाओं को मोबाइल फोन से दूसी बनाने और किताबों से दोस्ती करने की अपील की। कहा कि इसके लिए वो खुद किताब उपलब्ध कराने को तैयार है। कहा कि मोबाइल फोन पर आधी अधूरी जानकारी से युवा पीढ़ी को नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस मौके पर चान्हो के चटवल में अखरा से लेकर सरहुल अम्बा तक पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास भी किया गया। मंत्री ने कहा कि सड़क को हमेशा से ही विकास का पैमाना माना गया है। सड़के अच्छी होंगी तभी सरकार की योजनाओं को भी रफ्तार दिया जा सकता है। ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्तावित योजनाओं को पूरा करने की वो हर संभव प्रयास करती है और आगे भी करती रहेंगी। इस मौके पर चान्हो के बीडीओ, सीडीपीओ के अलावा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो इस्तेयाक अंसारी, मंगलेशवर उरांव दिलीप सिंह, इरशाद खान, मो मिजिबुल्लाह, शिव उरांव, जुल्फाम अंसारी, अजित सिंह, महादेव उरांव, अब्दुल्लाह अंसारी, जीवन तिर्की, नरुवा उरांव, चरवा उरांव, नेहरू उरांव, प्रियंका उरांव, जीवन मिंज, हफीजुल अंसारी, हारुन खान, अतीक अहमद इम्तियाज अहमद, अमित महली आदि मौजूद थे।



आंगनबाड़ी केंद्र और पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास करतीं मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की।

# बेड़ो के ऐतिहासिक डुकू तालाब का हाल बेहाल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए सरकार बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन वास्तविकता इससे कोसों दूर है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक डुकु तालाब है, जो मौजूदा समय में अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। पौराणिक एवं धार्मिक महत्व वाला यह तालाब आज बदहाल हालत में है। आलम यह है कि तालाब का पानी सुख चुका है। उसके किनारे एवं आसपास गंदगी फैलने से यहां आने वाले लोगों की संख्या लगातार कम हो रही है। गांव की आस्था से जुड़े इस ऐतिहासिक डुकु तालाब की सुंदरता को ग्रहण लग गया है। तालाब सुंदरीकरण एवं जीर्णोद्धार की आस में बदहाल हो गया है। जिम्मेदारों द्वारा अमृत सरोवर के तहत बोर्ड लगा कर सुंदरीकरण करने की बात कही गई थी। तालाब का निरीक्षण कर बदहाली दूर करने का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन अभी तक इस पर कोई पहल नहीं की गई। केवल पुराने सीढ़ी को तोड़कर नया बनाया गया है। वहीं तालाब किनारे कचरे फेंककर तालाब को गंदा कर दिया जाता हैं।

### कागजों में हो गया तालाब का सुंदरीकरण-जीर्णोद्धार

केंद्र सरकार की ओर से अमृत सरोवर योजना चलाई गई थी। प्रखंड में तलाबों के जीर्णोद्धार में लाखों रुपए खर्च किए गये। लेकिन जीर्णोद्धार का काम सिर्फ कागजों में ही हुआ। तलाबों की सूरत नहीं बदली सकीं। सौंदर्यीकरण की योजना मूर्त रूप नहीं ले सकी है। लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी धरातल पर बदहाल तालाब योजना को मुंह चिढ़ा रहा हैं। जबकि जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए पिछले दो दशक से लाखों रुपए खर्च कर दिए गए। केवल सीढ़ी बनाकर बोर्ड बदल दिया जाता है। प्लास्टिक एवं गंदगी से तालाब बदहाल है। तलाब में घाटों का निर्माण एवं घाट में स्नानागार, चेंजिंग रूम और यूरिनल जैसे इंतजाम ना होने से यहां की रौनकता सिमटती जा रही है। जिम्मेदारों की उदासीनता की वजह से तालाब धीरे-धीरे अपनी पहचान खोता जा रहा है।

# राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में तन्मय राज का चयन



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र तन्मय राज ने ओपन झारखंड राज्य अंडर-15 वर्ग कुश्ती में स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र कुश्ती संघ की ओर से 20 से 22 जून 2025 तक नागपुर में अंडर-15 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेताओं का चयन अंडर-15 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाएगा। प्राचार्या किरण यादव ने तन्मय की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि स्वर्ण पदक प्राप्त करना आसान नहीं होता। श्रेष्ठ से श्रेष्ठ के खिलाफ प्रतिस्पर्धा में अपनी कड़ी मेहनत, त्याग ,अनुशासन, लगन , दृढ़ इच्छाशक्ति, समर्पण और विश्वास के माध्यम से इसने यह उपलब्धि अर्जित किया है। तन्मय की सफलता पर विद्यालय परिसर में हर्ष व्याप्त है।

# पाहन व्यवस्था को कमजोर करने का हो रहा है प्रयास: मधु कोड़ा

- भुसूर मैदान में भव्य पाहन महासम्मेलन का आयोजन
- जनजातीय परंपरा संरक्षण का लिया संकल्प

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** लालखटंगा पंचायत के भुसूर मैदान में ट्राइब फर्स्ट अभियान के तत्वावधान में रविवार को पाहन महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत गांव के झीरगा पाहन की ओर से विधिवत पारंपरिक पूजन से की गई। इसके बाद जनजातीय प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन की औपचारिक शुरूआत की। इस सम्मेलन की अध्यक्षता ग्राम प्रधान राजेश टोप्पो एवं झीरगा पाहन ने की। जबकि संचालन ट्राइब फर्स्ट की राज्य संयोजक आरती कुजूर और रितेश उरांव ने किया। इस अवसर पर रांची सहित आसपास के प्रखंडों से आए धर्मगुरुओं पाहन, पईनभोरा, कोटवार एवं उनके सहयोगियों को धोती और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड जैसे जनजाति बहुल राज्य में सामाजिक व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले पाहनों की भूमिका को मुख्यधारा में लाना एक प्रशंसनीय प्रयास है। आदिवासी समाज में लिखित संविधान भले ना हो, लेकिन जन्म से लेकर मृत्यु तक की सभी परंपराएं पाहन परंपरा पर आधारित है। उनके बिना समाज एक कदम भी नहीं चल सकता। वक्ताओं ने इस बात पर चिंता जताई कि हाल के वर्षों में समाज के मूल स्तंभ पाहन व्यवस्था को कमजोर करने के प्रयास हो रहे है। सम्मेलन में पाहनों द्वारा जीवन के विभिन्न संस्कारों से जुड़े रीति-रिवाजों का विवरण दिया गया ।साथ ही समाज को इन परंपराओं के संरक्षण के लिए संगठित होने का आह्वान किया गया। सम्मेलन में जनजातीय संस्कृति की रक्षा एवं पाहन परंपरा के सशक्तिकरण को लेकर महत्वपूर्ण प्रस्तावों को पारित किया गया। इनमें पाहनों को सम्मानजनक पहचान, पारंपरिक भूमिकाओं की स्वीकृति और अगली पीढ़ी को इसकी शिक्षा देने पर बल दिया गया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, राजेश टोप्पो, आरती कुजूर, रितेश उरांव, सोमा उरांव, मेघा उरांव, रामकुमार पाहन, सत्यदेव मुंडा, संदीप उरांव, मेघनाथ सिंह मुंडा, मोहन टुडू, हरिचरण सांडिल, पुष्पा तिर्की, बबलू मुंडा, सन्नी टोप्पो, लक्ष्मण सिंह मुंडा, अशोक मुंडा, बिरसा पाहन, बुदू पाहन, सोहराई पाहन, अंजलि लकड़ा, अजय मुंडा, शनिचरवा तिर्की, रवि टोप्पो, रवि कुमार और मुन्ना कुमार आदि मौजूद थे।




# हुसैनाबाद में स्कॉलरशिप टेस्ट संपन्न 15 और 16 जून को होगी काउंसलिंग

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पत्रकार स्वर्गीय सुनील विश्वकर्मा की स्मृति में जेवाईएसएस शिक्षा प्रकोष्ठ की ओर से तकनीकी शिक्षा के लिए हुसैनाबाद क्षेत्र के तीन केंद्र सीता विद्यालय हरिहरगंज, बक्सी उच्च विद्यालय जपला एवं हैदरनगर आरके प्लस 2 उच्च विद्यालय में संपन्न हुई। इस परीक्षा में 840 छात्रों ने भाग लिया। इसमें उत्तीर्ण छात्रों की 15 और 16 जून को हुसैनाबाद के टाउनहॉल में काउंसिलिंग होगी। उसके बाद चयनित 105 छात्रों को तकनीकी शिक्षा के लिए 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप मुहैया कराई जाएगी। जेवाईएसएस के प्रमुख के विश्वा ने कहा कि इस क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा का कोई संस्थान नहीं है। छात्रों को न तो करियर की जानकारी दी जाती है, ना ही कोई सहयोग दी जाती है। जबकि आज 21वीं सदी में करियर के सैकड़ों विकल्प मौजूद हैं। इस परीक्षा को मैं एक अभियान की तरह देखता हूं, जो छात्रों को तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूक करता है। मैट्रिक इंटर के बाद तकनीकी शिक्षा और रोजगार के संभावनाओं को समझने का मौका मिलता है। हमारा प्रयास है कि हमारे क्षेत्र के बच्चे भविष्य में रोजगार परक शिक्षा हासिल करें ताकि उन्हें भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें।

# कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों को 11 को सौंपा जायेगा नियुक्ति पत्र

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड कांग्रेस की बैठक आगामी 11 जून को होगी। झारखंड कांग्रेस एवं रांची जिला (ग्रामीण) कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 2025 संगठन सृजन के तहत नवनियुक्त नगड़ी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को बैठक में नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा। संगठन सृजन 2025 के तहत प्रखंड में प्रखंड कमेटी के अलावे सहयोगी संगठनों का पुनर्गठन कर संगठन का विस्तार किया जाएगा। साथ में सभी पंचायतों में पंचायत कमेटी वार्ड और बूथ कमेटी को मजबूत किया जाएगा। इसकी जानकारी संयुक्त रूप से नगड़ी प्रखंड के पर्यवेक्षक बेलस तिर्की और नगड़ी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सहाबीर लोहरा ने दी।

# बारीडीह-सेमरा गांव में आयोजित 12 वर्षीय संगी भईयादी महोत्सव का समापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड के बारीडीह गांव में शनिवार को आयोजित 12 साल में एक बार होने वाला दो दिवसीय वार्षिक 12 वर्षीय संगी भईयादी महोत्सव का रविवार को समापन हो गया। इस दौरान सेमरा गांव स्थित अखरा स्थल से ग्रामीणों ने ढोल, ढाक, मांदर, नगाड़ा, शहनाई एवं झंडा के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाला, जो परंपरागत नाच गान के साथ सेमरा के संगी गांव बारीडीह के लिए रवाना हुआ। यह शोभायात्रा सेमरा, केशा मोड़, तेतरटोली व बेड़ो होते हुए बारीडीह पहुंचा। जहां संगी गांव बारीडीह गांव के ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद दोनों गांव के संगी भाई परंपरागत नाच गान करते हुए अखरा स्थल पर पहुंचे। जहां रात में सामूहिक भोज के बाद एक बैठक हुई। इसमें ग्रामीणों ने बताया कि यह महोत्सव 12 साल में एक बार मनाया जाता है। जो जनजातिय क्षेत्र में संगी शब्द की महिमा को अक्षुण्ण बनाए रखने का अनमोल प्रेरणा देता है। यह महोत्सव हमारी परंपरा की विरासत है। जिसे सहेज कर रखना हमारा कर्तव्य है। ग्रामीणों ने कहा कि यह महोत्सव हमें मानव समाज में मानवीय मूल्यों, मानवता, सौहार्द, सहिष्णुता, समरसता, एकता और आपसी भाईचारा को एक सूत्र में बांधकर मानवीय जीवन जीने का पाठ पढ़ाता है। यह समारोह रविवार को संगी गांव बारीडीह से सेमरा गांव के ग्रामीणों की विदाई के बाद समाप्त हो गया। वहीं महोत्सव को सफल बनाने में मुखिया सुशांति भगत, सुशील भगत, सुभाष उरांव, सुका उरांव, जतरु उरांव, बोलको उरांव, सुकरा पहान, गंदुरा उरांव, पुजार रमेश उरांव, दिलीप उरांव, सवनु उरांव, तीर्थदेव महतो, बोले उरांव, चरवा उरांव, सुमित उरांव, अमित उरांव, अजय उरांव, सूरज बड़ाइक, सुमन केरकेट्टा, रूबी उरांव, अनिता केरकेट्टा, बसंती उरांव, सुको उराईन, बुधु उरांव, पंचम उरांव, राजू उरांव, सूरज उरांव, वाणी कुमार राय, धनंजय कुमार राय, सुजीत कुमार राय, फगुवा उरांव, सुका महतो, प्रकाश उरांव, बासुदेव उरांव, मोहन उरांव, भेदो उरांव, ईश्वर गोप, बंधन टाना भगत, वीणा टाना भगत, संतु गोप आदि का योगदान सराहनीय रहा।



# दलित महिला से मारपीट मामले की जांच करने पांकी पहुंचे लेस्लीगंज एसडीपीओ

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी थाना क्षेत्र के बसडीहा निवासी दलित महिला के साथ मारपीट की घटना की जांच करने रविवार को लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज झा पांकी पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़िता से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली। एसडीपीओ ने पांकी थाना प्रभारी सहित अनुसंधान पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। एसडीपीओ ने कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति उत्पीड़न के मामलों में किसी तरह की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। पीड़ित को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही दोषियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# भाजपा नेता को पितृशोक, बाबूलाल सहित वरिष्ठ नेताओं ने जताया शोक

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य सह भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज महतो वाजपेयी के पिता अगमलाल महतो का रविवार की सुबह निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिप सदस्य के पिताजी के आकस्मिक निधन पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद, प्रदीप वर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, विधायक नवीन जायसवाल, सीपी सिंह, प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, जिप सदस्य रामजीत गंझु, भाजपा के जिला अध्यक्ष विनय कुमार महतो, जैलेन्द्र कुमार, स्वामी देवेंद्र प्रसाद, उदय पासवन, उत्पल शाहदेव आदि ने शोक प्रकट किया है।

# एक पेड़ लगायें अपने परिवार के नाम : रामवचन प्रियदर्शी

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** मेदिनीनगर स्थित चंद्रा रेसीडेंसी में रविवार को कोसोफ ट्रस्ट का ग्रीन वे समारोह आयोजित हुआ। जिसमें ट्रस्ट के निदेशक रामवचन प्रियदर्शी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन दीपप्रज्वल्लित कर की गयी। इस अवसर पर निदेशक रामवचन प्रियदर्शी ने कहा कि अपने परिवार के नाम अवश्य एक पेड़ लगाएं। पर्यावरण सरंक्षण के लिए पेड़ लगाना अति आवश्यक है। पेड़-पौधे से हमारा वातावरण शुद्ध होता है। पेड़ पौधे के बिना धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण को सारंक्षित करें।

# भोक्ताओं को जलते अंगारों पर चलने की शक्ति भगवान शिव की कृपा से ही मिलती है: प्रो आदित्य प्रसाद साहू

## कहा- सनातन धर्म आस्था ही नहीं, दिलों का मेल भी है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ओरमांझी।** प्रखंड के हेंदेबिली, चपराकोचा, उलातु में शिव मंडा पूजा आयोजित हुआ। इस दौरान राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू बतौर मुख्य अतिथि उलातू एवं हेंदेबिली शिव मंडा पूजा में शामिल शामिल हुए। मंडा में उपासक भोक्ता द्वारा जलते अंगारों पर चलकर पार किया जाता है। उन्हीं भोक्ताओं को देख राज्यसभा सांसद ने कहा कि यह शक्ति भगवान शिव की कृपा से ही मिलती है। सनातन धर्म आस्था ही नहीं, दिलों का मेल भी है। रविवार की सुबह झूलन पर झूलते हुए भोक्ताओं ने फूल बरसाए, जिसे पाने के लिए भक्त अपनी झोली फैलाए खड़े थे। इस मौके पर पूर्व लोकसभा सांसद राम टहल चौधरी, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, मानकी राजेंद्र शाही, पंसस ललिता देवी, मुखिया ओरमांझी दीपक बड़ाइक, उप मुखिया ओरमांझी संतोष गुप्ता विहिप मंत्री शशि मेहता, संतोष कुशवाहा, विक्रांत तिवारी, सत्य नारायण तिवारी, राजेश गुप्ता, दिलीप मेहता, रणधीर चौधरी, अलख नाथ महतो, कामेश्वर महतो, आनंद मेहता, भाजपा प्रदेस कार्य समिति सदस्य प्रकाश महतो आदि उपस्थित थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू।

# तेज रफ्तार बाइक दुर्घटनाग्रस्त घायल किशोर की हालत गंभीर

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जोन्हा चट्टी में रविवार की दोपहर एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में एक 19 वर्षीय एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पहचान सोमा उरांव के रूप में हुई है। वह सिकिदिरी थाना क्षेत्र के चाड़ु गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सोमा एक रिश्तेदार के साथ जोन्हा बाजार आया था। इसी दौरान उसकी बाईक एक पार्सल वैन से पीछे से टकरा गई। गंभीर रूप से घायल सोमा को पहले मेसो अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में 45 रोगियों का नि:शुल्क इलाज

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह (अघोर आश्रम) के सुदना स्थित आश्रम में शुक्रवार और शनिवार को मासिक प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें धनबाद के नस रोग विशेषज्ञ वैद्य प्रदीप कुमार डागा ने प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से 45 रोगियों का निःशुल्क इलाज किया। शिविर की शुरूआत डॉ डागा ने परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम एवं पूज्य गुरुपद संभव राम जी के तैल चित्र की पूजा-अर्चना कर की। शिविर में सुबह 10 बजे से शाम तक इलाज चलता रहा। वैद्य डागा ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से बिना दवा के हजारों लोग ठीक हो चुके हैं। नस से संबंधित बीमारी को थैरेपी के माध्यम से ठीक किया जाता हैं। आज के समय दर्द से निवारण के लिए लोग पैसै खर्च कर रहे हैं पर इस पद्धति से दर्द द्वारा दर्द का इलाज किया जाता हैं। वहीं, प्रचार मंत्री अनुराग सिंह ने बताया कि समूह के मेदिनीनगर शाखा में प्रत्येक माह के छह तारीख को निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता हैं, इस बार छह-सात जून तक शिविर चला जिसमे वैद्य डागा ने अपनी सेवा दी।

## ट्रांसफार्मर पर चढ़े युवक को लगा 11 हजार वोल्ट का झटका, हाथ-पैर झुलसा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई प्रखंड के पूसो थाना क्षेत्र के सरना टोली गांव निवासी 19 वर्षीय सूरज उरांव बिजली का झटका लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। शनिवार की रात 11 बजे इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक शनिवार की रात पूरे गांव में बिजली नहीं थी ट्रांसफार्मर से बिजली खराब था उसका फ्यूज उड़ गया था अपने एक दोस्त को लेकर सूरज ट्रांसफार्मर के पास पहुंचा और बिजली बनाने के लिए स्विच को डाउन किया इसके बाद वह ट्रांसफार्मर में चढ़ गया और स्विच में तार जोड़ने लगा। लेकिन तभी उसे अचानक 11 हजार का बिजली का झटका लगा और वह ट्रांसफार्मर से नीचे जमीन पर गिर दिया जिसके बाद वह बेहोश हो गया। युवक ने बताया वह कोई भी उपकरण लेकर बिजली नहीं बना रहा था बल्कि खुले हाथों से ही तार जोड़ रहा था। घटना में उसका दोनों हाथ पैर और पेट झुलस गया।

## सरहुल अखड़ा में शहीद तेलंगा खड़िया की मूर्ति अनावरण समारोह को लेकर बैठक



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सरहुल अखाड़ा में वीर शहीद तेलंगा खड़िया के मूर्ति अनावरण समारोह का समीक्षा बैठक आयोजित किया गया जिसमे विगत दिनों आयोजित कार्यक्रम का समीक्षा किया गया। साथ ही सरहुल अखाड़ा में सखुआ पेड़ का वृक्षारोपण भी किया गया। इस मौके पर रीतवा कुल्लू, दुर्गा पहान, रतिया इंदवार, एलिजाबेथ, पीयूष खड़िया,एंजल्स टेटे, बिरसा खड़िया, एमलेन कुल्लू लखन कुल्लू आदि मौजूद थे।

## नाबालिग पर युवती से दुष्कर्म का आरोप, गिरफ्तार

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना में शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर लगभग 31 वर्षीय युवती से 16 वर्षीय नाबालिग के दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के एक गांव में चचेरे नाबालिग भाई ने अपनी चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म किया। मामला का खुलासा तब हुआ जब पीड़िता के पिता ईंट भट्ठा से काम कर बीते फरवरी माह में घर आया तब पीड़िता गर्भवती थी। जिसके बाद पूछताछ किया गया तब पूरा मामला सामने आया। चुकी दोनों घर के ही है जिसके बाद घर वाले आपस में बैठक कर मामले को सलटाया। जिसके बाद अचानक पिछले 6 जून की दोपहर युवती शौच कर के घर लौट रही थी। इसी दौरान नाबालिग युवक उसके पास पहुंचा और मारपीट करने लगा। साथ ही जान से मारने की नीयत से गला दबाने लगा जिसके बाद आसपास के लोगों ने देखा और पीड़िता को चंगुल से छुड़ाया। जिसके बाद पीड़िता को लेकर परिजन घाघरा थाना पहुंचे और पूरे मामले को बताया। इसके बाद घाघरा पुलिस उक्त नाबालिक आरोपी को पकड़कर थाना लाया और रविवार को बाल सुधार के लिए भेज दिया गया है। इस संबंध में थानेदार पुनीत मिंज से पूछने पर उन्होंने कहा शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर युवती के साथ नाबालिग के द्वारा दुष्कर्म किया गया था। आवेदन मिलते ही उक्त नाबालिग को पकड़ कर बाल सुधार के लिए भेज दिया गया है।

## टाना भगत इंटर कॉलेज के वाणिज्य और कला संकाय में नामांकन जारी

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** टाना भगत इंटर कॉलेज में सत्र 2025–27 में कला व वाणिज्य संकाय में नामांकन जारी है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्राचार्य अरशद मोमिन ने कहा कि इच्छुक विद्यार्थी जल्द से जल्द नामांकन कर ले सीट लिमिट है। नामांकन संबंधी जानकारी व फार्म कॉलेज से आकार लेने की बात कही।

## 15 को आयेंगे चर्म एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ

**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध चर्म, थायरॉड एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 15 जून दिन रविवार को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मरीजों को देखेंगे। इस दौरान चर्म, थायरॉड एवं कुष्ठ रोग से संबंधित रोगियों की जांच व उनका इलाज किया जायेगा।

## गुमला थाना प्रभारी से मिले भाजपाई



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना में नवपदस्थापित थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली से गुमला भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल की अगुवाई मे शिष्टाचार मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत युवाओं के बीच तेजी से पांव पसारते नशे की लत, शहर के अंदर बढ़ती चोरी की घटना, ट्रैफिक और अन्य ज्वलंत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। थाना प्रभारी ने कहा शहर के अंदर व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु जनता का सहयोग परस्पर पुलिस को मिले ऐसी अपेक्षा है। पुलिस जनता के हर संभव मदद को तत्पर रहेगी। गुमलावासियों के सहयोग से मिलकर एक स्वच्छ और सुंदर वातावरण का निर्माण किया जाएगा। भाजपा पदाधिकारीयों ने भी पुलिस को हर संभव सहयोग करने की बात कही। मौके पर जिला महामंत्री यशवंत सिंह ,पूर्व अध्यक्ष सबिन्द्र कुमार सिंह ,जिला कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप प्रसाद , सागर उरांव विकास कुमार सिंह ,बल्केश्वर सिंह, विपिन सिंह, कौशलेंद्र जमुवार आदि उपस्थित थे।

## अलग-अलग प्रखंड में सर्प दंश से दो घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिले के चैनपुर और घाघरा प्रखंड में सर्प दंश से दो लोग घायल हो गये। रविवार की अपराह्न 4 बजे दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया जहां दोनों का इलाज चल रहा है।पहली घटना चैनपुर थाना क्षेत्र के मालम गांव की है। जहां 18 वर्षीय अनुप्रिया कुजूर शनिवार की दोपहर गांव के ही तालाब में मछली मारने गयी थी। तालाब के किनारे जाल से मछली उठाने के क्रम में एक विषैला सांप उसके पैर में लिपट गया वह पैर को झटक दी तो सांप उसके पैर को काट लिया जिसके बाद वह सांप को पकड़कर दूर फेंक दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में इलाज के बाद उसकी छुट्टी कर दी गई। वह गुमला के एक हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती है सोमवार से विद्यालय खुलने के कारण रविवार को हॉस्टल आई लेकिन पैर में तेज जलन और बुखार होने के कारण उसे सदर अस्पताल लाया गया। दूसरी घटना घाघरा थाना क्षेत्र के तारा गुद्दू गम्हरिया गांव की है जहां 19 वर्षीय सीतामुनी देवी रविवार की अहले सुबह शौच के लिए खेत की ओर जा रही थी तभी उसके पैर के नीचे एक सांप आ गया इसके बाद सांप उसके पैर को काट लिया साथ ही उसके पैर में लिपट गया। झटका देने के बाद भी सांप पैर में कुंडली मारे रहा। काफी जद्दोजहद के बाद उसने अपने आप को सांप से छुड़ाया। इसके बाद उसे सदर अस्पताल लाया गया।

# केंद्र सरकार लोगों को धर्म के जाल में फंसा रही है : चैतू उरांव

**संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने के लिए की गयी बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिला अध्यक्ष चैतू उरांव के अध्यक्षता में जिले के तमाम वरिष्ठ कांग्रेसी जिला प्रखंड मंडल एवं पंचायत कमेटी की बैठक परिषद भवन गुमला में हुई। संविधान बचाओ रैली 10 जून 2025 दिन मंगलवार अंबेडकर का प्रतिमा परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम से शुरू होकर पटेल चौक में रोड होते हुए कांग्रेस कार्यालय सभा स्थल तक जायेगी। सभा स्थल का निरीक्षण तमाम कांग्रेसियों ने किया। इस बैठक में चैतू उरांव ने कहा कि नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाला भाजपा सरकार के द्वारा संवैधानिक लोकतांत्रिक निरंतर कमजोर किये जाने सांसदीय प्रक्रिया को कमजोर करने, सामाजिक एवं आर्थिक न्याय के आदर्शों पर सुनियोजित हमला किया जा रहा है। केंद्र में बैठी मोदी सरकार संविधान का रक्षा करने के बजाय देश की जनता को धर्म के जाल में फंसाना चाहती है सरना इसाई हिंदू मुसलमान के बीच विभाजन कर एक दूसरे के खतरा होने का ढोंग कर रही है। देश के आदिवासी समाज को खत्म करने के लिए डीलिस्टिंग से लेकर सरना सनातन तक का षड्यंत्र रचा जा रहा है लेकिन यह कभी सफल नहीं होंगे केंद्र सरकार के द्वारा भारत के संविधान में मुस्लिम समुदाय में दी गयी संरक्षण की अवहेलना कर वक्फ बोर्ड संशोधन बिल लाकर इस्लाम धर्म का अभिन्न हिस्सा वक्फ की जायदाद को सरकार के अधीन लाये जाने और भविष्य में वफक की जायदाद में होने वाले विवादों पर कांग्रेस पार्टी गंभीरता से विरोध कर चुकी है। संसद से सड़क तक मुस्लिम समुदाय के साथ आंदोलन की है इसी निमित्त गुमला में आने वाले 10 जून 2025 को संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया है। गुमला जिला के तमाम गुमला वासियों से अपील की जाती है कि संविधान बचाओ देश बचाओ अभियान में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाये।

बैठक में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस महासचिव फिरोज आलम, रामनिवास, गंगा उरांव प्रसाद, गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, विधि सेल के अध्यक्ष मोहम्मद खुर्शीद, मनरेगा अध्यक्ष पवन केवट, कृषि विभाग के अध्यक्ष मीरा हामिद, अल्पसंख्यक अध्यक्ष साहब वसीम, सहकारिता अध्यक्ष मिनहाज खान, बेलसाजर मिंज, राजा खड़िया, जयदीप सिंह, शमा देवी, सरवर हुसैन, जीरा मोती उरांव, मोहम्मद तमीम, व्रज किशोर समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## चैनपुर में आपसी विवाद में दो की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



आरोपी छोटू मुंडा।

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के लीगिर पाठ में एक दर्दनाक दोहरे हत्याकांड की घटना सामने आयी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लीगिर पाठ निवासी जातरी मुंडा ने पुलिस को बताया कि उसके पिता सुखदेव मुंडा (55) और बुधराम मुंडा (22) की हत्या गांव के ही छोटू मुंडा (23) ने की है। आवेदन में बताया है कि शुक्रवार को सुखदेव मुंडा, बुधवार मुंडा और छोटे मुंडा शुक्रवार को गांव जंगल की ओर पिकनिक मनाने गयी थे। सभी ने साथ में शराब पी थी इसी दौरान किसी बात पर तीनो में कहा-सुनी हो गयी, जिसके बाद छोटू मुंडा ने लाठी से हमला कर दोनों को जख्मी कर दिया। इस घटना में सुखदेव मुंडा और बुधराम मुंडा की मौत हो गयी। ग्रामीणों ने दबी आवाज में यह भी बताया है कि शुक्रवार को गांव में हुए फुटबॉल मैच के बाद सुखदेव मुंडा, बुधराम मुंडा और छोटू मुंडा पिकनिक मनाने गये थे। वहां तीनों में किसी बात को लेकर काफी कहा-सुनी हुई और हल्की हाथापाई भी हुई थी। इसके बाद तीनों ने साथ में शराब पी और प्लानिंग के तहत छोटू मुंडा और बुधराम मुंडा ने सुखदेव मुंडा को गांव से दूर ले जाकर लाठी से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी छोटू मुंडा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है और जांच कर रही है कि इस हत्या के पीछे क्या कारण था।

## मिशिका ट्रेडर्स में चोरी 50 हजार के सामान गायब



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के नेतरहाट रोड स्थित मिशिका ट्रेडर्स में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों ने छत के अल्बेस्टर को तोड़कर दुकान के अंदर प्रवेश किया। दुकान के संचालक आकाश साहू ने बताया कि घटना रात की है। चोरों ने काउंटर से नगद, एलइडी टीवी और सीसीटीवी सेटअप का डीवीआर गायब किया है। नुकसान का अनुमान लगाते हुए आकाश ने बताया की करीब 50000 मूल्य का सामान गायब है। चोरों का मुख्य मंशा का अंदेशा लगाते हुए आकाश ने बताया की दुकान के अंदर रखा दो मोटरसाइकिल की चोरी करने के लिए प्रयास हुआ होगा। क्योंकि दुकान के अंदर में रखा हथोड़ा शटर के बाहर पाया गया। दुकान के शटर में लगे ताला को तोड़कर अंदर रखा हुआ दो मोटरसाइकिल को उड़ा ले जाने का मंशा था। लेकिन ठीक उसी वक्त सीमेंट लदा ट्रक दुकान के पास आकर रुका और मेरा ड्राइवर हलचल देखकर चोरों की तरफ दौड़ा। इसके बाद चोर दौड़ने लगे भागने में कामयाब रहे।

## जिले में 24 घंटे में पांच लोगों ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला में 24 घंटे के अंदर पांच लोगों ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है शनिवार की देर शाम 7:30 बजे सभी का इलाज के बाद छुट्टी कर दी गयी। पालकोट थाना क्षेत्र के रेंगोला गांव निवासी 45 वर्षीय बिरसू सिंह ने पारिवारिक टेंशन में आकर कीटनाशक पी लिया था। वहीं पालकोट थाना क्षेत्र के हंस दोन निवासी 60 वर्षी सीताराम गोप ने भी पारिवारिक विवाद में सब्जी में कीड़े मारने वाला कीटनाशक पी लिया था। जबकि गढ़ सरू निवासी एक 15 वर्षीय किशोरी ने उर्वरक खा लिया था उसे घर में परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट लगायी थी। जबकि घाघरा थाना क्षेत्र के गुनिया निवासी 22 वर्षीय दीपिका कुमारी ने कीटनाशक का सेवन कर लिया था। सदर थाना क्षेत्र के बृंदा निवासी 24 वर्षीय संजीव उरांव कीटनाशक खाते हुए वीडियो बनाकर वायरल किया था।

## स्पोर्ट्स एकेडमी ने उपायुक्त का किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** स्पोर्ट्स एकेडमी गुमला के निदेशक,सचिव सह प्रशिक्षक सैय्यद जुन्नु रैन और अध्यक्ष हफिजुर रहमान के नेतृत्व में प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने गुमला के नव पदस्थापित उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित से शिष्टचार मुलाकात की। समारणालय स्थित उनके कार्यालय में गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। उपायुक्त ने अकादमी के राष्ट्रीय हैंडबॉल साइकिलिंग साउथ एशिया कॉम्बैट 'कुश्ती' (काठमांडू) के गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ीयो से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर अकैडमी के प्रतिभावान खिलाडियों ने विगत कई वर्षों से राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य व जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।खिलाड़ियों ने बताया कि परमवीर अल्बर्ट का स्टेडियम में हैंडबॉल खेल का पोल जेसीबी से उखाड़ कर कहीं फेंक दिया गया। जिस के कारण खिलाड़ियों को अभ्यास में बाधा उत्पन्न हो रही है। जब के हैंडबॉल से स्टेडियम में किसी भी खेल स्पर्धा को कोई बाधा उत्पन्न नहीं हो रही थी। जबकि वर्तमान में इन्हीं खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर गुमला जिले की मान मयार्दा को बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। जिले के अगुवा उपायुक्त ने बच्चों के प्रशिक्षक सैयद जुननू रैन की बातों को ध्यान में रखते हुए इसके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होने खेल के साथ-साथ शिक्षा में भी ध्यान देने की बात कही। देश राज्य व जिले का नाम रोशन करने में जिला प्रशासन खिलाडियों का हर संभव सहायता प्रदान करने का वादा किया। इस मौके पर नीरज मांझी (गोल्ड) अरीब आबदीन, (सिल्वर )आर गोस्वामी, फैसल अंसारी (कांसय) अनुज मांझी सद्दाम अंसारी मोनिका टोप्पो (गोल्ड ) प्रीति (सिल्वर), शिवानी कुमारी , सोनाली कुमारी अकेबुल अंसारी उपस्थित थे।

## श्री सर्वेश्वरी समूह का नरसेवा संकल्प रथ सिलम के वृद्धाश्रम और नारी निकेतन पहुंचा

**वरिष्ठजन पूजनीय होते हैं : नीता हरीतिमा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** श्री सर्वेश्वरी समूह के महिला संगठन की ऊर्जावान सदस्यों के नरसेवा का संकल्प रथ नगर के निकटस्थ ग्राम सिलम स्थित वृद्धाश्रम तथा नारी निकेतन पहुंचा। जहां संगठन की महिलाओं ने वहां रह रहे चौबीस महिला बुजुर्गों और पन्द्रह वरिष्ठ पुरुषों के बीच नये वस्त्र का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत अघोरेश्वर महाप्रभू तथा परमपूज्य गुरुदेव की पूजा अर्चना के साथ किया गया। संगठन की नीता हरीतिमा के द्वारा समूह के कार्यक्रमों और उद्देश्यों के विषय में विस्तार से बतलाते हुए बुर्जुगों का हौसला आफजाई की गयी। उन्होंने वरिष्ठजनों को पूजनीय बतलाते हुए उन्हें चिंतामुक्त रहने की सलाह दी और अपने स्वास्थ्य एवं दिनचर्या के प्रति सदैव सजग रहने की नसीहत भी दी। संगठन की हेमलता यादव ने वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धों के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए उनके कुशल भविष्य की कामना की। अंत में सबों के बीच अघोरेश्वर संदेश का भी वितरण किया गया। मौके पर महिला संगठन की क्षमा गुप्ता, गायत्री महापात्र, तनुजा महापात्र, रुक्मणी सिंह, लक्ष्मी कुमारी दास, मधु सिन्हा, मीरा विश्वकर्मा, बिमला महापात्र, माड़ंवी रानी, सुषमा महापात्र, अदिति सारंगी, मंजू दास, अनीता गुप्ता, कांता गुप्ता, अनु देवी, अनीशा गुप्ता, रश्मि केसरी, नीलम सोनी आदि उपस्थित थे।

**संगठन की मजबूती के लिए सदर प्रखंड कांग्रेस ने किया कमेटी विस्तार**

## दो उपाध्यक्ष तथा नौ महासचिव नियुक्त


आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** आगामी 10 जून को होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारी की समीक्षा के लिए सदर प्रखंड के कांग्रेसियों ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के सदर प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर ने की। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चैतू उरांव प्रखंड पर्यवेक्षक खुर्शीद आलम जिला महासचिव गंगा उरांव एवं अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।

कांग्रेस पार्टी की मजबूती पर चर्चा परिचर्चा की गयी। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर ने प्रखंड कमेटी को मजबूत बनाने की दिशा में दो उपाध्यक्ष तथा 9 महासचिव नियुक्त किये। उपाध्यक्ष के लिए शमा देवी सिंह, एवं लखन राम को मनोनित किया गया जबकि महासचिव परद की जिम्मेवारी जीरा मनी उरांव, छोटिया पहान, सरवर हुसैन, बालेश्वर उरांव, रहमान अंसारी ,घुड़ा उरांव, विश्राम उरांव, उदय उरांव तथा एजाज आलम को दी गई। इन सभी पदाधिकारी को पर्यवेक्षक प्रखंड अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष का हस्ताक्षर का हस्ताक्षर युक्त प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। इस मौके पर जिला सचिव। बेल साजर मिंज, छोटिया उरांव जीरा मुनी उरांव, मोहम्मद तमीम फैजी मीरा हामिद मयंक टोप्पो जयदीप सिंह नारायण एक्का राजा खड़िया उदय उरांव रहमान अंसारी आशीष नाथ शाहदेव एवं अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



पहले बल्लेबाजी करते हुए जेवियर जीटी ने 16.4 ओवरों में सभी विकेट खोकर 64 रन बनाए। शौर्य ने 16 और युवराज ने 10 रन बनाए। विलदान को 11 रन देकर 4 और यश्वी को 14 रन देकर 2 विकेट प्राप्त हुए।

## जेवियर प्रीमियर लीग : आरसीबी ने जीटी को छह विकेट से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में खेले गए जेवियर प्रीमियर लीग 2025 का फाइनल मुकाबला सेंट जेवियर स्कूल ग्राउंड में खेला गया। जिसमें जेवियर आरसीबी ने जेवियर जीटी को 6 विकेट से हरा कर खिताब जीत लिया। मुख्य अतिथि सुमित कुमार थे। पहले बल्लेबाजी करते हुए जेवियर जीटी ने 16.4 ओवरों में सभी विकेट खोकर 64 रन बनाए। शौर्य ने 16 और युवराज ने 10 रन बनाए। विलदान को 11 रन देकर 4 और यश्वी को 14 रन देकर 2 विकेट प्राप्त हुए। जवाब में जेवियर आरसीबी की टीम ने 14.1 ओवरों में 4 विकेट खोकर 65 रन बना लिए और आसानी से जीत दर्ज कर ली। फाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच विलदान को चुना गया वही बेस्ट बैट्समैन विक्रम बंधु और बेस्ट बॉलर का खिताब आर्यन को दिया गया। मुख्य अतिथि सुमित कुमार ने विजेता और उपविजेता टीम को कप और मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मोहम्मद वसीम, मोहम्मद उज्जैर, समीर चौधरी, कुंतक आनंद, रणविजय सिंह, मो. अमजद, श्याम प्रसाद, मकसूद एवं कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## शेखर बोस और उत्तम राज का स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** 8 जून 2025 को वालीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के हालिया चुनाव में विजयी होकर लौटे झारखंड वॉलीबॉल संघ सचिव शेखर बोस, सचिव झारखंड वॉलीबॉल संघ एवं उत्तम राज (कोषाध्यक्ष) का झारखंड वालीबॉल संघ के पदाधिकारियों, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि उत्तम राज इस चुनाव में कार्यकारिणी समिति में निर्वाचित घोषित हुए हैं। एयरपोर्ट पर ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और पारंपरिक नृत्य के साथ दोनों महानुभावों का स्वागत किया गया। इस मौके पर झारखंड वालीबॉल संघ के अध्यक्ष, सचिव, कोच, वरिष्ठ खिलाड़ी, महिला एवं पुरुष टीमों के सदस्य तथा बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे। इस अवसर पर झारखंड वालीबॉल संघ की ओर से एक स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया और आगामी योजनाओं पर चर्चा के लिए एक विशेष बैठक की घोषणा की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दोनों को शुभकामनाएं। शेखर बोस ने कहा कि यह जीत केवल संघ की नहीं, बल्कि पूरे झारखंड की है। हम सभी मिलकर झारखंड में वालीबॉल को नयी उंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# धनबाद से बंगाल भेजे जा रहे थे सिक्के रांगाटांड़ बस स्टैंड से किया गया जब्त

## लोहा-तांबा-एलम्युनियम और सिक्कों सहित 225 किलोग्राम धातु जब्त, जांच शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। थाना क्षेत्र स्थित रांगा टांड बस स्टैंड पर रविवार को छापामारी कर पुलिस ने चोरी कर ले जा रहे भारी मात्रा में लोहा, तांबा, एलम्युनियम और सिक्के जब्त किए हैं। जहां से कुल 33 बोरी चोरी की धातुएं बरामद हुईं। जिसमें 14 बोरी लोहा, 11 बोरी तांबा, 5 बोरी एलम्युनियम और तीन बोरी सिक्के शामिल हैं, जिनका कुल वजन 225 किलोग्राम बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, ये सभी सामान बस के माध्यम से बंगाल भेजे जाने की तैयारी में थे। धनबाद थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रांगा टांड बस स्टैंड पर छापा मारा और चोरी की धातुएं बरामद कर लीं। फिलहाल इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस सभी जब्त सामानों को अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। बरामद सिक्कों के संदर्भ में यह आशंका जताई जा रही है कि इनका उपयोग ब्लेड निर्माण में किया जाता है। यह अनुमान इस आधार पर लगाया गया है कि इस प्रकार के सिक्कों को गलाकर ब्लेड जैसी वस्तुएं तैयार की जाती हैं, जिनकी बंगाल में भारी मांग है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि चोरी की इन धातुओं की आपूर्ति किन लोगों द्वारा की जा रही थी और बंगाल में इनका रिसीवर कौन था। पूरे नेटवर्क का पदार्फाश करने के लिए गहन जांच शुरू कर दी गयी है।


रांगाटांड बस स्टैंड से जब्त सिक्के, तांबा-लोहा-एलम्युनियम से भरी बोरियां।

### ब्लेड बनाने में होता है सिक्कों का इस्तेमाल

### गिरोह का पर्दाफाश करने को पुलिस की जांच जारी

# ऑपरेशन सिंदूर में घायल जवान स्वस्थ होकर पहुंचा गोमो, लोगों ने किया भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद। जिले के गोमो (नेताजी सुभाषचंद्र बोस) जंक्शन में बीएसएफ के जवान राजेश कुमार का रविवार को भव्य स्वागत किया गया। गोमो निवासी राजेश कुमार जम्मू-कश्मीर के आरएसपुरा सेक्टर में तैनात थे. उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब दिया था।

### बॉर्डर पर फायरिंग में घायल हुए थे राजेश

डीसी आदित्य रंजन ने बताया कि गोमो के शिव मंदिर कालीपारा निवासी राधिका राग के पुत्र राजेश कुमार 120 बटालियन सीमा सुरक्षा बल में तैनात हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उन्होंने अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय दिया था। ऑपरेशन के दौरान घायल होने के बाद भी उन्होंने पाकिस्तान की गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया था। इस दौरान पाकिस्तान की ओर से की गई फायरिंग में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बावजूद उन्होंने मोर्चा नहीं छोड़ा और पाकिस्तानी सेना की 41 पोस्ट को ध्वस्त कर दिया था। दुश्मनों पर लगातार गोलियां बरसाते हुए वे अंततः गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसके बाद उन्हें तत्काल बीएसएफ के 166 मिलिट्री अस्पताल, सतवारी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। वहां उचित उपचार के बाद ठीक हो जाने पर 25 मई को डिस्चार्ज किया गया। बटालियन ने राजेश कुमार को 5 जून से दो जुलाई तक चिकित्सकीय अवकाश दिया है। जिसमें वे अपने घर पर रहेंगे। वहीं, तोपचांची सीओ डॉ संजय कुमार सिंह ने बताया कि अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय देने वाले राजेश कुमार अस्पताल से रिलीज होकर रविवार की सुबह जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस से अपने घर गोमो लौटे। उनके आगमन पर गोमो रेलवे स्टेशन पर स्वागत के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। आमलोगों के साथ प्रशासन और पुलिस के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर थाना प्रभारी हरिहरपुर राहुल कुमार झा, इंस्पेक्टर असीम कमल टोपनो, आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर आलोक कुमार, सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, स्टेशन प्रबंधक एसएन झा, बीसी मंडल, जिला परिषद सदस्य विकास महतो, मुखिया प्रतिनिधि रवि सिंह, चेंबर अध्यक्ष धीरज कुमार सहित सैंकड़ों लोग भारत माता की जय के नारे लगाते उनके घर तक पहुंचे।

## इंटक की बस्ताकोला कोलियरी शाखा कमेटी का गठन



धनसार (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ की बस्ताकोला कोलियरी शाखा (अंसगठित) कमेटी का गठन किया गया। इस अवसर पर नव मनोनीत सदस्यों ने बस्ताकोला कोलियरी प्रबंधन से मिलकर असंगठित मजदूरों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का मांग पत्र सौपा। संगठन के महामंत्री एके झा ने शाखा अध्यक्ष महेंद्र पासवान, उपाध्यक्ष रेखा पासवान, राजा भुइया, गुड्डू चौहान, सचिव गणेश निषाद, सह सचिव गोबिंद पासवान, सिया पासवान, कोषाध्यक्ष प्रकाश उपाध्याय सहित 14 सक्रिय सदस्यीय कमेटी का गठन किया। सदस्यों ने इंटक महामंत्री एके झा से मिलकर असंगठित मजदूरों की समस्याओं से अवगत कराया।

# निरसा की खुदिया नदी में तैरता शव बरामद

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। निरसा थाना क्षेत्र के नायाडंगा काली मंदिर के निकट खुदिया नदी में रविवार की सुबह शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही लोंगों की भीड़ उमड़ पड़ी। उत्तर पंचायत के पूर्व मुखिया मजनू बाउरी ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। वहीं, खबर पाते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी। शव पानी मे तैर रहा था, जिसे लोगों की मदद से निकाला गया। हालांकि समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद से एसएनएमएमसीएच भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि पानी में डूबने से मौत हुई है या उसकी हत्या कर नदी में फेंक दिया गया है। वहीं, पूर्व मुखिया मजनू बाउरी सहित स्थानीय लोगों ने बताया कि खुदिया नदी का यह क्षेत्र जानलेवा क्षेत्र में आता है। यहां अधिकांश लोग नहाने आते हैं। अब तक आठ से 10 लोंगों की नहाने के दौरान डूबने से मौत भी हो चुकी है। उनलोंगों ने प्रशासन से मांग की कि इस क्षेत्र को जानलेवा क्षेत्र घोषित करते हुए बैरिकेटिंग किया जाय, ताकि इस तरह की अनहोनी दोबारा ना हो।



# झारखंड विस की गैर सरकारी संकल्प समिति ने अधिकारियों के साथ बैठक की, दिये जरूरी निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




धनबाद। झारखंड विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति ने रविवार को धनबाद सर्किट हाउस में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के सभापति सह धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने किया। इस मौके पर समिति के सदस्य सह बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो भी उपस्थित थे। इस दौरान समिति के सभापति ने क्रमवार सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति कार्य की समीक्षा की। विभागवार प्राप्त अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के आधार पर विभागीय पदाधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और कई आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिए। समिति ने पेयजलापूर्ति योजनाएं, शहरी जलापूर्ति योजनाएं, भूमि सुधार, खनन, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, खाद्य आपूर्ति, वन, श्रम, ग्रामीण कार्य, कल्याण, पथ निर्माण, पशुपालन सहित अन्य विभागों की समीक्षा की। समिति के सभापति राज सिन्हा ने सभी पदाधिकारियों को योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया। कई विभाग में आवंटन की कमी के कारण संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर राज्य मुख्यालय से इस पर बाबत पत्राचार करने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन आदि मौजूद थे।

## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के चिकित्सा आपके द्वार स्वास्थ्य शिविरों में लाभान्वित हुए 60 मरीज




धनबाद (आजाद सिपाही)। भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद की ओर से रविवार को बासमुडी, रंगोनी पंचायत बाघमारा प्रखंड के साथ ही टुंडी विधानसभा एवं गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र में रविवार की सुबह 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक स्वास्थ्य शिविर लगाये गए। जिसमें 60 पुरूष एवं महिला मरीजों ने स्वास्थ्य संबंधी सुझाव और दवाईयां ली। कार्यक्रम में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष श्वेतांबरा पाठक, वाहन नोडल पदाधिकारी देवेन्द्र कुमार, अनिल भगत, नोडल पदाधिकारी स्वास्थ्य डॉक्टर जिम्मी अभिषेक, डॉक्टर प्रमोद कुमार सिन्हा, आयुष डॉक्टर जालंधर सिंह, डॉक्टर जी एन ओझा, डॉक्टर बालेश्वर प्रसाद, आजीवन सदस्य सुभाष खेतान और कृष्ण कुमार वर्मा ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इस क्रम में बासमुडी में सभी का ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांच की गई। इसके बाद दवाइयां उपलब्धता अनुसार दी गयी। इस मौके पर बासमुडी रंगोनी पंचायत की उपमुखिया रुकमनी देवी, वार्ड पार्षद आरती देवी मौजूद रहीं।

# अपराधी कोई भी हो बख्शा नहीं जायेगा : वशिष्ठ नारायण




आजाद सिपाही संवाददाता

फुसरो/बेरमो। बेरमो एवं आसपास के थाना क्षेत्रों में अपराध पर लगाम लगाने और लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर बेरमो थाना में परिसर में रविवार को समीक्षा बैठक की गई। जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) वशिष्ठ नारायण सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने सभी थाना प्रभारी से लंबित मामलों और किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। बेरमो डीएसपी ने कहा कि नावाडीह, चंद्रपुरा और पेक नारायणपुर थाना में कुछ ऐसे हत्याकांड है जिसका उद्भेदन नहीं हुआ है। जिसको लेकर समीक्षा बैठक की गयी है। इन मामलों के लिए एक विशेष टीम बनाकर दो दिनों के अंदर जो भी हत्या में शामिल अपराधी हैं उसको जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया है। जिसे लेकर आज से ही अभियान चालू किया गया है। कहा कि बेरमो अनुमंडल को अपराध मुक्त बनाना हमारा लक्ष्य है। कोई भी अपराध करने वाले अपराधी को बक्सा नहीं जाएगा। बैठक में बेरमो सर्किल इंस्पेक्टर नवल किशोर सिंह, पुलिस निरीक्षक सह बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, नावाडीह थाना प्रभारी अमित सोनी, चंद्रपुरा थाना प्रभारी अजय सिंह, पेक नारायणपुर थाना प्रभारी नीतीश कुमार, बोकारो झरिया ओपी प्रभारी श्रीनिवाश सिंह, दुगदा थाना प्रभारी मनीष सिंह मौजूद थे।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार, 11 बाइक बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता





बोकारो। बोकारो के शहरी क्षेत्र में निरंतर बाईक चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने पुलिस उपाधिक्षक नगर के नेतृत्व में विभिन्न जगहों पर निरंतर छापामारी अभियान चला रखा है। इस बारे में सूचना एकत्रित की जा रही थी। इसी क्रम में बोकारो पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि कुछ बाईक चोर शहर में रेकी कर रहे हैं। वे बाईक चोरी करने की फिराक में है। इसकी सूचना तत्काल पुलिस अधीक्षक ने विशेष छापामारी दल को दी। जिसके बाद त्वरीत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो शातिर चोरों को पकड़ लिया, जिसमें एक बालक भी शामिल है। उसकी निशानदेही पर बोकारो शहर के अलग-अलग स्थानों से चोरी गई कुल 11 बाइक बरामद की गई। पकड़े गये चोरों की पहचान शिव कुमार (18) और पाणड मुंडा (45) के रूप में हुई है। पाणड़ मुंडा बोकारो जिले के सेक्टर-4 थाना और शिव कुमार पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के जयपुर थाना के कोटशिला ग्राम का रहने वाला है।

## हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए विधायक उमाकांत

बोकारो (आजाद सिपाही)। चंदनक्यारी विधायक उमाकांत रजक चास प्रखंड के कुमारदागा एवं सिजुआ में सौलहआना कमेटी की ओर से आयोजित हरि संकीर्तन में शामिल हुए। विधायक ने राधाकृष्ण की पूजा की एवं ग्रामीणवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की। इसके पूर्व कमेटी के सदस्यों ने विधायक का स्वागत किया। वहीं, उमाकांत रजक ने कहा कि हरिनाम जाप से मन एवं मस्तिष्क को शांति मिलती है। कहा कि भक्ति में ही शक्ति है। इस मौके पर जिप सदस्य राजेश कुमार महतो, किरण चंद्र मांझी, राजकिशोर महतो, लखीपद राय, मनोज दास, संजय दास, बनमाली उरांव, जीता उरांव, जगबंधु प्रमाणिक, निरोध वरण गोराई, मोहितोष मंडल, मनोज गोराई, राधु गोराई, लक्ष्मीकांत गोराइ आदि उपस्थित थे।

### बेरमो विधायक ने पांच करोड़ की लागत से होने वाले सड़क मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया

# मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता: अनूप सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



पिछरी/बेरमो। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने रविवार को झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल बोकारो जिला के पेटरवार प्रखंड अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढीकरण योजना मद से स्वीकृत लगभग पांच करोड़ रुपए की लागत से पथ मरम्मती कार्य का शिलान्यास ऑनलाइन किया। विदित हो कि विधायक के पैर में चोट लगने के कारण व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके और ऑनलाइन शिलान्यास किया। इमें पिछरी दक्षिणी पंचायत के पुरनाटांड़ से रामसिंह बेड़ा तक लगभग 1.25 करोड़ की लागत से 2.8 किलोमीटर सड़क मरम्मती, खेडहो बस्ती आदिवासी टोला से मैथन टुंगरी अंगवाली तक सड़क मरम्मती, बोरखापानी से झुंझको तक पथ का सुदृढीकरण, पेटरवार प्रखण्ड अंतर्गत खेतको आरईओ पथ पिपराडीह मोड कसाही बेलडीह होते हुए गरी तक पथ का सुदृढीकरण, अंगवाली पथ नावाडीह मोड़ से नावाडीह तक पथ सुदृढीकरण कार्य शामिल है। इस अवसर पर विधायक कुमार जयमंगल ने ऑनलाइन संबोधित किया। इसके बाद विधायक प्रतिनिधि परवेज अख्तर, अभय ठाकुर, पेटरवार प्रखंड अध्यक्ष शाबीर अंसारी, पिछरी उतरी पंचायत अध्यक्ष गणेश मिश्रा, दक्षिणी पंचायत अध्यक्ष हीरालाल रविदास व पूर्व पंसस रोहित सिंह आदि ने शीलापट्ट के समीप नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। बेरमो विधायक ने कहा कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है जिसके तहत तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। कहा कि क्षेत्र के लगातार विकास के लिए और कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने के लिए शिलान्यास कर रोजगार देने काम कर रहे हैं। जल्द कार्य चालू होने से ग्रामीण क्षेत्र में मजदूरों को काम भी मिल रहा है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के समग्र विकास को एक नई दिशा और गति प्राप्त होगी। इस मौके पर हाजी अब्बुल कलाम, परवेज अख्तर, आदर्श उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक धनेश कुमार महतो, कांग्रेस नेता मुखिया साबिर अंसारी, अभय ठाकुर, मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, मनीष मिश्रा, जागेश्वर टुडू, रफीक अंसारी, बबलु सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, समसुल असांरी, चंदन मिश्रा, राजेंद्र पाल, मो सफीक असांरी, गणेश मिश्रा, मनीष मिश्रा, रोहित सिंह,जयलाल महतो आदि थे।

# इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



धनसार (आजाद सिपाही)। लाह्बेरा मांझी बस्ती बीसीसीएल प्राथमिक विद्यालय भवन में रविवार को आईजीएस संस्था की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में धनसार थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडे उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि स्लम एरिया के छात्र-छात्राओं के लिए संस्था बेहतरीन कार्य कर रही है। संस्था में गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ पढ़ाई के लिए प्रेरित करते रहना सराहनीय कदम है। वहीं, इंटर परीक्षा में 91.4 फीसदी अंक लाने वाले संस्था के सागर कुमार को 10 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। जबकि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली रानी कुमारी, शिवम कुमार, लाली कुमारी सहित अन्य 10 बच्चों को पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। संस्था के संचालक जितेंद्र कुमार ने कहा कि संस्था वर्षों से स्लम एरिया के बच्चों को प्रबुद्ध समाज सेवी के सहयोग से शिक्षा उपलब्ध करा रही है। इस मौके पर झामुमो नेता किशोर मुर्मू, शंकर मंडल, शशिकांत कुमार, बंटी कुमार एवं बीसीसीएल की महिला सवाल ऑपरेटर रामरती देवी उपस्थित थीं।

# कोलंबिया : नाबालिग ने राष्ट्रपति उम्मीदवार के सिर में गोली मारी, अस्पताल में हुई सर्जरी

**बोगोटा (एजेंसी)।** साउथ अमेरिकी देश कोलंबिया में राष्ट्रपति उम्मीदवार मिगुएल उरीबे को चुनाव प्रचार के दौरान गोली मार दी गयी। अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। द गार्डियन के मुताबिक पहले फेज की सर्जरी की पूरी हो गयी है। हालत नाजुक बनी हुई है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक उरीबे को तीन गोलियां लगी है। इनमें से एक गोली के उनके सिर में लगने की खबर है। उरीबे राजधानी बोगोटा में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। कोलंबिया में 2026 में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। मिगुएल उरीबे राष्ट्रपति पद के प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। पुलिस ने 15 साल के आरोपी हमलावर को मौके से गिरफ्तार कर लिया है।

Saddam 7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाईकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है।
फाइनेंस उपलब्ध है
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
9th | 10th
CBSE | ICSE | JAC
11th | 12th
CBSE | ICSE | JAC
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

ADMISSION OPEN
50 % OFF
TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom KOKAR

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO
Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES
धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानि पद्धति द्वारा
ADCA
DCA
DTP
C++
Typing
Tally With GST
Advance Excel
सब पढ़ाते है हम सिखाते हैं।
Daily Practical LAB
Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

Mehta Hotel
MUTTON CHAWAL
CHICKEN TANDOORI
CHICKEN CHAWAL
PARATHA
BIRYANI
FISH CHAWAL
VEG THALI
TAWA ROTI
DRINK & BEVERAGES
Laxmi Tower, Near Maheshwari Hotel, Ranchi
9771477499

!! श्री गणेशाय नमः !!
!! जय थावें वाली मईया !!
पं. शम्भुनाथ उपाध्याय
मिलने का समय :
दिन सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक
दिन रविवार
समय : सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बानों मंजिल रोड, रांची-834001
9431585446 | 7903633179

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab
Scientific-Spark, Eurofit
Yogakids, Euro-Music, Mindful+
ENROL NOW! 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

भारत के सबसे विश्वसनीय फर्नीचर ब्रांड Geeken लाए हैं स्टील अलमारियाँ जो चलें आपके साथ सालों साल
Geeken
J.K. SALES
Hehal, Near Lakdi Tall, Piska More, Ranchi M. 9386070011, 9386070051

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery
Nursery
KG - I
KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target.
NDA Foundation (11th & 12th)
NDA Pre Foundation (8th & 10th)
CDS/MNS/AF
CPMF
Director & Mentor Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex, East Jail Road, Lalpur, Ranchi

WELCOME TO KIDS SECOND HOME
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN 8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

JAISWAL CCTV
अपने शहर राँची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM
BIOMETCRICS
CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

Glossy Jewels
अब आपके शहर राँची में स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे।
Special offer :
Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
7667873439

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान
खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए
सम्पर्क करें
मो. 8102553784 9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें ।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

Mob.: 9523367777 9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009

100% आयुर्वेदिक 100% इलाज
आयुर्वेदिक अपनाएँ खुशहाल जीवन पाएँ ।
शुगर / बी. पी / थाइरॉड / जोड़ो में दर्द / खूनी बवासीर / खाँसी / दम्मा / साँस का रोग/T.V. / मोटापा का 100% इलाज / लकवा साईटिका / पथरी का 100% ईलाज / दाद / खाज / खुजली / बालों का झड़ना सभी प्रकार का ईलाज किया जाता है ।
यहाँ मशीन के द्वारा भी चेकअप किया जाता है ।
जोड़ों का दर्द में 24 से घंटे में रिजल्ट देखें 100%
7296007167
NH.33 अनान्दी, ओरमाँझी, रांची, झारखण्ड

MEENA GENERAL HOSPITAL
(A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES
Anesthesiology.
Critical Care.
Dental.
Internal Medicine.
Lab & Radiology.
Obstetrics & Gynecology
Ophthalmology
Pediatrics & Neonatology.
Urology.
General Surgery.
Orthopedics & Trauma.
Physiotherapy.
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza, P.s.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

Dr. Anup's
HLCCS राँची में
स्किन एवं लेजर सेन्टर
चर्म रोग चिकित्सा केन्द्र
सभी प्रकार के चर्म रोग एवं गुप्त रोग एवं कॉस्मेटिक सर्जरी के लिए सम्पर्क करें।
Mob. 09334334935, 09431529553
हरमू बाई पास रोड, पुरण विहार Opp. माही रेस्टोरेन्ट, अरगोड़ा, रांची-834002

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP
Play Group - 2 to 3 years
Nursery - 3 to 4 years
L.K.G - 4 to 5 years
U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS
NAGRI - BUKRU (NEAR JATRA MAIDAN) KANKE, RANCHI (JH.) 834006
REGISTER NOW
CONTACT NO.
+91-9334814668
+91-9798295759
WEBSITE :bpsranchi.com
EMAIL ID : bubuplayschool2025@gmail.com

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
बैटरी स्कूटी
कम लागत
कम रखरखाव
लाइसेंस मुक्त
एक साल की वारंटी
60 किलोमीटर रेंज
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**